Vol.25, Issue 2 | Annual Subscription ₹ 480

दसंबर 2025

@NewsRotary /RotaryNewsIndia

रोटरी समाचार

भारत

www.rotarynewsonline.org

TEJAS WINGS OF CHANGE

'तेजस' के नेतृत्वकर्ता



इंस्टीट्यूट कन्वीनर रो ई निदेशक के पी नागेश और इंस्टीट्यूट चेयर पीडीजी शरत जैन।

चित्र: रशीदा भगत

विषयसूची

12

संगठित और शांतिपूर्ण समुदायों के निर्माण का संकल्प

18

उच्च स्तर की सलाह

20

क्या निदेशकों का कार्यकाल तीन वर्ष का होना चाहिए?

28

पोलियो योद्धाओं का सम्मान

36

200 महिलाओं को समर्थ बनाना

42

अभी ना जाओ छोड़कर...

48

रोटेरियन बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए

ई-संस्करण अपनाएं। पर्यावरण बचाएं।

ई-संस्करण दर हुई कम

1 जुलाई 2024 से हमारी ई-संस्करण सदस्यता ₹420 से संशोधित कर **₹324** कर दी गई हैं।

Rotary

A publication of Rotary Global Media Network

अध्यक्ष की ज़ुबानी

स्वास्थ्य और खुशी के लिए

रोटरी पत्रिका का इस महीने का विशेष अंक पूरी तरह से खुशी के बारे में है, जो मानवीय आकांक्षाओं का सबसे बुनियादी हिस्सा है। हालाँकि, एक भावना से ज़्यादा, सकारात्मक कल्याण की इस स्थिति और इसे बनाने और बनाए रखने के लिए आवश्यक परिस्थितियों को एक सार्वभौमिक अधिकार माना जाना चाहिए।

दिसंबर महीना रोटरी में रोग निवारण और उपचार माह के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान हम अपने सदस्यों द्वारा किए जा रहे उन कामों को उजागर करते हैं, जिनका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य सहित लोगों के स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बेहतर बनाना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की हाल की एक रिपोर्ट बताती है कि दुनिया में हर 7 में से लगभग 1 व्यक्ति किसी न किसी मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहा है। फिर भी, अवसाद से पीड़ित केवल 9 प्रतिशत लोगों को ही सही और पर्याप्त इलाज मिल पाता है।

रोटरी में हम भाग्यशाली हैं कि हमारे पास भावनात्मक कल्याण और खुशी को बढ़ावा देने का एक शक्तिशाली माध्यम है: दोस्ती। रोटरी में हम जो संबंध बनाते हैं, वे बदलाव के लिए एक शक्तिशाली बल बन सकते हैं। मैं इसे अपने व्यक्तिगत अनुभव से जानता हूँ।

जब मेरे साथी सदस्यों ने पहली बार मुझे क्लब अध्यक्ष बनने का प्रस्ताव दिया, तो मैंने मना कर दिया। मैं हकलाता था। मुझे बोलने में डर लगता था। लेकिन क्लब के सदस्यों ने मेरा साथ दिया और मुझे स्नेह से घेर लिया, जिससे मुझे अपने डर का सामना करने का मौका मिला, और धीरे-धीरे मुझे भीड़ के सामने आत्मविश्वास से खड़े होकर बोलना सीख गया।

आज मैं अपनी मातृभाषा न होने के बावजूद नियमित रूप से हज़ारों लोगों को संबोधित करता हूँ। रोटरी के सदस्यों ने मेरे जीवन में ऐसा बदलाव लाने में मेरी मदद की है, जो हमेशा के लिए मेरे भीतर बस गया है।

यह फ़ेलोशिप हमें दुनिया में स्थायी बदलाव लाने का हौसला और साधन भी देती है, और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की सख़्त ज़रूरत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया भर में सरकारें अपने स्वास्थ्य बजट का औसतन केवल 2 प्रतिशत ही मानसिक स्वास्थ्य पर खर्च करती हैं, और उस धनराशि का केवल 11 प्रतिशत ही सामुदायिक सेवाओं तक पहुँच पाता है। कुछ देशों में, प्रति 1,00,000 लोगों पर केवल एक प्रशिक्षित मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर उपलब्ध है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस अंतर को पाटने के लिए रणनीतिक और तत्काल कार्रवाई का आह्वान किया है।

रोटरी अपने क्लबों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देकर, स्थानीय स्वास्थ्य प्रणालियों के साथ मिलकर काम करके, सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के प्रशिक्षण के लिए धन मुहैया कराकर, और उन पहलों का समर्थन करके इस आह्वान का उत्तर दे सकता है जो उन जगहों पर देखभाल पहुँचाती हैं जहाँ कोई देखभाल उपलब्ध नहीं है। मानसिक स्वास्थ्य में छोटे-छोटे निवेश भी उत्पादकता, जन स्वास्थ्य और खुशी में भारी लाभ देते हैं।

दुनिया में स्थायी बदलाव लाते हुए, हम एक-दूसरे का ख्याल रखना नहीं भूल सकते। पूर्व रो ई अध्यक्ष गॉर्डन मेकिन्ली समझदारी से याद दिलाते हैं कि हमें सिर्फ आप कैसे हैं? पूछकर रुक नहीं जाना चाहिए, बल्कि आप वास्तव में कैसे हैं? यह भी पूछना चाहिए। एक-दूसरे का हाल जानना और साथ देना हमारा कर्तव्य है।

जैसे ही हम नई संभावनाओं से भरे नए साल में कदम रख रहे हैं, आइए हम सब मिलकर *भलाई के लिए एकजुट* हों – ताकि हर किसी को उपचार, मित्रता और खुशी मिल सके।

फ्रांसेस्को अरेज़ो
अध्यक्ष, रोटरी इंटरनेशनल

मूल्यवान इंस्टिट्यूट

ज़ोन इंस्टिट्यूट हमेशा कुछ अविश्वसनीय कहानियाँ सुनने का बेहतरीन अवसर होता है, ऐसे साधारण लोगों की कहानियाँ जिन्होंने असाधारण कार्य करके ज़रूरतमंदों की मदद के लिए हाथ बढ़ाया। दिल्ली के तेजस इंस्टिट्यूट में भी लगभग 1400 प्रतिभागियों को ऐसे ही कुछ प्रेरणादायक व्यक्तियों से मिलने का अवसर मिला। लेकिन इस बार दो वक्ता ऐसे थे जिन्होंने सभी को मंत्रमुग्ध और नि:शब्द कर दिया और दोनों ही भारतीय सेना से थे - पहले, कैप्टन रघु रामन, जिन्होंने *26,000 फ़ीट पर नेतृत्व* विषय पर प्रेरक वक्तव्य दिया और दूसरे, ब्रिगेडियर डी एस बसेरा, जो विशिष्ट सेवा पदक से सम्मानित हैं तथा वर्तमान में रक्षा मंत्रालय के केन्द्रीय साइनिंग बोर्ड के सचिव के रूप में कार्यरत हैं, जो पूर्व सैनिकों और शहीद सैनिकों के परिवारों के कल्याण की जिम्मेदारी संभालते हैं।

कैप्टन रमन ने स्तब्ध दर्शकों को एक जीवंत चित्र दिखाया कि सियाचिन ग्लेशियर में 21,000 फ़ीट से ऊपर ज़िंदगी कैसी होती है, जहाँ तापमान माइनस 20-25 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाता है और यदि विंड-चिल फ़ैक्टर जोड़ दें तो उससे भी कम हो जाता है। वीडियो क्लिप्स के माध्यम से उन्होंने दिखाया कि गश्त लगाने वाले सैनिक 15-20 किलोग्राम वज़न के पैक के साथ अपनी राइफल लेकर चलते हैं। जहाँ सामान्य परिस्थितियों में दिल्ली से द्वारका के गश्त में 3-4 घंटे लगते हैं, वहीं ग्लेशियर में यही दूरी तय करने में 4 दिन लग जाते हैं।

उन्होंने बताया कि ऐसी असंभव भौगोलिक परिस्थितियों में नेतृत्व कितना कठिन है जहाँ सुबह की एक कप चाय बनाने के लिए भी सैनिक को कंक्रीट जैसी सख़्त बर्फ़ को कुल्हाड़ी से तोड़कर उसे पतीले में डेढ़ घंटे तक गरम करना पड़ता है। सैनिकों के कपड़े पूरी तरह काले हो जाते क्योंकि ग्लेशियर पर जीवन का असली 'लिक्विड गोल्ड' था, केरोसिन। खाना या पानी न मिले तो भी हफ़्तों जिया जा सकता है लेकिन केरोसिन के बिना एक रात भी नहीं निकल सकती क्योंकि अगर रात में आपके बाढ़े की *बुख़ारी* बुझ गई तो सुबह आप बर्फ़ की ट्रे जैसे जमे हुए मिलेंगे। ऐसी जगह पर उन सैन्य जनरलों को नेतृत्व करना होता है, जो अपने जवानों को युद्ध में ले जाते हैं बिना ESOPs, बिना वेतन-वृद्धि, बिना 'एम्प्लॉई ऑफ़ द मंथ' पुरस्कार और बिना किसी बोनस के, उन्होंने व्यंग्य के साथ कहा।

एक भावपूर्ण भाषण में ब्रिगेडियर बसेरा ने रोटेरियनों को बताया कि सशस्त्र बल किस तरह नाम (देश), नमक (मिट्टी) और निशान (तिरंगा) के लिए लड़ते हैं। इसी वजह से हम निर्भीक होते हैं। अगर हम जीवित हैं, तो हमारे सीने पर मेडल होते हैं। और यदि हम शहीद हो जाएँ तो हमारा नाम इंडिया गेट के पीछे स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर सुनहरे अक्षरों में लिखा जाता है। हर दिन हज़ारों लोग हमें याद करते हैं। इससे बड़ा सम्मान क्या हो सकता है कि हम राष्ट्रीय ध्वज में लिपटे हुए इस दुनिया से विदा हों?

हालाँकि सिर्फ़ ये दो वक्ता ही प्रतिभागियों को पैसा वसूल अनुभव देने के लिए काफ़ी थे, फिर भी दो और सत्र विशेष रूप से यादगार रहे, जिनमें पहला था *ऐट द क्रॉसहेयर्स,* जहाँ पूर्व रो ई अध्यक्ष के आर रविंद्रन ने वर्तमान रो ई अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, रो ई बोर्ड के दो भारतीय निदेशकों और एक टीआरएफ न्यासी से कुछ पेचीदे प्रश्न पूछे जैसे, 'रोटरी को वास्तव में कौन चलाता है - रो ई मंडल या स्टाफ़!' दूसरा उल्लेखनीय सत्र वह था, जिसमें भारत के तीन पोलियो वॉरियर्स - पीआरआईडी अशोक महाजन, पीडीजी दीपक कपूर और पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर हर्ष वर्धन को सम्मानित किया गया और उन्होंने अपनी प्रेरणादायक पोलियो उन्मूलन यात्रा साझा की।

सोने पर सुहागा यह था कि हर प्रतिभागी को अपनी स्वयं की कार मिली, जिससे Uber या Ola से आने-जाने की ज़रूरत ही समाप्त हो गई। शाम के सत्र तो शानदार भोजन, संगीत और नृत्य से भरपूर थे। और निश्चित ही, महिलाएँ लोकप्रिय योग प्रशिक्षक सौरभ बत्रा से मिलने के लिए लाइन लगाकर खड़ी रहीं।

कुल मिलाकर प्रदूषण से भरे दिल्ली के इस सफ़र ने अंततः बेहद आनंददायक अनुभव प्रदान किया।

रशीदा भगत

रोटरी न्यूज़ के उत्कृष्ट अंक

रोटरी न्यूज़ के हाल के अंक वाकई उल्लेखनीय रहे हैं। हमारे रोटरी जगत में बहुत कुछ हो रहा है, बहुत से लोग कई जगहों पर उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। और आपकी रिपोर्टिंग इसे ऐसे प्रस्तुत करती है जैसे हम कोई थ्रिलर पढ़ रहे हों! आपको और आपकी टीम को शुभकामनाएं। अच्छा करते रहिए।

पीआरआईपी कल्याण बेनर्जी

हमारी एईडी परियोजना पर लिखे गया आपके लेख को पढ़कर बहुत खुशी हुई। यह बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत किया गया है और इससे कार्डियक अरेस्ट, उसके लक्षणों की पहचान तथा आसपास के लोगों द्वारा सही प्रतिक्रिया देने के बारे में जागरूकता बढ़ेगी।

डॉ अक्षय मेहता

रोटरी क्लब बॉम्बे एयरपोर्ट - मंडल 3141

20 जुलाई एक स्वर्णिम दिन है, जिसे हमारे रोटरी मंडल 3000 के इतिहास में दर्ज किया जाएगा। हमारे मित्र विजयलायन और उनकी टीम के प्रयासों और सावधानीपूर्वक किए गए नियोजन के कारण, एक नए क्लब - रोटरी क्लब तिरुचिरापल्ली - की स्थापना की गई।

उन रोटेरियन को बधाई जिन्होंने सदस्य-संख्या के मामले में रोटरी कलब चेन्नई आइकॉन्स को पीछे छोड़ दिया। उनका अगला लक्ष्य 555 सदस्यों वाले एक नया रोटरेक्ट क्लब बनाना है। डीजी कार्तिक के लिए, यह नया क्लब उनके रोटरी करियर में एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

एस मोहन

रोटरी क्लब मदुरई वेस्ट - मंडल 3000

आपका नवंबर अंक में प्रकाशित लेख *RYLA बदल रहा है अकोला के बच्चों की सोच* बहुत अच्छी तरह लिखा गया है।

अपने गवर्नर्स से मिलिये कॉलम में, डीजी सदस्य को रोके रखने, मैत्री, टीआरएफ में उनके योगदान, प्रमुख दानकर्ता बनने आदि पर बात करते हैं। अब समय आ गया है कि हम रोटेरियन नए तरीकों से सोचें और सेवा के स्वरूप को इस प्रकार पुनर्गठित करें कि हमारी समुदायों के वंचित लोगों को स्थायी लाभ मिले।

रोटरी के सदस्यों को आत्मचिंतन करना चाहिए कि वे रोटरी में क्यों हैं; उन्हें स्वयं को भाग्यशाली समझना चाहिए कि वे रोटरी जैसे संगठन का हिस्सा हैं जो उन्हें व्यापक स्तर पर दूसरों के लिए अच्छा करने का अवसर देता है, क्योंकि उनके साथ बड़ी संख्या में अन्य रोटेरियनों का सहयोग होता है। एक बार सदस्यों को यह समझ में आ जाए, तो संगठन छोड़ने का प्रश्न ही नहीं उठेगा और सदस्य-स्थिरता पर चर्चा की आवश्यकता नहीं बचेगी।

राधेश्याम मोदी

रोटरी क्लब अकोला - मंडल 3030

नवंबर अंक में एलबीडब्ल्यू कॉलम में प्रकाशित *मेहमान और शिकायतें* लेख पढ़ने में बहुत रोचक था। मुझे विश्वास है कि कई पाठक उसे अनदेखा कर गए होंगे। लेख अत्यंत व्यावहारिक और ध्यान आकर्षित करने वाला है। साथ ही, पुल और जीन हैरिस होम के नवीनीकरण के लिए रो ई निदेशक मुरुगानंदम का योगदान बेहद सराहनीय एवं प्रशंसनीय है।

पीयूष दोशी, रोटरी क्लब बेलूर - मंडल 3291

हम आपकी प्रतिक्रियाओं का स्वागत करते है। अपनी प्रतिक्रियाएं ***rotarynews@rosaonline.org*** या ***rushbhagat@gmail.com*** पर संपादक को मेल कीजिए। ***rotarynewsmagazine@gmail.com*** पर उच्च रेसोल्यूशन वाली तस्वीरें अपनी परियोजना के विवरण के साथ मेल कीजिए। आपके क्लब/मंडल परियोजनाओं के संदेश, Zoom मीटिंग/वेबिनार पर जानकारी और उसके लिंक केवल संपादक को ई-मेल द्वारा ***rushbhagat@gmail.com*** या ***rotarynewsmagazine@gmail.com*** पर भेजे जाने चाहिए।

WhatsApp पर भेजे संदेशों पर विचार नहीं किया जाएगा।

बैटी करुणाकरन अब नहीं रहीं

बैटी करुणाकरन, जो शांत शक्ति और गरिमामय सौम्यता की प्रतीक थी, और पीडीजी रेवी करुणाकरन की पत्नी थी, अक्टूबर में इस दुनिया को छोड़ गईं। अलप्पुळा में उनका 100 वर्ष पुराना घर अनोखा था। उसमें सामने का कोई दरवाज़ा नहीं था - और यह कोई भूल नहीं थी, बल्कि अपने आस-पड़ोस के लोगों के स्नेह और सुरक्षा पर उनके विश्वास का प्रतीक था।

2003 में रेवी के निधन के बाद, बैटी ने परिवार के व्यवसाय और परोपकारी कार्यों की ज़िम्मेदारी संभाली और रोटरी में गहराई से जुड़ गईं। वह आर्च क्लम्प सोसाइटी की एक सदस्य थीं, रोटरी सम्मेलनों और संस्थानों में नियमित रूप से उपस्थित रहती थीं और अपनी प्रिय मित्र उषा साबू के साथ अक्सर दिखती थीं। उन्होंने केरल में प्रेम और विरासत को समर्पित सबसे सुंदर स्मारकों में से एक - रेवी करुणाकरन मेमोरियल म्यूज़ियम - का निर्माण करवाया।

28,000 वर्ग फुट में फैला यह संग्रहालय, स्वारोवस्की क्रिस्टल, हाथीदांत की कलाकृतियों, पोर्सिलेन और विभिन्न संस्कृतियों की धार्मिक कला के दुनिया के सबसे बड़े निजी संग्रहों में से एक को प्रदर्शित करता है। जब उन्होंने नई इमारत का उद्घाटन किया, तो स्वारोवस्की ने उन्हें स्वारोवस्की क्रिस्टल से सजी एक साड़ी भेंट की थी!

कवर पर: *रोटरी ज़ोन इंस्टिट्यूट में एक संस्कृतिक कार्यक्रम।*

निदेशक का संदेश



नई कल्पना करें

दिसंबर हमें ठहरकर सोचने का अवसर देता है। इस ठहराव में हमें वह बात याद आती है जिसे रोटरी हमेशा से अच्छी तरह समझता आया है: अच्छी सेहत ही गरिमा और अवसरों से भरी ज़िंदगी की पहली सीढ़ी है। हमारे सभी ज़ोन में क्लब हर दिन इसे संभव बनाने में लगे हैं-जांच शिविरों, टेली-हेल्थ सहायता, कैंसर का पता लगाने की पहल, मानसिक स्वास्थ्य आउटरीच, और अनगिनत ऐसे प्रयासों के ज़रिए, जो चुपचाप परिवारों में विश्वास और स्थिरता वापस लाते हैं।

जब हम अपने समुदायों की बात ध्यान से सुनते हैं, तो आगे का रास्ता अक्सर आसान हो जाता है: जल्दी कार्रवाई करें, समझदारी से काम लें, और लोगों को केंद्र में रखकर काम करें। रोकथाम आज भी हमारी सबसे बड़ी ताकत है – समय पर जानकारी, नियमित जाँच, सुरक्षात्मक टीकाकरण, और ऐसी बातचीत जो परिवारों को सही निर्णय लेने में मदद करती है। स्वास्थ्य को मजबूत बनाना, दरअसल भविष्य को मजबूत बनाना है।

जैसे-जैसे हमारा काम बढ़ता है, हमारी साझेदारियाँ भी उसके साथ बढ़नी चाहिए। नया *सी एस आर-1 ढाँचा* इस विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। कंपनियाँ तेज़ी से हर बातचीत की शुरुआत एक बुनियादी सवाल से कर रही हैं: क्या आप सी एस आर-1 के नियमों का पालन करते हैं? नियमों का पालन करना सिर्फ़ औपचारिकता नहीं है; यह दिखाता है कि रोटरी तैयार है, पारदर्शी है, अच्छी तरह चल रही है और लंबे समय तक असरदार काम कर सकती है। चाहे आप पहली बार आवेदन कर रहे हों या नवीनीकरण का प्रबंधन कर रहे हों, सी एस आर-1 को एक ज़रूरी कदम समझें। यह स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, पर्यावरण, तकनीक और कौशल के क्षेत्र में नए अवसर खोलता है – और हम चाहते हैं कि हम इन मौक़ों का आत्मविश्वास से उपयोग करें।

दिल्ली में आयोजित **तेजस, रोटरी ज़ोन इंस्टीट्यूट 2025** में हमें फिर याद दिलाया गया कि सामूहिक प्रयास वास्तव में कैसा दिखता है। यह इंस्टीट्यूट कई लोगों के एक ही उद्देश्य के साथ मिलकर काम करने का सुंदर उदाहरण था। सार्थक सत्र, रोटरेक्ट, इंटरेक्ट और इनर व्हील की भागीदारी, और हर प्रतिनिधि के प्रति दिखाई गई गर्मजोशी, इन सबने ऐसा माहौल बनाया जहाँ विचार खुलेपन से आगे बढ़ सके। मैं आयोजन टीम, स्वयंसेवकों, अतिथियों और सभी प्रतिनिधियों का आभारी हूँ – तेजस की सफलता आप सबकी है। इसने एक बार फिर दिखाया कि जब अच्छी तैयारी और सामूहिक इच्छा एक साथ आती है, तो रोटरी क्या कुछ कर सकती है।

जैसे हम कैलेंडर वर्ष को समाप्त कर रहे हैं और अपनी रोटरी यात्रा के पहले छह महीने पूरे कर रहे हैं, यह हमारी ऊर्जा को फिर से केंद्रित करने और अपनी प्राथमिकताओं को नए सिरे से तय करने का सही समय है। आइए सार्थक भागीदारी के माध्यम से समर्पित नए सदस्यों का स्वागत करें, और उदार योगदान देकर द रोटरी फ़ाउंडेशन को मजबूत बनाएं। साथ ही, भागीदारी को और गहरा करें ताकि हर रोटेरियन खुद को मूल्यवान, जुड़ा हुआ और प्रेरित महसूस करे। आइए अपने क्लबों और टीमों को भी नई ऊर्जा दें, ताकि हमारे सबसे अच्छे विचार साझेदारों के सहयोग से प्रभावी, दीर्घकालिक प्रोजेक्ट बन सकें, ऐसे साझेदार जो हमारे विश्वास और उद्देश्य को साझा करते हों।

अगर दिसंबर हमें एक बात याद दिलाए, तो वह यह हो: जब भी हम किसी समुदाय को मजबूत बनाते हैं, हम मानवता को मजबूत करते हैं, एक-एक सोच-समझकर किए गए कदम के साथ।

के पी नागेश
रो ई निदेशक, 2025-27

2026 Convention

Why I attend

" Where else do you have this many countries working together? That's peace. It's like you're traveling the world but you are in one place."

Gathered tips to make her traditional noontime club more accessible



Robin Hollingsworth,
Rotary Club of Franklin, Kentucky

" I am looking for what projects others are doing, how they go about it, and how different that is from what we are doing."

Used her convention time to "cross-fertilize" ideas with global members

Levina Owusu,
Rotary Club of Accra, Ghana



" No matter what we do, we can't get this energy at our club or sitting in a district conference.
It has to happen here at the convention."

Impressed by a breakout session on using artificial intelligence to boost project results



Nitesh Joshi,
Rotary Club of St. Albans-Verulamium, England

Members can't help but smile when you ask why they attend the Rotary International Convention. They're uplifted by celebrated speakers, bubbling with ideas from learning sessions, and joyful when handshakes turn into friendships. These first-time attendees this year shared why you don't want to miss the convention June 13–17 in Taipei.

Register now at convention.rotary.org.

गवर्नर्स काउंसिल

RID 2981	लियोन जे
RID 2982	शिवसुंदरम पी
RID 3000	कार्तिक जे
RID 3011	रविंदर गुगनानी
RID 3012	अमिता अनिल मोहिंदरू
RID 3020	कल्याण चक्रवर्ती वाई
RID 3030	ज्ञानेश्वर शेवाळे
RID 3040	सुशील मल्होत्रा
RID 3053	निशा शेखावत
RID 3055	निगमकुमार एल चौधरी
RID 3056	प्रज्ञा मेहता
RID 3060	अमरदीप सिंह बुनेत
RID 3070	रोहित ओबेरॉय
RID 3080	रवि प्रकाश
RID 3090	भूपेश मेहता
RID 3100	नितिन कुमार अग्रवाल
RID 3110	राजेन विद्यार्थी
RID 3120	अशुतोष अग्रवाल
RID 3131	संतोष मधुकर मराठे
RID 3132	सुधीर वी लातुरे
RID 3141	मनीष मोटवानी
RID 3142	हर्ष वीरेंद्र मकोल
RID 3150	राम प्रसाद एस वी
RID 3160	रविंद्र एम के
RID 3170	अरुण डैनियल भांडारे
RID 3181	रामकृष्ण पी करन
RID 3182	पलक्शा के
RID 3191	श्रीधर बी आर
RID 3192	एलिज़ाबेथ चेरियन परमेश
RID 3203	धनासेकर बी
RID 3204	बिजोश मैनुअल
RID 3205	रमेश जी एन
RID 3206	चेल्ला के राघवेन्द्रन
RID 3211	टीना एंटनी कुन्नुमकल
RID 3212	जे धिनेश बाबू
RID 3231	वी सुरेश
RID 3233	डी देवेंद्रन
RID 3234	विनोद कुमार सराओगी
RID 3240	कामेश्वर सिंह एलांगबम
RID 3250	नम्रता
RID 3261	अमित जायसवाल
RID 3262	मनोज कुमार त्रिपाठी
RID 3291	रामेन्दु होमचौधुरी

प्रकाशक एवं मुद्रक **पी टी प्रभाकर**, 15 शिवास्वामी स्ट्रीट, मायलापोर, चेन्नई - 600004, रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट के लिए रासी ग्राफिक्स प्राइवेट लिमिटेड, 40, पीटर्स रोड, रोयापेट्टा, चेन्नई - 600014 से मुद्रित एवं रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट, दुगड़ टावरस, 3rd फ्लोर, 34 मार्शलस रोड, एगमोर, चेन्नई - 600008 से प्रकाशित। संपादक: **रशीदा भगत**

योगदान का स्वागत है लेकिन संपादित किया जाएगा। प्रकाशित सामग्री का आरएनटी की अनुमति सहित, यथोचित श्रेय देते हुए प्रयोग किया जा सकता है।

Website

न्यासी मंडल

एम मुरुगानंदम RID 3000
रो ई निदेशक और अध्यक्ष
रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट

के पी नागेश RID 3191
रो ई निदेशक

डॉ भरत पांड्या RID 3141
टीआरएफ ट्रस्टी

राजेंद्र के साबू RID 3080
कल्याण बेनर्जी RID 3060
शेखर मेहता RID 3291
अशोक महाजन RID 3141
पी टी प्रभाकर RID 3234
डॉ मनोज डी देसाई RID 3060
सी भास्कर RID 3000
कमल संघवी RID 3250
डॉ महेश कोटबागी RID 3131
ए एस वेंकटेश RID 3234
राजु सुब्रमण्यन RID 3141
अनिरुधा रॉयचौधरी RID 3291
गुलाम ए वाहनवती RID 3141

कार्यकारी समिति के सदस्य (2025-26)

रोहित ओबेरॉय RID 3070
अध्यक्ष, गवर्नर्स काउंसिल

ज्ञानेश्वर शेवाळे RID 3030
वाईस चेयरमेन, गवर्नर्स काउंसिल

एम के रविंद्र RID 3160
सचिव, गवर्नर्स काउंसिल

चेल्ला के राघवेन्द्रन RID 3206
कोषाध्यक्ष, गवर्नर्स काउंसिल

संपादक
रशीदा भगत

उप संपादक
जयश्री पद्मनाभन

प्रशासन और विज्ञापन प्रबंधक
विश्वनाथन के

रोटरी न्यूज़ ट्रस्ट
3rd फ्लोर, दुगर टावर्स, 34 मार्शल रोड, एग्मोर
चेन्नई 600 008, भारत
फोन: 044 42145666
rotarynews@rosaonline.org
www.rotarynewsonline.org

Magazine

फाउंडेशन ट्रस्टी अध्यक्ष का संदेश

एक बड़े पैमाने पर

2020-21 में रो ई अध्यक्ष के रूप में, मैंने प्रोग्राम्स ऑफ़ स्केल नामक एक नई पहल के लिए हमारी आशाओं को साझा किया था। उस समय बोए गए बीज अब अद्भुत परिणाम दे रहे हैं।

प्रोग्राम्स ऑफ़ स्केल के पहले ग्रांट प्राप्तकर्ता पार्टनर्स फॉर अ मलेरिया-फ्री ज़ाम्बिया की सफलता के बाद, गेट्स फ़ाउंडेशन PATH और वर्ल्ड विज़न ने हमसे और बड़े तथा अधिक प्रभावी प्रोजेक्ट मिलकर करने की इच्छा जताई। उन्हें विश्वास है कि रोटरी असाधारण कार्य कर सकती है। इसी साझेदारी से रोटरी हेल्दी कम्युनिटीज़ चैलेंज विकसित हुआ - जो पोलियो उन्मूलन के बाद रोटरी की सबसे महत्वपूर्ण रोग-निवारण पहल है।

हेल्दी कम्युनिटीज़ चैलेंज का उद्देश्य निमोनिया, मलेरिया और डायरिया जैसी बीमारियों से लड़ना है-जो अफ्रीका के कई क्षेत्रों में पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों की सबसे बड़ी जानलेवा बीमारियाँ हैं। प्रगति के बावजूद, ये बीमारियाँ हर वर्ष लगभग 10 लाख छोटे बच्चों की जान ले लेती हैं।

टीआरएफ, गेट्स फ़ाउंडेशन, वर्ल्ड विज़न, और स्वास्थ्य समानता के लिए समर्पित वैश्विक गैर-लाभकारी संस्था PATH के बीच यह रणनीतिक साझेदारी अब कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य, मोज़ाम्बिक, नाइजीरिया और ज़ाम्बिया में बच्चों की जान बचा रही है।

हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि ये साझेदारियाँ लोगों से बनी हैं - स्वयंसेवक, रोटरी सदस्य, और पेशेवर - जो बदलाव लाने के लिए प्रयासरत हैं। इनमें से एक हैं *गीसेला बेटेनकोर्ट मिरसाओ,* रोटरी क्लब चिमोयो-प्लानाल्टो, मोज़ाम्बिक, जो हेल्दी कम्युनिटीज़ चैलेंज की राष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर और रो ई मंडल 9210 की असिस्टेंट गवर्नर हैं। वे बताती हैं:

मोज़ाम्बिक में बचाव योग्य बीमारियाँ अभी भी बच्चों की मृत्यु का प्रमुख कारण हैं।

हमारे भागीदारों, रो ई मंडल 9210, और स्वास्थ्य मंत्रालय के सहयोग से हेल्दी कम्युनिटीज़ चैलेंज देश के पश्चिमी हिस्से के दो प्रांतों में सामुदायिक स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने के लिए संसाधन, तकनीकी विशेषज्ञता और स्वयंसेवकों को संगठित करता है।

सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को परिवारों तक जीवनरक्षक शिक्षा, रोकथाम के उपकरण, और प्रारंभिक उपचार पहुँचाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। यह कार्यक्रम जाँच, निदान और उपचार की पहुँच बढ़ाता है, जिससे बच्चों को समय पर देखभाल मिल सके। रोटरी वकालत का समन्वय करती है, आवश्यक सामग्री की खरीद सुनिश्चित करती है और सरकारी स्वास्थ्य ढाँचे के साथ मिलकर स्थानीय स्वामित्व को मजबूत करती है। अपने पहले वर्ष में, इस पहल ने चार जिलों के हज़ारों घरों तक पहुँच बनाई, और 4,400 से अधिक सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को बच्चों की रक्षा करने में सहयोग दिया।

मैं योजना चरण से इस कार्यक्रम से जुड़ी हूँ, लेकिन इसके वास्तविक प्रभाव को तब समझ पाई जब मैंने इसे स्वयं देखा।

हेल्दी कम्युनिटीज़ चैलेंज, प्रोग्राम्स ऑफ़ स्केल और पोलियो उन्मूलन के माध्यम से, रोटरी यह साबित करता है कि साझेदारी, समुदाय की भागीदारी और दूरदृष्टि वैश्विक स्वास्थ्य को बदल सकती है और जीवन बचा सकती है।

टीआरएफ के प्रति आपका समर्थन आपको इस जीवन-परिवर्तनकारी कार्य का हिस्सा बनाता है।

होल्गर नेक
ट्रस्टी अध्यक्ष, द रोटरी फौउंडेशन

Membership & TRF contribution summary





*Membership figures as on November 1, 2025.
*TRF contribution figures as on October 31, 2025.

Rotary worldwide

Rotary clubs	36,625	Rotary members	1,167,882
Rotaract clubs	9,841	Rotaract members	143,470
Interact clubs	18,549	Interact members	426,788
RCCs	14,258		

As on November 18, 2025

संगठित और शांतिपूर्ण समुदायों के निर्माण का संकल्प

रशीदा भगत

आज जिस दुनिया में हम रह रहे हैं उसकी परिस्थितियों को देखते हुए रोटेरियनों को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है और रोटरी का उपयोग शांति के साधन के रूप में करना चाहिए भिन्नताओं से परे जाकर उन लोगों से संपर्क स्थापित करना चाहिए जिनसे आप शायद कभी नहीं मिलते। आइए, हम अपनी सेवाओं के माध्यम से अपने समुदायों को अधिक सामंजस्यपूर्ण, स्वस्थ और शांतिपूर्ण बनाने का प्रयास करें। आज शांति विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि शांति का अर्थ है लोगों को गरीबी, हानि, बीमारी, पर्यावरण प्रदूषण, अस्वच्छ जल और खराब स्वच्छता से मुक्त करना, दिल्ली में आयोजित *तेजस - विंग्स ऑफ़ चेंज* शीर्षक वाले ज़ोन 4, 5, 6 और 7 इंस्टीट्यूट के उद्घाटन सत्र में रोई अध्यक्ष फ्रांसेस्को अरेज़ो ने कहा।

अन्नदान से लेकर गुरुद्वारों के विशाल लंगरों तक, और मोहल्लों को जोड़ने वाली छोटी-छोटी दयालुताओं तक भारत में दान रोज़मर्रा की ज़िंदगी का एक स्वाभाविक हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि शांति तब भी स्थापित होती है जब आप शैक्षणिक अवसर, चिकित्सा सुविधाओं तक पहुंच और गरीबी से मुक्ति प्रदान करते हैं। इस वर्ष के अध्यक्षीय संदेश *यूनाइट फ़ॉर गुड* पर विस्तार से बात करते हुए उन्होंने कहा कि यह केवल एक नारा नहीं है। पिछले एक दशक में हमने हर साल विश्वभर में हजारों नए सदस्यों का स्वागत किया है लेकिन लगभग उतनी ही संख्या में हर साल सदस्य रोटरी छोड़कर चले भी जाते है। सदस्यता वृद्धि और उनके प्रस्थान के बीच की यह स्थिति रोटरी की समस्या नहीं है यह स्वयं दुनिया का प्रतिबिंब है। लोग उद्देश्य और अर्थ की तलाश में रहते हैं परंतु उन्हें यह हमेशा नहीं मिलता।

अरेज़ो ने कहा कि लोग रोटरी से इसलिए जुड़ते हैं क्योंकि वे रोटरी के मूल्यों और सिद्धांतों की सराहना करते हैं लेकिन वे लोग इसे तब छोड़कर चले जाते हैं जब रोटरी केवल एक संरचना बनकर रह जाती है या केवल समय बिताने का एक माध्यम और उनकी अपेक्षाओं, उम्मीदों या इच्छाओं पर खरी नहीं उतर पाती। यदि हम भलाई के उद्देश्य से एक साथ मिलकर प्रत्येक सदस्य को अपनापन महसूस करवा सकें और उन्हें यह एहसास दिला सकें कि वे हमारे संगठन का अनिवार्य हिस्सा हैं

और यह सुनिश्चित कर सकें कि क्लब अपने सदस्यों को कार्यवाही करने वाले लोग और परिवर्तकों के रूप में सर्वश्रेष्ठ अनुभव प्रदान कर सकें तो शायद वे रोटरी नहीं छोड़ेंगे।

रोटेरियन भलाई के लिए एक साथ तब आते है जब वे अपने समुदायों में योगदान देने वाले बनें, एक-दूसरे से सीखें कि स्थायी परिवर्तन कैसे लाया जाता है और विश्वास अर्जित करके शांति की नींव स्थापित करें... आवश्यक मानव जरूरतों को पूरा करने में सहायता करके और दूरियों को मिटाकर भिन्नताओं के बावजूद मित्रता स्थापित करके वे इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

रो ई अध्यक्ष ने रोटरी नेताओं से आग्रह किया कि वे अपने सदस्यों से यह जानने की कोशिश करें कि वे अपनी सदस्यता से क्या अपेक्षा रखते हैं। उनसे खुली चर्चा करें कि वे रोटरी से क्या पाना चाहते हैं और अपने सदस्यों के अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए जितना हो सकें उनसे व्यक्तिगत रूप से जुड़ें। अपने समुदायों के लोगों तक पहुँचें और देखें कि आपका क्लब सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए क्या कर सकता है। कई मामलों में इसका अर्थ नई सेवा परियोजनाओं के अवसर होंगे। सार्थक संवाद भी उतने ही महत्वपूर्ण हो सकते हैं।

दुनिया को सभी के लिए एक बेहतर स्थान बनाने की रोटरी की मूल भावना को दोहराते हुए अरेज़ो ने कहा, किसी युवा को शांति दूतों के रूप में भेजना या किसी अन्य युवा को यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम के लिए विदेश भेजना भी शांति के लिए काम करना है। बीमारियों की रोकथाम और उनका इलाज करना, जहाँ स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध नहीं है वहाँ उनको उपलब्ध कराना भी शांति के लिए काम करना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करना, पर्यावरण में सुधार लाना, लड़कियों की शिक्षा को समर्थन देना और परिवारों की आजीविका को स्थिर बनाए रखना भी शांति को बढ़ावा देने वाले कदम हैं।

रो ई अध्यक्ष फ्रांसेस्को अरेज़ो

रोटरी की सेवा हर दिन दुनिया को थोड़ा और स्वतंत्र बनाती है और ऐसा करते हुए हम शांति के लिए आवश्यक परिस्थितियाँ तैयार करते हैं। गांधीजी ने कहा था कि अहिंसा मजबूत लोगों का हथियार है। इसी कारण हम भलाई के लिए एकजुट होते है ताकि एक ऐसी दुनिया का निर्माण कर सकें जो करुणा और प्रेम पर आधारित हो न कि लालच पर।

इसके बाद रो ई अध्यक्ष ने भारतीय परंपराओं, इतिहास और शास्त्रों में निहित उन सभी सकारात्मक मूल्यों का उल्लेख किया जो दुनिया को बहुत कुछ सिखाते हैं। भारत में उदारता कोई अवसर विशेष नहीं है, यह जीवन जीने का तरीका है; अन्नदान की परंपरा से लेकर गुरुद्वारों के विशाल लंगरों के साथ पड़ोसियों को जोड़ने वाले रोज़मर्रा के छोटे-छोटे सद्भावपूर्ण व्यवहारों तक 'दान' आपके दैनिक जीवन में रचा-बसा है।

चाहे भगवद्गीता में कृष्ण का यह संदेश हो कि 'दान' तभी पवित्र माना जाता है जब वह बिना किसी

हम केवल टीम के रूप में जीतते हैं, कभी अकेले नहीं। इसलिए हमें सिर्फ तेज़ी से नहीं, बल्कि संतुलन और समझदारी से आगे बढ़ना है, और अगले नेतृत्वकर्ता को सफलता के लिए तैयार करना है।

प्रत्याशा के किया जाए या फिर *चैतन्य उपनिषद* में उल्लिखित यह उपदेश कि दान को विनम्रता और आनंद के साथ दिया जाना चाहिए और उसके मूल्य का आंकलन उसके आकार से नहीं बल्कि हृदय की उदारता से किया जाना चाहिए - इन सभी का रोटरी के आदर्शों से गहरा संबंध है। रोटरी का चार मार्ग परीक्षण भारत में 'धर्म' और 'सेवा' की भावना से पूर्ण सामंजस्य रखता है और सबसे बढ़कर यह 'वसुधैव कुटुम्बकम' अर्थात् पूरी दुनिया एक परिवार है की भावना को प्रतिबिंबित करता है।

लेकिन आधुनिकता से एक बड़ी चुनौती उत्पन्न होती है चाहे रोम हो, मिलान हो या दिल्ली हम सब एक ही तरंग महसूस करते हैं; डिजिटलीकरण, दौड़ती-भागती दुनिया और दूरियों का बढ़ना। दुनिया तेज़ी से बदल रही है यह ऐसा समय है जब मूल्य अपना आकार लेने से पहले ही बिखर जाते हैं, संस्थाएँ निस्तेज महसूस होती हैं, विकल्प बढ़ते जाते हैं लेकिन उनका महत्व घटता जाता है और शक्ति ज़िम्मेदारी से आगे निकल जाती है। ऐसी दुनिया में रोटरी एक ऐसा स्थान हो सकता है जहाँ लोगों को उनकी उपलब्धियों से नहीं आँका जाए बल्कि उन्हें संवाद करके आमंत्रित किया जाए; जहाँ उन्हें न ही बहकाया जाए और न ही उनका मन बहलाया जाए बल्कि उनका विश्वास जीता जाए। लेकिन ऐसा करने के लिए हमें अपने कार्यों और अपनी समय-सारिणियों पर पुनर्विचार करना होगा। अक्सर परियोजनाएँ गवर्नर या क्लब अध्यक्ष के कार्यकाल के साथ ही समाप्त हो जाती हैं। परंतु जो कार्य वास्तव में महत्व रखते हैं जैसे शिक्षा और शांति

स्थापना, उन्हें समय और निरंतरता की आवश्यकता होती हैं। मैं रोटरी को एक महान रिले रेस की तरह देखना पसंद करता हूँ। हमारे पास अनेक बैटन, क्लब अध्यक्ष, मंडल गवर्नर, रो ई अध्यक्ष है; हम में से प्रत्येक अपनी बारी पर अपनी पूरी क्षमता से कार्य करता है और फिर बैटन को आगे बढ़ाता है। लेकिन यदि हम बैटन को ठीक से न सौंपें या अगला धावक ठोकर खा जाए तो हमारा तेज़ दौड़ना भी बेकार है। हम केवल टीम के रूप में जीतते हैं, कभी अकेले या व्यक्तिगत रूप से नहीं। इसलिए हमें केवल तेज़ी से नहीं बल्कि सहजता और जागरूकता के साथ आगे बढ़ना होगा और अगले नेता की सफलता के लिए तैयारी करनी होगी। हमें यह भी जानना होगा कि दौड़ किस दिशा में लगानी है।

यहाँ अरेज़ो ने ऐलिस इन वंडरलैंड से एक प्रसंग उद्धृत किया; जब ऐलिस चेशायर बिल्ली से रास्ता पूछती है तो वह उससे पूछती है कि आप कहाँ जाना चाहती है। तो ऐलिस कहती है, मुझे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता कि कहाँ जाना है। इस पर बिल्ली जवाब देती है, तो फिर आप कोई सा भी रास्ता चुनो क्या फर्क पड़ता है!

यह एक चेतावनी है-यदि हमें यह नहीं पता कि हम कहाँ जाना चाहते हैं सिर्फ इस वर्ष नहीं बल्कि उससे आगे भी तो कोई भी दिशा फिर नहीं रखेगी। रणनीतिक सोच हमें उन लोगों के लिए आधार तैयार करने में मदद करती है जो हमारे बाद पदभार संभालेंगे। आइए, हम ऐसी परियोजनाओं के लिए प्रतिबद्ध रहें जो नेताओं और अहम् से परे हों; आइए, हम लंबी अवधि की तयारी करें न कि त्वरित तालियों के लिए, अरेज़ो ने कहा।

और भारत रोटरी जगत को दिखा रहा है कि यह व्यवहार में कैसा दिखता है। भारत में रोटरी प्रोग्राम ऑफ़ स्केल *पार्टनर्स फॉर वॉटर एक्सेस एंड बेटर* हार्वेस्ट्स इन इंडिया पर विचार कीजिए। भारतीय रोटेरियनों द्वारा संचालित यह पाँच-वर्षीय पहल ग्रामीण जीवन को बदल रही है, चेक डैम और तालाब बनाकर, टिकाऊ खेती सिखाकर और भू-जल पुनर्भरण को बहाल करके। इसके आँकड़े अत्यंत प्रभावशाली हैं: भूजल स्तर हर वर्ष 10 से 50 प्रतिशत तक बढ़ रहा है। लेकिन आँकड़ों से आगे कुछ और भी असाधारण है। एक माँ जिसे अब पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ती, एक किसान जो अब साल में

रो ई अध्यक्ष अरेज़ो और इंस्टिट्यूट कन्वीनर रो ई निदेशक के पी नागेश भारत के उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन को एक स्मृति-चिह्न भेंट करते हुए। तस्वीर में (बाएँ से): इंस्टिट्यूट चेयरमैन पीडीजी शरद जैन, डीजीएन त्रिविक्रम जोशी, टीआरएफ ट्रस्टी ऐन-ब्रिट आसेबोल (स्वीडन), रो ई निदेशक एम मुरुगानंदम, इंस्टिट्यूट सेक्रेटरी मंजू फडके और रोटरी क्लब बैंगलोर ऑर्चर्ड से किरण कुमार भी मौजूद हैं।

दो फसलें उगा पाता है, एक बच्चा जो पानी भरने के बजाय अब स्कूल जाता है। यह वही उदारता है जो भारतीय 'दान' की परंपरा से आती है; वही भावना जिसने गांधी के अहिंसा के मंत्र को ऊर्जा दी और वही जो गुरुद्वारों के लंगरों को संचालित करती है और वही जो रोटरी की सेवा को आगे बढ़ाती है।

जिस प्रकार पैगंबर बरूछ ने निर्वासन, निराशा और अँधकार के समय 'पूर्व की ओर देखो' का आह्वान किया था, उसी तरह आज रोटरी के पास भी पूर्व की ओर देखने के दो कारण हैं केवल रूपक की तरह नहीं बल्कि वास्तविक अर्थों में भी। पूर्व, विशेषकर भारत, में सदस्यता में सबसे मजबूत और ऊर्जावान वृद्धि दिख रही है। और भारत में हम कुछ असाधारण देख रहे हैं; वृद्धि सिर्फ सदस्यता में ही नहीं बल्कि अर्थ और स्पष्टता में भी आई। रोटरी केवल क्लबों या परियोजनाओं से नहीं बनी है बल्कि लोगों से बनी है और लोग तब टिके रहते हैं जब उन्हें कर्तव्य से अधिक गहरा कुछ महसूस होता है। वे तब टिके रहते हैं जब वे केवल किसी उद्देश्य से नहीं बल्कि एक-दूसरे से जुड़ाव महसूस करते हैं।

वह यह देखकर प्रसन्न थे कि यहाँ रोटरी सिर्फ प्रतीकात्मक रूप से नहीं बल्कि वास्तविक, आनंदपूर्ण और आध्यात्मिक रूप से उभर रही है। यदि हम अपने क्लबों को केवल आकार में ही नहीं बल्कि भावनात्मक रूप में भी विकसित कर सकें; यदि हम चार मार्ग परीक्षण को केवल एक पाठ की तरह नहीं बल्कि एक संकल्प की तरह अपना सकें; यदि हम लोगों को रोटरी में केवल सेवा के लिए नहीं बल्कि अपनत्व के लिए आमंत्रित कर सकें, तो हम न केवल सदस्यों को बनाए रख पाएंगे बल्कि हम एक प्रकाशस्तंभ की भूमिका निभा पाएँगे, एक ऐसा मिलन-स्थल जो नारों पर नहीं बल्कि अर्थ पर आधारित हो; दान पर नहीं बल्कि साझा परिवर्तन पर आधारित हो। और ऐसा करते हुए हम दुनिया को बदल सकते हैं, अरेज़ो ने कहा।

उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए संयोजक और रो ई निदेशक के पी नागेश ने कहा कि कई प्रश्नों और गहन विचार-विमर्श के बाद दिल्ली को सम्मेलन स्थल के रूप में चुना गया। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र में दो अत्यंत सक्रिय गवर्नर – रविंदर गुगनानी (रो ई मंडल 3011) और अमीता मोहिंद्रू (रो ई मंडल 3012) थे, जिन्होंने पूरी ज़िम्मेदारी ली और उत्कृष्ट रूप से कार्य पूरा किया। साथ ही एक अत्यंत अनुशासित और दृढ़निश्चयी पीडीजी शरत जैन, जिन्होंने विस्तृत

योजना बनाई और हर चीज़ को व्यवस्थित रूप से जोड़ा। इसका परिणाम यह हुआ कि हमें 1,456 पंजीकरणों की रिकॉर्ड संख्या देखने को मिली।

इंस्टीट्यूट के तीन दिनों के लिए प्रत्येक प्रतिभागी को कार उपलब्ध कराने के अलावा कई नई योजनाएँ शुरू करने का निर्णय लिया गया जैसे कि उन लोगों को लाइफ़टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान करना जिन्होंने भारत से पोलियो उन्मूलन के लिए असाधारण प्रयास किए हैं। हमने सोचा कि पोलियो के पूरी तरह समाप्त होने का इंतज़ार करते रहना उचित नहीं होगा। इसलिए हमने तय किया कि इस मिशन के लिए सच्चे मन से और अत्यधिक मेहनत से काम करने वाले लोगों को लाइफ़टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड देकर सम्मानित किया जाए।

एक और नई पहल 'आर्च क्लम्प स्तरों' के भीतर मिलियन-डॉलर क्लब बनाने की थी। जहाँ अमेरिका में पहले से ही 700 से अधिक एकेएस सदस्य हैं वहीं भारत में यह आंकड़ा 258 तक पहुँच चुका है और हम चाहते हैं कि यह संख्या जल्द से जल्द 500 पार हो जाए। हमें यह भी पता चला है कि कई एकेएस सदस्य लेवल 1 और 2 तक पहुँचते हैं और वहीं कहानी समाप्त हो जाती है। इसलिए हमने मिलियन-डॉलर क्लब शुरू करने का निर्णय लिया है और इस क्लब में पहले से ही 7 ऐसे सदस्य शामिल हो चुके हैं जिन्होंने 1 मिलियन डॉलर के प्रतिज्ञापत्र प्रदान किए हैं। बेशक राजश्री बिड़ला और डीजीई रविशंकर डाकोजू पहले ही टीआरएफ को कई मिलियन डॉलर दान कर चुके हैं।

रो ई अध्यक्ष अरेज़ो

रो ई निदेशक गण नागेश और मुरुगानंदम।

नागेश ने बताया कि जब कई एकेएस सदस्यों से संपर्क किया गया तो कई लोगों ने आगे आकर 1 मिलियन डॉलर क्लब में शामिल होने की इच्छा जताई, जिससे कुल संख्या बढ़कर 14 हो गई। उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूट के दौरान कई अन्य पहलें भी सामने आएंगी, जिनके माध्यम से रोटरी स्थानीय समुदायों, विशेषकर रक्षा कर्मियों के बच्चों की सहायता अधिक व्यापक रूप से कर पाएगी।

इंस्टीट्यूट प्रमुख शरत जैन ने प्रतिनिधियों को आश्वासन दिया कि भले ही यह एक गंभीर प्रशिक्षण कार्यक्रम है लेकिन सीखने की प्रक्रिया और नेतृत्व कौशल को मनोरंजन और हँसी के साथ मिलाने का पूरा ध्यान रखा गया है। हमने आपके लिए ऐसा कार्यक्रम तैयार किया है जो आपको यह याद दिलाएगा कि रोटरी फ़ेलोशिप क्यों विशिष्ट है। ■

श्रीलंका करेगा रोटरी इंस्टीट्यूट 2026 की मेजबानी

वी मुत्तुकुमारन

पॉप सिंगर और यूट्यूबर योहानी तेजस इंस्टीट्यूट में अपनी परफॉर्मेंस के दौरान।

श्रीलंकाई पॉप सेंसेशन योहानी, जिनका वायरल गीत *माणिके मागे हिथे* सोशल मीडिया पर धूम मचा चुका है, इस बात को लेकर बेहद उत्साहित हैं कि 21 वर्षों बाद रोटरी ज़ोन इंस्टीट्यूट उनके इस मनमोहक द्वीप में आ रहा है।

हाँ, हमारे ज़ोन 4, 5, 6 और 7 के लिए अगला इंस्टीट्यूट दिसंबर 2026 में कोलंबो के हृदय में स्थित 'सिटी ऑफ़ ड्रीम्स' भारतीय महासागर और बैरा झील के शानदार नज़ारों वाले एक यात्रा और अवकाश रिज़ॉर्ट में आयोजित किया जाएगा। तेजस इंस्टीट्यूट में अपने मनमोहक प्रदर्शन के बाद इस पॉप दिवा ने कहा, मेरे रोटरेक्ट वर्षों में जब मैं अपने क्लब की अधिकृत सचिव थी तब मैं वो बनी जो आज मैं हूँ।

रोटरी इंस्टीट्यूट 2026 के अध्यक्ष पीडीजी गौरी राजन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए योहानी ने कहा कि पूर्व गवर्नर उनके लिए प्रेरणा हैं – एक महिला के रूप में, आपकी शक्ति, गरिमा और नेतृत्व ने मुझे एक कौशलहीन युवती से आज एक पॉप सिंगर बना दिया। अपने यूट्यूब चैनल पर चार मिलियन से अधिक सब्सक्राइबर्स और प्रतिमाह 1.5 मिलियन व्यूज़ के साथ योहानी आज वैश्विक संगीत जगत की सबसे ट्रेंडिंग गायिकाओं में से एक हैं क्योंकि उनका वायरल गीत सोशल मीडिया मंच पर अरबों व्यूज़ प्राप्त कर चुका है। जब गौरी मंडल गवर्नर थी (2014-15), तब मैंने पहली बार योहानी से मुलाक़ात की थी। तब उसने कहा था, 'मैं गा नहीं सकती क्योंकि मेरे पास कौशल नहीं है।' और आज वह एक वैश्विक स्तर की गायिका बन गई है।

रो ई निदेशक एम मुरुगानंदम, जो लंका इंस्टीट्यूट के प्रमुख होंगे ने कहा कि Aim High आगामी कार्यक्रम की थीम होगी और हम शुरुआत में कम से कम 1,000 प्रतिनिधियों की भागीदारी का लक्ष्य रख रहे हैं। श्रीलंका एक ऊष्णकटिबंधीय द्वीप की उत्कृष्ट कृति है, जो भारत के हृदयस्थल का विस्तार और अपनी जीवंत तथा स्नेहपूर्ण आतिथ्य परंपरा के लिए प्रसिद्ध है।

अपनी ओर से रो ई निदेशक और तेजस के संयोजक के पी नागेश ने कहा, मुझे बेहद खुशी है कि रोटरी इंस्टीट्यूट दिल्ली से कोलंबो जा रहा है, उस खूबसूरत शहर में जो अपनी समृद्ध आतिथ्य परंपरा के लिए जाना जाता है। एक वीडियो लिंक के माध्यम से पीआरआईपी के आर रविंद्रन ने कहा कि लंका दुनियाभर के यात्राप्रेमियों के पसंदीदा स्थलों में से एक है और अपने स्वच्छ समुद्री तटों एवं सुंदर रिसॉर्ट्स के कारण मीडिया सर्वेक्षणों में लगातार शीर्ष पर रहता है। यह द्वीप अतुलनीय प्राकृतिक सुंदरता और वन्यजीवन से संपन्न है और वैश्विक स्तर पर पर्यटकों के लिए एक अनोखा आकर्षण है। मेरा परिवार भी यहाँ के रिसॉर्ट्स में बहुत समय बिताता है।

भारत, नेपाल और भूटान से प्रतिनिधियों को आमंत्रित करते हुए पीडीजी गौरी ने कहा कि कोलंबो इंस्टीट्यूट एक डिजिटल-युग का सम्मेलन होगा जो मनोरम एवं सांसें थाम देने वाले प्राकृतिक सौंदर्य की पृष्ठभूमि में आयोजित किया जाएगा। इस रोटरी सम्मेलन को आयोजित करने के लिए उन्होंने एक सक्रिय और गतिशील टीम का गठन किया है – जिसमें पीआरआईपी रविंद्रन सलाहकार होंगे, मदुरै ज़ोन के पीडीजी वाई कुमनन और पीआरआईडी राजू सुब्रमणियन सलाहकार होंगे, मेज़बान समिति के प्रमुख पीआरआईडी सी भास्कर और पीआरआईडी ए एस वेंकटेश सामान्य प्रशिक्षक की भूमिका निभाएँगे। ■

पीडीजी दुश्यंत चौधरी रोटरी इंस्टिट्यूट 2026 के कर्टन-रेज़र में श्रीलंकाई ध्वज लहराते हुए। रो ई निदेशक के पी नागेश और उमा; सुमति और रो ई निदेशक एम मुरुगानंदम; रो ई अध्यक्ष फ्रांसेस्को अरेज़ो की जीवनसाथी अन्ना; पूर्व रो ई अध्यक्ष के आर रविन्द्रन और वानति; पूर्व रो ई निदेशक मनोज देसाई, टी एन राजू सुब्रमणियन, पी टी प्रभाकर, सी भास्कर, ए एस वेंकटेश, महेश कोटबागी, अनिरुद्धा रॉयचौधरी और कमल संघवी भी चित्र में उपस्थित हैं।

उच्च स्तर की सलाह

जयश्री

रो ई अध्यक्ष फ्रांसेस्को अरेज़ो (दाएँ) और पीआरआईपी के आर रविंद्रन।

आप अपने मंडल के नेता नहीं हैं रोटरी जगत में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति हमेशा और केवल क्लब अध्यक्ष होता है, रो ई अध्यक्ष फ्रांसेस्को अरेज़ो ने गवर्नर निर्वाचितों से यह बात कही जो रोटरी ज़ोन इंस्टिट्यूट के साथ आयोजित रोटरी के वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में उपस्थित थे।

रोटरी का हृदय दफ़्तरों में नहीं बल्कि क्लबों में धड़कता है। क्लब अध्यक्ष का कार्य है समुदाय में जाकर नए सदस्य ढूँढ़ना, धन जुटाना, समुदाय की ज़रूरतों की पहचान कर ऐसी परियोजना करना जो उन्हें पूरा कर सकें। हमारा काम, आपका मुख्य काम, क्लब अध्यक्षों को सहयोग देना है, उन्होंने कहा और आग्रह किया कि वे हर अध्यक्ष को जानने, मिलने और उनसे मित्रता करने में समय निवेश करें। यदि आप अध्यक्षों का अच्छी तरह समर्थन करेंगे तो यह हम सभी के लिए एक उत्कृष्ट वर्ष होगा। रोटरी में नेतृत्व शक्ति के बारे में नहीं है; यह उद्देश्य, लोगों और सिद्धांतों पर आधारित कार्य के बारे में है।

अरेज़ो ने प्रतिनिधियों को याद दिलाया कि रोटरी के पाँच मुख्य मूल्य - सेवा, विविधता, सत्यनिष्ठा, नेतृत्व और मैत्री - कभी भी एक-दूसरे से अलग करके नहीं जिएं जाने चाहिए। सत्यनिष्ठा के बिना की गई सेवा अच्छी नहीं होती। और मैत्री एवं साथ मिलकर काम करने की खुशी के बिना की गई सेवा, रोटरी सेवा नहीं है।

पाकिस्तान की अपनी यात्रा को याद करते हुए उन्होंने रोटरी के 35 साल लंबे पोलियो उन्मूलन संघर्ष को पूरा करने की भावनात्मक अपील की। उन्होंने बताया कि जब उन्होंने एक दीवार पर 68 स्वास्थ्यकर्मियों की तस्वीरें देखीं, जो बच्चों को टीके लगाते समय मारे गए तो वह यह जानकर स्तब्ध रह गए कि दुनिया भर में 1,000 से अधिक कार्यकर्ता इस अभियान में अपनी जान गंवा चुके हैं। हमारे पास 1,000 शहीद हैं। उनकी स्मृति में, इस अभियान को पूरा करना हमारा कर्तव्य है।

उन्हें सबसे अधिक जो बात झकझोर गई, वह रावलपिंडी में मिली तीन साल की अपंग बच्ची थी। उसकी मुस्कान एक चीख जैसी थी। वह मानो मुझसे पूछ रही हो, ङ्कआपने अपना अभियान पहले क्यों पूरा नहीं किया? मैं भी अपने दोस्तों के साथ दौड़ रही होती।फ मैं अब एक और बच्चे को पोलियो से अपंग होता नहीं देख सकता।

अपने वर्ष के तीसरे लक्ष्य के रूप में शांति का उल्लेख करते हुए अरेज़ो ने कहा, विश्व शांति के लिए हमें सिर्फ अपने शांति केंद्रों या युवा विनिमय कार्यक्रमों के माध्यम से ही नहीं बल्कि अपनी परियोजनाओं के माध्यम से भी काम करना होगा। यदि हम चाहते हैं कि हमारी परियोजनाएँ शांति उत्पन्न करें तो हमें कुछ अलग करना होगा। उन्होंने भारतीय मंडलों से रोटरी को अपनी सीमाओं से बाहर ले जाने का आग्रह किया। आपका 99 प्रतिशत वैश्विक अनुदान भारत में ही हैं। भारत आगे बढ़ चुका है। अब समय है विदेशों में काम करने का - अफ्रीका में, यहाँ तक कि पाकिस्तान में भी, ताकि शांति स्थापित की जा सके, उन्होंने कहा।

उन्होंने यह समझाते हुए अपना भाषण समाप्त किया कि नेतृत्व पहाड़ की चोटी चढ़ने और अंततः यह समझने जैसा है कि असली काम तो नीचे आधार पर लौटकर ही होता है। एक महान नेता बनने के लिए मुझे फिर से नीचे आना पड़ा और रोटेरियनों के साथ रहना पड़ा। शीर्ष पर जो सफ़ेद रोशनी दिखती है, वो तो सिर्फ़ फ़ोटोग्राफ़रों की फ्लैशलाइट थी, वह मुस्कुराए।

पूर्व रो ई अध्यक्ष के आर रविंद्रन ने उन चार मूल्यों पर अपने विचार साझा किए जो एक उत्कृष्ट अध्यक्ष का निर्माण करते हैं: सत्यनिष्ठा, विनम्रता, करुणा और साहस। सत्यनिष्ठा पर बोलते हुए उन्होंने

लेगो फ़ैक्ट्री की अपनी यात्रा को याद किया जिसकी स्थापना ओले किर्क क्रिस्टियानसेन ने की थी जो पेशे से एक बढ़ई थे और लकड़ी के खिलौने बनाने में विशेषज्ञ थे। क्रिस्टियानसेन इस बात पर ज़ोर देते थे कि हर खिलौने पर वार्निश की तीन परत अवश्य लगाई जाए, सिर्फ इसलिए नहीं कि ग्राहक इसे देखेंगे बल्कि इसलिए कि वे खुद इसे देखते है। वह केवल सर्वश्रेष्ठ ही चाहते थे। यही कारण है कि लेगो आज दुनिया के सबसे भरोसेमंद ब्रांड में से एक है; उसकी सच्ची विरासत सत्यनिष्ठा में है, उत्कृष्टता में है, जो किसी भी शॉर्टकट के बिना हासिल की जाए।

उन्होंने नवनिर्वाचित नेताओं से उसी भावना को याद रखने के लिए कहा: तीसरी परत को मत भूलिए - चाहे वह आपकी रिपोर्टों की सटीकता हो, आपके खातों की पारदर्शिता हो या आपके द्वारा किए गए वादे हो। सत्यनिष्ठा वह नहीं है जो हम कहते हैं; यह वह है जो हम तब करते हैं जब कोई हमें देख नहीं रहा होता।

उन्होंने कहा कि विनम्रता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की जज सैंड्रा डे ओफ्कॉनर की कहानी सुनाई जिन्होंने अल्ज़ाइमर से पीड़ित अपने पति द्वारा एक अन्य मरीज़ के साथ बने नए भावनात्मक संबंध को प्रेमपूर्वक स्वीकार कर लिया। यह विनम्रता का सर्वोच्च रूप है - अहंकार के बिना उत्कृष्टता।

रविंद्रन ने कहा कि करुणा अक्सर अप्रत्याशित स्थानों से आती है और उन्होंने अपनी पोती टेस्सा की कहानी सुनाई जिसने अपने पड़ोसी के गंभीर रूप से बीमार बच्चे से मित्रता कर ली, बिना बीमारी या सीमाओं को देखें। जहाँ वयस्क सीमाएँ देखते हैं, बच्चे संभावनाएँ देखते हैं।

लेकिन करुणा को साहस के साथ संतुलित करना भी आवश्यक है। रविंद्रन ने श्रीलंका में सुनामी के बाद रोटरी की स्कूल-निर्माण परियोजना के दौरान का एक तनावपूर्ण क्षण बताया जब उग्रवादियों ने 10 प्रतिशत हिस्सेदारी की मांग की। उन्होंने धमकियों के बावजूद यह मांग ठुकरा दी। मैं काँप रहा था लेकिन साहस का अर्थ भय का न होना नहीं है; यह है भय के बावजूद सही काम करने का निर्णय। उन्होंने गवर्नर-निर्वाचितों को याद दिलाया कि नेतृत्व की परीक्षाएँ अक्सर चुपचाप आती हैं और अक्सर उस समय जब समझौता करना आसान लगता है।

ईमानदारी आपको सही काम करने के लिए कहती है। विनम्रता कहती है कि यह आपके बारे में नहीं है। करुणा आपको समस्या के बजाय व्यक्ति को देखने के लिए प्रेरित करती है। और साहस कहता है कि आपकी आवाज़ काँप रही हो तब भी दृढ़ बने रहो। उन्होंने सार प्रस्तुत करते हुए कहा।

रो ई निदेशक एम मुरुगानंदम ने उत्तरदायित्व, महत्वाकांक्षा और अनुशासित क्रियान्वयन पर ज़ोर दिया। आप अपने मंडलों के प्रतिनिधि हैं। आपके क्लबों से, सभी क्लबों से और क्षेत्रीय नेताओं से अपेक्षाएँ हैं। आप ही पथप्रदर्शक हैं।

उन्होंने डीजीईज़ से साहसिक और मापनीय लक्ष्य तय करने का आग्रह करते हुए अपने गवर्नर कार्यकाल (2016-17) की महत्वाकांक्षी उपलब्धियों को याद किया - टीआरएफ के लिए 1 मिलियन डॉलर से लेकर 10,000 अंगदान और 14 गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स तक। अपने दायित्व को गंभीरता से लें। आपके लिए 2026-27 आपका वर्ष है। अपना समय, ऊर्जा और संसाधन उस वर्ष के लिए समर्पित करें।

उन्होंने याद दिलाया कि नेतृत्व कभी भी दूसरों से तुलना करने के बारे में नहीं होता। तुलना केवल अपने आप से करें - अपने बीते हुए कल और अपने आज से। संवाद को गवर्नर का सबसे शक्तिशाली उपकरण बताते हुए उन्होंने नेताओं को सलाह दी कि वे गवर्नरों से परामर्श करें और मजबूत टीम भावना विकसित करें। उच्च लक्ष्य रखें। एक मल्टीमिलियन-डॉलर मंडल बनें। अधिक AKS सदस्य जोड़ें। और 2030 तक 300,000 सदस्यों तक पहुँचें, यही है मिशन 2030, उन्होंने कहा।

नवनिर्वाचित नेताओं के लिए मुख्य प्रशिक्षक पीआरआईडी राजू सुब्रमण्यम ने उन्हें याद दिलाया कि कभी भी ध्यान व्यक्तिगत दृश्यता पर नहीं होना चाहिए। रोटरी चक्र, उसके लाभार्थी और रोटरी जो सेवा प्रदान करती है, यही सबसे महत्वपूर्ण हैं। सार्वजनिक छवि से जुड़ी गतिविधियों के दौरान यह विशेष रूप से महत्वपूर्ण है।

इंस्टिट्यूट चेयरमैन शरत जैन, पीआरआईडी राजू सुब्रमणियन और विद्या, अध्यक्ष अरेज़ो और अन्ना, रो ई निदेशक के पी नागेश और उमा, रो ई निदेशक एम मुरुगानंदम और सुमति, तथा प्रशिक्षण फ़ैसिलिटेटर्स डीजीईज़ और उनके जीवनसाथियों के साथ।

रो ई मंडल 3192 के डीजीई रविशंकर डाकोजू ने अपने सह-गवर्नरों से तीन अखिल-भारतीय परियोजनाओं में शामिल होने की अपील की: पूरे देश में एक करोड़ पौधे लगाने, सरकारी समर्थन प्राप्त कर आवासीय सोसाइटियों में पशुओं और पक्षियों के लिए पानी की सुविधा अनिवार्य करवाने और प्रत्येक मंडल में रोटरी क्लबों से जनजातीय विद्यालयों को गोद लेकर उन्हें रूपांतरित करने की पहल को आगे बढ़ाने के लिए। ■

क्या निदेशकों का कार्यकाल तीन वर्ष का होना चाहिए?

रशीदा भगत

हमारे ज़ोन इंस्टीट्यूट्स के सबसे प्रतीक्षित सत्रों में से एक सत्र वो है जिसमें पूर्व रो ई अध्यक्ष के. आर. रविंद्रन वरिष्ठ रो ई नेताओं से कठिन प्रश्न पूछते हैं और इस बार दिल्ली में आयोजित तेजस इंस्टीट्यूट में भी यह सत्र मज़ेदार रहा।

इन द क्रॉसहेयर्स शीर्षक वाले इस सत्र में कई कठिन प्रश्न उठाए गए जैसे रोटरी मुख्यालय को अमेरिका से बाहर क्यों न ले जाया जाए और रोटरी को वास्तव में कौन चलाता है - रो ई मंडल या स्टाफ? पहला प्रश्न जो रो ई अध्यक्ष फ्रांसेस्को अरेज़ो से पूछा गया वो वर्तमान अमेरिकी शासन द्वारा DEI, पर्यावरण संरक्षण की आवश्यकता, भ्रष्टाचार विरोधी कानूनों, USAIDS की फंडिंग रोकने और WHO से बाहर निकलने जैसी बातों पर लिए गए प्रतिकूल निर्णयों/टिप्पणियों से संबंधित था। चूँकि ये बातें रोटरी के मूल सिद्धांतों और उसके कार्यों के बिल्कुल विपरीत थी इसलिए रविंद्रन ने पूछा, हम अब भी अमेरिका में क्यों बैठे हैं? हम वहाँ से बाहर क्यों नहीं आते?

अपने संवाददाता को एक बहुत ही सरल प्रश्न पूछने के लिए धन्यवाद देते हुए अरेज़ो ने उत्तर दिया: रो ई की स्थापना 120 वर्ष पहले अमेरिका में हुई थी और इतने समय से हम इवेंस्टन में पूरी स्वतंत्रता, संचार की आज़ादी और अपनी निधियों के सुरक्षित निवेश के साथ रहे हैं। अब कुछ निर्णय ऐसे हैं जो संगठन के लिए कठिनाइयाँ उत्पन्न कर रहे हैं लेकिन रोटरी का 120 वर्षों का इतिहास है। इसलिए इसके निर्णय दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ लिए जाने चाहिए; हम तत्काल समस्याओं के आधार पर निर्णय नहीं ले सकते बल्कि हम आगे तक का सोचते है और हर चीज़ को दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य में आंकते हैं। इसलिए किसी बदलाव के बारे में सोचना अभी जल्दबाज़ी होगी।

इसके बाद रविंद्रन ने रो ई उपाध्यक्ष एलेन वैन डे पोल से पूछा कि जब यूएस वीज़ा पाना इतना कठिन है तो अंतर्राष्ट्रीय सभा को अमेरिका में ही आयोजित करना क्यों जारी रखा जाए। इस साल 64 गवर्नरों के वीज़ा अस्वीकार कर दिए गए। मैं मुख्यालय स्थानांतरित करने पर अध्यक्ष का उत्तर समझता हूँ। लेकिन हमारे प्रशिक्षण के लिए हमें अमेरिका ही क्यों जाना चाहिए? यदि आप भारत आएँ तो मैं गारंटी देता हूँ कि हमारे दोनों निदेशक (के पी नागेश और एम मुरुगानंदम-जो दोनों ही 'फायरिंग लाइन' में बैठे थे) यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रत्येक व्यक्ति को वीज़ा मिले।

बेल्जियम से आने वाले डे पोल ने कहा कि वीज़ा से जुड़ी कठिनाइयाँ केवल अमेरिका तक सीमित नहीं हैं। पिछले महीने ब्रसेल्स में एक शिखर सम्मेलन हुआ था जिसमें यूरोप, मध्य पूर्व और अफ्रीका के लगभग 1,500 रोटेरियन शामिल हुए। हमें वहाँ भी वही समस्या हुई; अफ्रीका, नाइजीरिया, युगांडा आदि से आने वाले हमारे 200 मित्रों को वीज़ा नहीं मिला। मेरा मानना है कि आने वाले वर्ष में वीज़ा रोटरी के लिए वैश्विक स्तर पर एक बड़ी समस्या बनने वाला है।

दाएँ से: पूर्व रो ई अध्यक्ष के आर रविन्द्रन, रो ई उपाध्यक्ष एलेन वैन डे पोल, रो ई अध्यक्ष फ्रांसेस्को अरेज़ो, रो ई निदेशक के पी नागेश और एम मुरुगानंदम, तथा टीआरएफ ट्रस्टी ऐन-ब्रिट आसेबोल।

फिर रविंद्रन ने टीआरएफ न्यासी ऐन ब्रिट असेबोल से पूछा कि जब चेचक के टीके की खोज के बाद उसका अंतिम मामला सामने आने में 200 वर्ष लगे तो क्या पोलियो को पूरी तरह समाप्त करने में भी 200 वर्ष लगेंगे?

उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि जिस तरह अचानक भारत से पोलियो गायब हो गया था, उसी तरह यह किसी भी समय दुनिया से समाप्त हो जाएगा और इसमें 200 वर्ष नहीं लगेंगे। लेकिन जब तक ऐसा नहीं होता, हमें वहाँ मौजूद रहना होगा, हर बच्चे को टीका लगाना होगा और यह याद रखना होगा कि हर बच्चा अस्पताल में पैदा नहीं होता जहाँ हम आसानी से टीकाकरण कर सकें। बच्चे गाँवों में भी जन्म लेते हैं इसलिए हमें दुनियाभर के बच्चों से किए अपने वादे को पूरा करना है - उन्हें टीका लगाना है, गाँवों में जाकर भी।

मुरुगानंदम ने उम्मीद के साथ सहमति जताते हुए कहा, एक बात तो स्पष्ट है, हमें अगली पीढ़ी का ख़याल रखना होगा; हम 99.99 प्रतिशत तक वहाँ पहुँच चुके हैं। भारत में हमने 14 वर्ष पहले ही पोलियो का उन्मूलन कर दिया था; आइए, हम सब तब तक इस कार्यक्रम का समर्थन करें जब तक यह पूर्ण रूप से समाप्त न हो जाए।

अगले प्रश्न में रविंद्रन ने अरेज़ो से उन चुनाव सम्बंधी शिकायतों पर सवाल किया जो रो ई मंडल को मिलती हैं; कुछ देशों में रोटरी में डीजी चुनाव स्तर पर और कभी-कभी निदेशक स्तर पर भी राजनीति पूरी तरह हावी रहती है। तो आप प्रचार-प्रसार और अभियान चलाने की अनुमति क्यों नहीं देते ताकि चुनाव सबके लिए खुला और स्वतंत्र हो सके, उन्होंने पूछा।

इस विचार को खारिज करते हुए रो ई अध्यक्ष ने कहा कि रोटरी एक ऐसा संगठन है जिसकी नींव मजबूत नैतिक मूल्यों पर आधारित है और राजनीति की तरह मुक्त अभियान या प्रचार-प्रसार की अनुमति देना हमारे संगठन के लिए सकारात्मक नहीं है क्योंकि हमारा आधार ईमानदारी, सौहार्द और मित्रता जैसे मूल्यों पर टिका है। हम नेता हैं और हमें ईमानदारी, सौहार्द और सही तरीके से प्रतिस्पर्धा करने में भी नेतृत्व दिखाना चाहिए।

भारत से आए दोनों निदेशकों से वही प्रश्न पूछते हुए रविंद्रन ने कहा कि जब हम इलेक्ट्रॉनिक मतदान प्रणाली पर आए उस समय मैं निदेशक था मुझे लगा कि आखिरकार हमने यह समस्या हल कर ली है और अब इसे कोई मात नहीं दे सकता। लेकिन केवल एक ही चरण लगा और उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली को भी मात देना सीख लिया।

इस प्रश्न का उत्तर देते हुए रो ई निदेशक नागेश ने कहा कि यह सच है कि सबसे अधिक चुनाव संबंधी शिकायतें भारत से आती हैं। इसके कई कारण हैं; पहला, नेता बनने की आकांक्षा रखने वाले लोगों की संख्या अधिक है। कुछ लोग कहते हैं कि यह हमारी संस्कृति का हिस्सा है। लायंस क्लब में परिस्थितियाँ भिन्न है वहाँ प्रचार-प्रसार, अभियान सब कुछ होता है। लेकिन हम इसकी अनुमति नहीं देते; हाँ, यहाँ-वहाँ थोड़ी उलझन जरूर रहती है। भले ही हमें क्रिकेट खेलना पसंद है पर हम शतरंज खेलने में भी माहिर हैं। यह बस समय की बात है। अंततः रोटरी इन सब बातों को मात दे ही देगी और शिकायतें अब पहले से ही कम हो रही हैं जो धीरे-धीरे घटकर शून्य हो जाएँगी।

रो ई निदेशक मुरुगानंदम ने कहा कि दो बातें ध्यान में रखनी होंगी। रोटरी के कुल 34 ज़ोनों में से हमारे क्षेत्र में केवल चार ज़ोन हैं जो हमारे ज़ोन के रोटेरियनों की अधिक संख्या के अनुपात में कम हैं। उन्होंने आंकड़े बताते हुए कहा कि रोटरी की कुल सदस्यता 1.12 मिलियन है और इसके 34 ज़ोन हैं जबकि हमारे ज़ोन 4, 5, 6 और 7 की कुल सदस्यता 170,000 या 0.17 मिलियन है। मंडलवार देखें तो रोटरी में कुल 550 से अधिक मंडल हैं इसलिए प्रति मंडल औसत रोटेरियनों की संख्या केवल 1,900 है।

लेकिन हमारे चार ज़ोन में प्रति मंडल में रोटेरियनों की संख्या बहुत अधिक है 3,900 यानी दोगुना।

इसका मतलब है कि हमने 45 गवर्नरों, चार रोटरी क्लबों और चार आरआरएफसियों को कम कर दिया है। कृपया समझिए हम 1.4 बिलियन लोगों की बात कर रहे हैं। जबकि बाकी जगहों पर सदस्यता घट रही है यहाँ वृद्धि हो रही है। हम दुनिया के बाकी हिस्सों के साथ संतुलन बना रहे हैं लेकिन 45 नेतृत्व पदों की कमी महसूस हो रही है।

हालांकि नेतृत्व पदों की इस कमी को चुनाव संबंधी शिकायतों का कारण माना जा सकता है, शिकायतें स्वयं घट रही हैं; पिछले साल चार थीं और अब तक शून्य। हमारा ज़ोन सदस्यता में नंबर 2, नए सदस्य जोड़ने में नंबर 1 और टीआरएफ को योगदान देने में नंबर 2 पर है। इसके बावजूद जब इस क्षेत्र का जिक्र होता है तो केवल चुनावी शिकायतों के बारे में ही बात होती है। लेकिन हम आगे बढ़ रहे हैं; हमारी नीति 'विज़न 2030' के अंतर्गत हमारा लक्ष्य कुल 2,50,000 रोटेरियन और 1,25,000 रोटरेक्टर तक पहुँचने का हैं।

उन्होंने आगे कहा, मेरे हिसाब से सिर्फ घूम-घूमकर रोटेरियनों से बातचीत करने को चुनाव प्रचार नहीं माना जा सकता।

इस उत्तर पर रविंद्रन ने प्रतिक्रिया दी: श्रीमान निदेशक जी भारत अकेला ऐसा देश नहीं है जहाँ

से शिकायतें आती हैं। दक्षिण अमेरिका, फिलीपींस और अन्य जगहों से भी शिकायतें आती हैं। मेरा सवाल यह है: मंडल इस बारे में क्या कर रहा है? आप दोनों मंडल के निदेशक हैं।

इस पर नागेश ने उत्तर दिया: मंडल बहुत स्पष्ट है। कोई प्रचार-प्रसार या अभियान की अनुमति नहीं है। लेकिन मुरुगानंदम ने बहुत स्पष्ट रूप से कहा है - मांग अधिक है, आपूर्ति कम है। हम आपूर्ति बढ़ाने की योजना बना रहे हैं, 'एकजुट होकर आगे बढ़ें, विभाजित होकर गुणा करें।' यह हमारी तरफ से एक समाधान है; लेकिन मंडल की नीति बहुत स्पष्ट है कोई चुनाव प्रचार और अभियान नहीं।

मुरुगानंदम ने आगे कहा, हम उचित शिकायतों पर निश्चित रूप से कार्रवाई करेंगे। इस पर कोई संदेह नहीं है।

डे पोल से पूछे गए अगले प्रश्न का संबंध कोविड के बाद घर से काम करने की नीति से संबंधित था। ज्यादातर कंपनियाँ जिनसे में परिचित हूँ, वे सामान्य कामकाज पर लौट आई हैं। लेकिन हम अपने भवन (इवेंसटन में) देखते हैं कि वहाँ अब भी बहुत सारी खाली जगहें हैं।

उपाध्यक्ष ने उत्तर दिया कि यह कई देशों में बदलती कार्य-संस्कृति से जुड़ा हुआ मुद्दा है, जहाँ लोग घर से काम करने के आदी हो गए हैं और नए नियुक्त कर्मचारी भी पूछते हैं कि वे सप्ताह में कितने दिनों तक घर से काम कर सकेंगे। लेकिन भले ही यह अमेरिकी कंपनियों की संस्कृति बन गई हो, मेरा मानना है कि हम कोई सामान्य कंपनी नहीं हैं। हम यह स्वीकार नहीं कर सकते कि केवल मंडल की बैठक के समय ही 10 लोग हों जो बैठक के बारे में जानते हों और दफ़्तर में मौजूद हों। रो ई स्टाफ से पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने में देरी होती है, और अगर आप इवेंसटन में किसी को फ़ोन करने की कोशिश करें, तो आपको शुभकामनाएँ। हाँ, हम इसे स्वीकार नहीं कर सकते।

फिर रविंद्रन ने रो ई अध्यक्ष से पूछा: रोटरी को वास्तव में कौन चलाता है - बोर्ड या स्टाफ?

अरेज़ो ने उत्तर दिया कि जहाँ रो ई अध्यक्ष और निदेशक स्वयंसेवक होते हैं, जो क्रमशः एक और दो वर्ष के लिए पद पर रहते हैं, वहीं स्टाफ कहीं अधिक लंबे समय तक, कभी-कभी 10 से 20 वर्षों तक रहते है। इसलिए उन्हें हर चीज़ बहुत विस्तार से पता होती है। स्टाफ और स्वयंसेवकों के बीच तालमेल बहुत महत्वपूर्ण है। स्वयंसेवक नीतियाँ बनाते हैं और स्टाफ उनको क्रियान्वित करते है। और मैं यह कहना चाहता हूँ कि स्टाफ की गुणवत्ता वास्तव में बहुत उच्च स्तर की है और वे सभी अत्यंत अनुभवी हैं। यह बात ज़्यूरिख और दिल्ली दोनों में सही है। समस्या यह है कि अक्सर स्टाफ शिकायत करते है कि स्वयंसेवकों की अपेक्षाएँ बहुत अधिक होती हैं। वे रो ई के नियमों को बहुत ज़्यादा और बहुत जल्दी बदलना चाहते हैं। बहुत बार हमारे जल्दी बदलाव लाने और अपने वर्ष के दौरान परिणाम देखने की इच्छा स्टाफ द्वारा निराश कर दी जाती है क्योंकि वे कहते हैं: 'नहीं, हमें सोचने की जरूरत है, हमें धीरे-धीरे निर्णय लेना होगा, शायद यह संभव नहीं है।' इसलिए मैं स्टाफ से थोड़ा और उत्साह एवं बदलाव की तत्परता की उम्मीद करता हूँ।

लेकिन साथ ही अरेज़ो ने आगे कहा, रोटरी एक बहुत पुराना संगठन है और बदलाव हमेशा कठिन होता है। हम बिना अच्छी तैयारी, अध्ययन और योजना के बदलाव नहीं ला सकते। इन दोनों दृष्टिकोणों - एक अधिक परंपरागत और एक अधिक सक्रिय - के बीच संतुलन बैठाना ही सफलता का मूलमंत्र है। जैसा कि आप जानते हैं हमारे कुछ अध्यक्ष ऐसे भी रहे हैं जिन्होंने पूरे साल स्टाफ के साथ संघर्ष किया। लेकिन कुछ अन्य वर्षों में रिपोर्ट बहुत अच्छी रही। अब तक इस वर्ष मेरा स्टाफ के साथ बहुत अच्छा संबंध रहा है और मैं यह प्रयास कर रहा हूँ कि मेरी मांगों पर स्टाफ की ओर से अधिक उत्साही प्रतिक्रिया मिले।

डे पोल ने आगे कहा कि ऐसी कई समस्याओं का समाधान करने के लिए एक नए बिज़नेस प्लान और मॉडल की आवश्यकता है। हमें कुछ जोखिम उठाने होंगे और उसकी तैयारी के लिए हमें 3 से 5 साल लग सकते हैं! लेकिन मेरा विश्वास है कि प्रत्येक रोटेरियन इस बदलाव का इंतज़ार कर रहा है। उन्होंने कहा, विडंबना यह है, हम बदलाव की बात तो करते हैं लेकिन बदलना नहीं चाहते। मेरा व्यक्तिगत मत है कि हमें बाहरी विशेषज्ञों से सहायता लेनी चाहिए ताकि वे हमारे बिज़नेस मॉडल का संपूर्ण विश्लेषण करें और बताएं कि अगले पाँच वर्षों में हमें क्या आवश्यकता होगी।



फिर रविंद्रन ने मुरुगानंदम से भारतीय सरकार द्वारा जीएसटी की बड़ी मांग के बारे में सवाल किया। तो यह मामला इतनी बड़ी स्थिति तक कैसे पहुँचा? इसमें गलती किसकी थी? मुझे पता है कि आपने

बोर्ड और न्यासियों की बैठक में बहुत साहस के साथ एक कड़ा सवाल उठाया था। अचानक हम ऐसी स्थिति में कैसे आ गए?

रो ई निदेशक ने उत्तर दिया कि भारत में जीएसटी केवल 2017 में ही लागू किया गया था और इस समस्या के कई पहलू हैं, जिनमें जीएसटी का सही तरीके से न चुकाया जाना और सीएसआर निधि से जुड़े कर भी शामिल हैं। पेशे से चार्टर्ड इंजीनियर होने के कारण वे अप्रत्यक्ष कराधान की जटिलताओं को अच्छी तरह समझते हैं। हमें यह स्पष्ट हैं कि इस मुद्दे को सही तरीके से संभालना होगा और हमें देश के कानूनों का पालन करना होगा। हम इस प्रक्रिया में हैं और हमने कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है और हम इससे बाहर आ जाएंगे।

इस प्रश्न पर कि क्या निदेशकों की तरह न्यासियों को भी ज़ोनवार नामित किया जाना चाहिए, न्यासी ऐन ने राय दी कि भौगोलिक दृष्टिकोण अपनाने के बजाय सर्वश्रेष्ठ लोगों को न्यासी चुना जाना चाहिए ताकि फाउंडेशन के धन का विवेकपूर्ण निवेश किया जा सके।

केवल पूर्व रो ई अध्यक्ष को न्यासी प्रमुख बनने की अनुमति क्यों दी जाए, इस बारे में उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी प्रथा है क्योंकि जब आप अध्यक्ष होते हैं तो आपको पूरे रोटरी जगत के बारे में बहुत सारा ज्ञान मिलता है क्योंकि आप अपने कार्यकाल के वर्ष में बहुत यात्रा करते है।

रविंद्रन ने फिर अरेज़ो से पूछा कि रो ई अध्यक्ष और निदेशकों के सिर्फ एक और दो साल के कार्यकाल होने का क्या कारण है। हमारे प्रबंधन ढांचे में हर एक या दो साल में सब कुछ बदल जाता है। अब, क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि मर्सेडीज़-बेंज या बीएमडब्ल्यू हर साल अपने मैनेजर बदलते हैं? क्या यह सही है जो हम कर रहे हैं? क्या हमें निदेशकों का कार्यकाल तीन साल का नहीं करना चाहिए और न्यासियों के कार्यकाल को चार साल से घटाकर तीन साल कर देना चाहिए ताकि संतुलन बन सके?

इस दृष्टिकोण से सहमत होते हुए अरेज़ो ने जवाब दिया कि एक निदेशक के रूप में उन्होंने पहला साल सिर्फ यह समझने में बिताया कि यह मशीन क्या करती है, यह कैसे काम करती है और बाकी लोगों को जानने में। दूसरा साल अधिक सक्रिय था; आप वास्तव में यह व्यक्त कर सकते हैं कि आप क्या करना चाहते हैं। उन्होंने माना कि निदेशकों के लिए दो साल का कार्यकाल बहुत छोटा होता है और यह संतुलन को स्टाफ की दिशा में ले जाता है। इसलिए जब आपके पास एक निदेशक तीन साल तक रहता है तो मंडल अधिक शक्तिशाली हो जाता है, उन लोगों के साथ जो मशीन को बहुत बेहतर जानते हैं। समस्या यह हो सकती है कि तीन साल कुछ लोगों के लिए 'बहुत लंबा' माना जा सकता है, जो अभी भी अपने पेशे में सक्रिय हैं। और इसलिए हमें कुछ सबसे बेहतरीन रोटेरियनों को खोने का जोखिम होता है। लेकिन मेरा मानना है कि निदेशकों के लिए शायद तीन साल का कार्यकाल बेहतर है।■

रोटरी: प्रगति की मशाल थामे हुए

वी मुत्तुकुमारन

सामाजिक उत्प्रेरक और प्रगति के मशालवाहक के रूप में रोटरी सेवा और राष्ट्र-निर्माण की भावना के साथ एक प्रकाशस्तंभ है, भारत के उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन ने दिल्ली में आयोजित रोटरी ज़ोन इंस्टीट्यूट *तेजस - विंग्स ऑफ़ चेंज* का उद्घाटन करते हुए कहा।

अपने संबोधन में ज़ोन 4, 5, 6 और 7 के 1,500 प्रतिनिधियों सहित भारत, नेपाल और श्रीलंका से आए रोटरी नेताओं, रो ई अध्यक्ष फ्रांसेस्को अरेज़ो, उपाध्यक्ष अलैन वैन डे पोएल और स्वीडन, बेल्जियम और माल्टा से आए अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में राज्यसभा के सभापति ने रोटरी परिवार से आग्रह किया कि वे अपने निरंतर अथक प्रयासों और अटूट समर्पण को जारी रखें जिससे राष्ट्र और संपूर्ण मानवता के सामाजिक ताने-बाने को मज़बूती प्राप्त होती है। अध्यक्ष अरेज़ो के साथ हुई अपनी बातचीत को याद करते हुए उन्होंने कहा कि भारत न केवल सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, बल्कि इसका रोटरी परिवार भी दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ने वाली संस्था है। अमेरिका के बाद भारत ने बड़े पैमाने पर रोटरी परियोजनाएँ हाथ में ली हैं और स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास के क्षेत्र में आपका कार्य हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं का बेहतरीन उदाहरण है।

भारतीय रोटरी परिवार द्वारा समाज के लिए की गई विशाल सेवाओं की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा, चाहे वह *स्वच्छ भारत* हो, *बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ* हो या *हर घर जल परियोजना* हो, हर सरकारी अभियान को जमीनी स्तर पर रोटरी की भागीदारी और जुड़ाव से मज़बूती मिलती है। यह साझेदारी और ऐसी अन्य पहलें सरकारों, रोटरी और समुदायिक नेताओं के बीच सहयोग की शक्ति को प्रतिबिंबित करते हैं जो हमें यह याद दिलाता है कि सेवा के छोटे-से छोटे कार्य भी परिवर्तन की लहरें उत्पन्न कर सकते हैं।

सरकारों तथा नागरिक-आधारित पहलों के साथ साझेदारी के माध्यम से रोटरी द्वारा निभाई जा रही महत्वपूर्ण भूमिका पर राधाकृष्णन ने कहा कि ये गतिविधियाँ सामाजिक परिवर्तन को आगे बढ़ाती हैं।

अध्यक्ष अरेज़ो के साथ हुई अपनी पूर्व बातचीत का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, उन्होंने मुझे बताया कि वर्षों से रोटरी क्लबों ने पोलियो उन्मूलन की अपनी उल्लेखनीय परियोजना के साथ-साथ स्वास्थ्य, साक्षरता, जल और स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में अत्यंत प्रभावशाली वैश्विक परियोजनाएँ की हैं, जिनकी कुल लागत 350 मिलियन डॉलर से अधिक है। एक रोटरेक्टर के रूप में एक मंडल सम्मेलन में अपनी भागीदारी को याद करते हुए उन्होंने कहा, उस समय

स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास में रोटरी का कार्य हमारी राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को सुंदर रूप से पूरा करता है।

सी पी राधाकृष्णन
भारत के उपराष्ट्रपति

मैंने कहा था कि रोटरी जन्म से लेकर मृत्यु तक हर मोड़ पर साथ रहती है। नवजात बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने से लेकर स्कूल बनाने और उसे चलाने, एंबुलेंस सेवाएँ प्रदान करने और शवदाह गृहों की व्यवस्था करने तक रोटरी हर कदम पर हमारे साथ खड़ी रहती है।

उन्होंने रोटरी के संस्थापक पॉल हैरिस के प्रसिद्ध कथन का उल्लेख किया: जब आप अपने लिए जीते है, तब दूसरों के लिए भी जिएँ। इसी महान विचार ने उन्हें इस संगठन की स्थापना करने हेतु प्रेरित किया। रोटरी ने अपनी प्रमुख वैश्विक पोलियो उन्मूलन पहल के माध्यम से अब तक लगभग 2 बिलियन डॉलर का निवेश किया है, जो एक स्वस्थ समाज के निर्माण के प्रति उसके सच्चे समर्पण को दर्शाता है। अब वो दिन चले गए जब किसी बच्चे को डॉक्टर के पास ले जाने से पहले ही उसकी टांग पोलियो से प्रभावित होकर बेकार हो जाती थी, यह रोटरी की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि चलिए इस *तेजस* कार्यक्रम को कौशल विकास, पर्यावरण संरक्षण, डिजिटल साक्षरता और स्वास्थ्य सेवा में नए विचारों के लिए एक लॉन्च पैड बनाएं। उन्होंने आगे कहा, सरकार रोटरी के हर प्रयास में उसके साथ खड़ी रहेगी और मैं आप सभी को सफलता की शुभकामनाएँ देता हूँ।

उपराष्ट्रपति का स्वागत करते हुए इंस्टीट्यूट के सह-संयोजक और रो ई निदेशक एम मुरुगानंदम ने कहा कि लोकसभा सदस्य के रूप में राधाकृष्णन ने 25 देशों में अनेक सांसद प्रतिनिधिमंडलों का नेतृत्व किया, आदिवासी समुदायों के उत्थान के लिए कार्य किया, कॉयर बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में उसे पुनर्जीवित किया और अपने गृह नगर तिरुपुर के वस्त्र निर्यातकों के कल्याण का ध्यान रखा। उपराष्ट्रपति का पद संभालने से पहले वह महाराष्ट्र और झारखंड के राज्यपाल के रूप में उत्कृष्ट कार्य कर चुके हैं और तेलंगाना तथा पुडुचेरी के प्रभारी राज्यपाल भी रहे हैं।

प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए अपने उद्घाटन भाषण में इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष पीडीजी शरत जैन ने कहा, *तेजस* का अर्थ है प्रकाश और यह प्रकाश इस इंस्टीट्यूट में रोटेरियनों की प्रतिभा, ऊर्जा और निःस्वार्थ सेवा भावना के साथ जीवंत होगा। यह इंस्टीट्यूट सिर्फ एक रोटरी बैठक नहीं है बल्कि यह इस बात का उत्सव है कि हम कौन हैं, हमारे साझा उद्देश्य, करुणा और सीमाओं से परे हमारी स्थायी मित्रता का प्रमाण है। उन्होंने आगे कहा कि हम अपने लिए जो करते हैं, वो हमारे साथ ही समाप्त हो जाता है, लेकिन जो हम दूसरों के लिए करते हैं, वह अमर हो जाता है क्योंकि रोटरी एक ऐसी शक्ति है जो समुदायों को प्रकाशित करती है, जीवन का उत्थान करती है और दिलों में उम्मीद जगाती है।

रो ई मंडल 3131 के पीडीजी मंजू फडके इस इंस्टीट्यूट की सचिव थीं।

रोटेरियन दिल के बड़े होते हैं

श्री जयदेव इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवैस्कुलर साइंसेज एंड रिसर्च, बेंगलुरु के निदेशक और राज्यसभा सांसद डॉ सी एन मंजूनाथ ने कहा कि ईश्वर कुछ लोगों को सद्भावना दूत के रूप में धरती पर भेजता है, जिन्हें रोटेरियन के रूप में भी जाना जाता है, ताकि वे समुदायों की सेवा कर सकें, पीड़ित लोगों के आंसू पोंछ सकें और उनके बड़े परोपकारी दिल ही दुनिया में बदलाव लाते हैं।

एक सत्र में बोलते हुए, उन्होंने बताया कि वे पिछले 15 सालों से रोटरी से जुड़े हुए हैं, और इस दौरान उनके जयदेव अस्पताल में बच्चों के लिए 10,000 से अधिक हृदय सर्जरी की गई हैं। मंजूनाथ ने कहा, पिछले 18 सालों में, अस्पताल ने 75 लाख ओपीडी मरीज़ों का इलाज किया है और आठ लाख सर्जरी की हैं। हमारा एक सिद्धांत है: पहले इलाज,

तेजस इंस्टिट्यूट के कन्वीनर और रो ई निदेशक के पी नागेश ने अपनी पत्नी उमा के साथ पारंपरिक दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर रो ई निदेशक एम मुरुगानंदम, भारत के उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, रोटरी अध्यक्ष फ्रांसेस्को अरेज़ो, इंस्टिट्यूट सेक्रेटरी पीडीजी मंजू फडके, टीआरएफ ट्रस्टी चेयर प्रतिनिधि एन-ब्रिट आसेबोल और पीडीजी शरत उपस्थित थे।

बाद में भुगतान, और किसी भी मरीज़ को पैसे की कमी के कारण अस्पताल से नहीं निकाला जाता।

उन्होंने एक निराशाजनक तस्वीर पेश करते हुए कहा कि भारत में 60 प्रतिशत मौतें दिल का दौरा, स्ट्रोक, गुर्दे की बीमारियों, बीपी, डायबिटीज, कैंसर जैसी गैर-संचारी बीमारियों के कारण होती हैं, और इस सूची में नवीनतम नाम - मोबाइल/स्क्रीन की लत और अकेलापन भी शामिल है। उन्होंने कहा कि हर साल भारत में लगभग 30 लाख लोग दिल के दौरे और ब्रेन स्ट्रोक के कारण मरते हैं, तथा 34 वर्ष से कम आयु के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मंजूनाथ ने कहा, दवाइयों में खुशी नहीं होती, लेकिन खुशी में दवा होती है, और आगे बताया कि ऐसी दर्जनों साधारण, रोज़मर्रा की आदतें हैं जो हमें बीमारियों से दूर रख सकती हैं - अच्छी धूप, आहार, व्यायाम, मुस्कुराना, उपवास, अच्छी नींद, कृतज्ञता का भाव, एक-दूसरे से बातचीत, फलों और सब्जियों का सेवन, पारिवारिक संबंध, योग और ध्यान, और रोटरी में रहना।

उनकी संसदीय समिति ने भारत सरकार से राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ एचपीवी टीकाकरण को शामिल करने की सिफारिश की है। रोटरी क्लब 12-15 साल की लड़कियों को सर्वाइकल कैंसर का टीका लगाने में बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, जिससे 90 प्रतिशत ज़िंदगियाँ सुरक्षित रह सकती हैं।

रोटरी दोस्ती का दूसरा नाम है, और आज आपका हस्ताक्षर, कल आपका ऑटोग्राफ होता है। दीर्घायु हों, युवा बने रहें, उन्होंने आगे कहा।

रो ई अध्यक्ष अरेज़ो ने बेंगलुरु स्थित श्री जयदेवा इंस्टिट्यूट ऑफ़ कार्डियोवैस्कुलर साइंसेज़ एंड रिसर्च के निदेशक डॉ सी एन मंजुनाथ को स्मृति-चिह्न भेंट किया। रो ई निदेशक नागेश भी चित्र में शामिल हैं।

राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी

एक नए दौर की दहलीज़ पर

राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अपने सांस्कृतिक लोकाचार से प्रेरित सदियों पुराने विकास मॉडल का अनुसरण करते हुए भारत एक नए युग की ओर अग्रसर है।

उन्होंने आईएमएफ प्रमुख क्रिस्टालिना जॉर्जीवा का हवाला दिया, जिन्होंने हाल ही में कहा था कि भारत आने वाले वर्षों में वैश्विक संपत्ति का 15 प्रतिशत उत्पन्न करेगा, और इस प्रकार दुनिया का विकास इंजन बन जाएगा। रेटिंग एजेंसी मूडीज़ ने वित्त वर्ष 2027 में देश की जीडीपी वृद्धि दर 7 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। उन्होंने कहा हम डिजिटल लेनदेन में नंबर एक हैं, वैश्विक लेनदेन में हमारा योगदान 48 प्रतिशत है, जो अमेरिका और चीन के कुल योग से भी अधिक है।

भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, चौथा सबसे बड़ा स्टॉक एक्सचेंज है, ऑटोमोबाइल निर्माण में तीसरे स्थान पर है, विमानन उद्योग में भी तीसरे स्थान पर है और मोबाइल फ़ोन बनाने में दूसरा सबसे बड़ा देश है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2025 में, देश का सबसे बड़ा डिजिटल इंटरफ़ेस प्रदाता, यूपीआई, वीज़ा को पीछे छोड़कर दुनिया का सबसे बड़ा डिजिटल गेटवे बन गया। उन्होंने आगे कहा कि हमारा चंद्र मिशन चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने वाला पहला मिशन था।

भारत ने दुनिया के दो विरोधी गुटों के बीच एक बेहतरीन भू-रणनीतिक संतुलन बनाया है - हम क्वाड और ब्रिक्स, दोनों के संस्थापक सदस्य हैं। हम रूस के साथ मिलकर ब्रह्मोस मिसाइल बनाते हैं, जबकि अमेरिका हमें प्रीडेटर ड्रोन उपलब्ध कराता है। भारत ने फ्रांस से डसॉल्ट, ताइवान से फॉक्सकॉन और अमेरिका से आईफोन सहित वैश्विक निर्माताओं को आकर्षित करना शुरू कर दिया है। त्रिवेदी ने कहा कि वैश्विक नेता के रूप में भारत का उदय, एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी नई तकनीक में उसके बढ़ते नेतृत्व के साथ-साथ है।

उन्होंने आगे कहा कि संघर्षों से भरी दुनिया में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है, क्योंकि यह सबसे तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है, इसकी आबादी सबसे युवा है और यह दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यताओं में से एक है। ■

गांधीवादी मार्ग से वैश्विक शांति की ओर

टीम रोटरी न्यूज़

रोटरी क्लब हावड़ा के अध्यक्ष शंकर कुमार सन्याल (नीली जैकेट में) भारत और कोरिया से आए प्रतिनिधियों के साथ, इंचियोन (कोरिया) में महात्मा गांधी की प्रतिमा का अनावरण करने के बाद।

सितंबर में दक्षिण कोरिया में इंचियोन इंटरनेशनल पीस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। गांधीवादी शांति कार्यकर्ता और रोटरी क्लब हावड़ा रो ई मंडल 3291 के अध्यक्ष शंकर कुमार सन्याल ने भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उनके साथ थे -

तुषार गांधी (अध्यक्ष, महात्मा गांधी फ़ाउंडेशन, मुंबई और गांधीजी के परपोते), कुमार प्रशांत (अध्यक्ष, गांधी शांति फ़ाउंडेशन, दिल्ली), पी मारुति (सचिव, टीबीवी समिति, चेन्नई), प्रेरणा देसाई (अर्थशास्त्री),सोनल गांधी (महाराष्ट्र), शिखा सन्याल (पश्चिम बंगाल), और संजय राय (उत्तर प्रदेश)।

इन सभी ने कोरिया में आयोजित शांति सेमिनार को संबोधित किया।

यह सम्मेलन कोरिया की कई संस्थाओं- जैसे इंचियोन न्यूज़पेपर्स, वॉयस ऑफ़ पीस एंड पीपल (VOP), इंचियोन कल्चरल फ़ाउंडेशन-तथा भारतीय दूतावास (कोरिया), इंस्टीट्यूट ऑफ़ इंडियन स्टडीज़, नॉन-वायलेंट पीस वेव और हरिजन सेवा संघ (जिसके अध्यक्ष सन्याल हैं) के संयुक्त प्रयास से आयोजित हुआ।

सम्मेलन के उद्घाटन के बाद, सन्याल ने इंचियोन के एक सार्वजनिक स्थल पर गांधीजी की प्रतिमा का अनावरण किया। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता करते हुए पार्क ह्युनसु किम, सीईओ, *इंचियोन इल्बो* (कोरिया का लोकप्रिय दैनिक), ने कहा:

शांति कोई निष्क्रिय अवस्था नहीं, बल्कि सक्रिय प्रतिबद्धता है-हमारे व्यवहार में सत्य, हृदय में करुणा और समाज में न्याय के साथ। उन्होंने कहा कि युद्ध, जलवायु संकट और भेदभाव-ये सभी हिंसा के रूप हैं, और इनसे निपटने के लिए हमें सबसे पहले अपने भीतर की नफ़रत को मिटाना होगा। सन्याल ने हरिजन सेवक संघ की ओर से तीन समझौता ज्ञापनों (MoUs) पर हस्ताक्षर किए- ग्योंगिन नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ़ एजुकेशन (GNUE), सनशाइन मिरयोंग योगा कल्चरल सेंटर,और कोरिया रिसर्च इंस्टीट्यूट फ़ॉर लोकल एडमिनिस्ट्रेशन के साथ। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने इसके बाद इंचियोन और सियोल का दौरा किया और फिर जापान रवाना हुए।

जापान में उनकी यात्रा माउंट फ़ूजी के पास से शुरू हुई, जहाँ उनका स्वागत युका सायोंजी ने किया, जो जापान के पूर्व प्रधानमंत्री सायोंजी किनमोची की प्रपौत्री हैं।

गॉय पीस फ़ाउंडेशन का प्रतिनिधित्व करते हुए उन्होंने टीम को जीपीएफ़ पीस पार्क ले गईं, जहाँ 194 देशों के झंडे वैश्विक एकता का प्रतीक बनकर लहरा रहे थे। वहीं, 89 वर्षीय हीरोशिमा परमाणु विस्फोट की जीवित बचे और जीपीएफ़ की अध्यक्ष तोशिका तनाका और सन्याल ने मिलकर एक संयुक्त शांति अपील लिखी, जिसका मुख्य संदेश था:

परमाणु हथियारों को हमेशा के लिए समाप्त किया जाए - समूचे जीवन की रक्षा के लिए।

हिबिया (टोक्यो के पास) में सन्याल और उनकी टीम ने जापानी शांति कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। सन्याल ने बताया, हमने भारत और जापान के बीच आपसी समझ बढ़ाने और शांति निर्माण के लिए ठोस कार्यक्रमों व रणनीतियों पर चर्चा की। ■

पोलियो योद्धाओं का सम्मान

जयश्री

तेजस रोटरी ज़ोन संस्थान ने तीन दिग्गजों - पीआरआईडी अशोक महाजन, पीडीजी दीपक कपूर और पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्षवर्धन - के सम्मान में एक सत्र आयोजित किया, जिनके समर्पण ने भारत को पोलियो पर कड़ी मेहनत से मिली जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड्स से सम्मानित किया गया। इस सत्र का संचालन पीआरआईडी ए एस वेंकटेश ने किया और संचालन संस्थान की सचिव पीडीजी मंजू फड़के ने किया।

पीआरआईडी महाजन के लिए, जिनका नेतृत्व और प्रयास भारत में रोटरी की पोलियो की कहानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे, यह अभियान कभी भी एक कार्यभार नहीं था। यह मेरे लिए एक पुकार थी, जब से मैं 1996 में रोटरी पोलियोप्लस कार्यक्रम से जुड़ा। उनके लिए एक बड़ा मोड़ तब आया जब उन्होंने नई दिल्ली में लगभग 100 उलेमा (मुस्लिम धर्मगुरुओं) से मुलाकात की। यह एक महत्वपूर्ण पहल थी, जिसने उत्तर प्रदेश में कई वर्षों से बनी झिझक और गलतफ़हमियों को काफी हद तक दूर किया। अप्रैल 2006 के उस दिन को याद करते हुए (जब वे अभी-अभी रो ई निदेशक चुने गए थे), महाजन ने बताया, जब मैं कमरे में दाखिल हुआ, मेरे हाथ में कोई कागज़ नहीं था। लेकिन उस दिन मेरी ज़ुबान पर देवी सरस्वती विराजमान थीं। मैंने बैठक की शुरुआत इन आयतों से की: बिस्मिल्लाह-हिर-रहमान-निर-रहीम; *ला इलाहा इल्ल-इल्लाह-उल-अज़ीम-उल-हलीम; ला इलाहा इल्ल-इल्लाह-उर-रहमान-उर-रहीम; ला इलाहा इल्ल-इल्लाह-उर-रहमान-उर-रहीम।* पवित्र कुरान से उनके शुरुआती पाठ ने तुरंत ही मौलवियों का विश्वास जीत लिया। इसके बाद जो हुआ उसने पूरे राज्य में पोलियो अभियान की दिशा बदल दी। उनमें से एक ने सुझाव दिया, अगर आप हमारा सहयोग चाहते हैं, तो राज्य के हर मंडल में एक समिति बनाएँ। महाजन और उनकी टीम ने तुरंत कार्रवाई की और कार्यक्रम के इतिहास में सबसे प्रभावी समुदाय-संचालित सहयोगों में से एक की शुरुआत की।

उन्होंने याद करते हुए कहा, हम लखनऊ और उत्तर प्रदेश के अन्य हिस्सों में एक कोर ग्रुप बनाने में कामयाब रहे। जब सब-एनआईडी की घोषणा हुई, तो हमने सुनिश्चित किया कि सभी उलेमा सदस्य अपने बच्चों, नाती-पोतों या किसी भी रिश्तेदार को पोलियो की दवा पिलाएँ; यह पूरे राज्य में कैमरे के सामने प्रसारित किया गया और हमें समुदाय से समर्थन मिलने लगा।

लेकिन खुशी ज्यादा दिनों तक नहीं रही; अगले 10 दिनों में, महाराष्ट्र के मालेगांव से पोलियो के चार मामले सामने आए, और राज्य के स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि सरकार कुछ नहीं कर सकती। लेकिन पीआरआईपी राजेंद्र साबू ने हाथ उठाकर धीरे से कहा कि अगर महाराष्ट्र सरकार कुछ नहीं कर पा रही है, तो रोटरी करेगी, और महाजन का अधिकारियों से परिचय कराया।

उन्होंने कहा, मालेगाँव में हालात यूपी से भी ज्यादा मुश्किल थे; यहाँ सिर्फ समुदाय ही नहीं, बल्कि चिकित्सा समुदाय और मीडिया भी पोलियो की बूंदों के खिलाफ थे। संदेह, गलतफ़हमियों और विरोध का सामना करते हुए, उन्होंने पीडीजी राजीव प्रधान (रो ई मंडल 3132) के साथ पाँच दिन मालेगाँव में बिताए, परिवारों से मिले और सार्वजनिक सभाओं में लोगों को समझाया। याद करते हुए उन्होंने कहा, हमने तो एक बैठक श्मशान घाट में भी की, जहाँ उन्होंने हमें ज़मीन पर बैठाकर हमारी बात सुनी। आखिरकार, उन्होंने धीरे-धीरे समुदाय का विश्वास जीत लिया, और इसके लिए मैं भारत राष्ट्रीय पोलियोप्लस समिति और उसके अध्यक्ष पीडीजी दीपक कपूर का धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने हर कदम पर हमारा साथ दिया।

महाजन ने रो ई मंडल 3120 के पूर्व अध्यक्ष अजय सक्सेना और उलेमा मौलाना राशिद को भी श्रेय दिया, जिन्होंने मुस्लिम धर्मगुरुओं को बातचीत के लिए तैयार किया। उन्होंने स्वीकार किया, हम डरे हुए थे, लेकिन हमें पता था कि हम सही काम

कर रहे हैं। इसके बाद जो बदलाव आया, वह रोटरी की सबसे महत्वपूर्ण जमीनी सफलताओं में से एक था। संस्थान के संयोजक रो ई निदेशक के पी नागेश को धन्यवाद देते हुए उन्होंने कहा, मुझे बहुत खुशी है कि आज हमारे द्वारा किए गए काम को सराहा जा रहा है।

उन्होंने अपना पुरस्कार पीआरआईडी ओ पी वैश को समर्पित किया, जिन्होंने उन्हें 1996 में पोलियोप्लस समिति में काम करने के लिए आमंत्रित किया था, और आदित्य बिड़ला सामुदायिक पहल और ग्रामीण विकास केंद्र की अध्यक्ष राजश्री बिड़ला को भी समर्पित किया। उन्होंने रोटरी के पोलियो उन्मूलन अभियान में 19 मिलियन डॉलर का योगदान दिया है। जब पीआरआईपी कल्याण बेनर्जी ने मुझे निजी क्षेत्र से धन जुटाने के लिए समन्वयक बनने के लिए आमंत्रित किया, तो उन्होंने ₹1 करोड़ का लक्ष्य रखा। मैंने श्रीमती बिड़ला से संपर्क किया और उन्होंने चाय पर ही मेरा अनुरोध तुरंत स्वीकार कर लिया। उन्होंने मुझे मेरी अपेक्षा से कहीं ज़्यादा दिया। जब भी मैं उनसे पोलियो उन्मूलन कार्यक्रम के लिए धन मांगता हूँ, वे तुरंत दे देती हैं। महाजन ने अपना पुरस्कार मौलाना राशिद को समर्पित किया, जिन्होंने उलेमा समिति के साथ कई बैठकों में उनका मार्गदर्शन किया।

उन्होंने कहा, अब जब मुझे यह पुरस्कार मिल गया है, मैं पीछे नहीं हटूँगा। मैं तब तक लड़ता रहूँगा जब तक दुनिया पोलियो मुक्त नहीं हो जाती और रोटरी को इस उपलब्धि के लिए लंबे समय तक याद रखा जाएगा। मैंने कई बार विशेषज्ञों को यह कहते सुना है कि भारत पोलियो से मुक्ति पाने वाला आखिरी देश होगा। उस समय ऐसा लग रहा था क्योंकि क्योंकि हमें जिस तरह का विरोध झेलना पड़ा, वह बहुत बड़ा था।

आईएनपीपीसी के अध्यक्ष कपूर को उनकी सावधानीपूर्वक योजना और क्षेत्र में व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के लिए सम्मानित किया गया। मंजू ने कहा, टीमों को संगठित करने की उनकी क्षमता ने रोटरी की पोलियो रणनीति को और अधिक समन्वित और प्रभावशाली बनाया। कपूर ने भी यह पुरस्कार पीआरआईपी साबू और बनर्जी, तथा पीआरआईडी सुशील गुप्ता, सुदर्शन अग्रवाल और वैश को समर्पित किया। उन्होंने कहा, इन्हीं के मजबूत कंधों के सहारे भारत सरकार और हमारे साझेदार डब्ल्यूएचओ, यूनिसेफ और सीडीसी के साथ मिलकर जंगली पोलियो वायरस को खत्म करने में सफल हो पाया। उन्होंने कहा, अंतिम लक्ष्य तक पहुँचने के लिए, हमें सबसे बेहतरीन निगरानी रखनी होगी; हर बच्चे को टीका लगाना होगा और अभी भी इस काम को पूरा करने के लिए बड़े फंड की आवश्यकता है।

अपने संबोधन में डॉ हर्षवर्धन ने याद किया कि दिसंबर 1993 में कुछ बाल रोग विशेषज्ञों से हुई एक आकस्मिक बातचीत ने उन्हें यह सोचने पर मजबूर किया कि पोलियो को सिर्फ नियंत्रित नहीं, बल्कि पूरी तरह खत्म भी किया जा सकता है। इसके बाद उन्होंने दुनिया भर के प्रयासों का गहराई से अध्ययन किया और उन्हें विश्वास हो गया कि अगर ब्राज़ील और क्यूबा पोलियो को खत्म कर सकते हैं, तो भारत क्यों नहीं?

उन्होंने आगे रोटरी की महत्वपूर्ण साझेदारी पर जोर देते हुए इसे मेरे सार्वजनिक जीवन का सबसे बड़ा खज़ाना कहा। उन्होंने वैश्विक उपलब्धियों की नाज़ुक स्थिति की ओर भी ध्यान दिलाया। हालिया डेटा का हवाला देते हुए, जिसमें 13 देशों में पोलियो के 39 मामले (पाकिस्तान में 30, अफ़ग़ानिस्तान में 9) और वैक्सीन-जनित पोलियो वायरस के 169 मामले बताए गए थे, उन्होंने कहा, अगर हम पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान, तथा अन्य देशों में इस वायरस को खत्म नहीं कर पाए, तो दुनिया अगले दस वर्षों में हर साल दो लाख मामलों का सामना कर सकती है, जो निश्चित रूप से 1988 की संख्या से कहीं ज़्यादा होगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, मेरी आखिरी इच्छा है कि जिस दिन दुनिया पोलियो-मुक्त घोषित होगी, मैं आप सभी के साथ खड़ा रहूँ।

शिमोगा से आए रो ई मंडल 3182 के पीडीजी डॉ पी नारायण को उनकी अनुपस्थिति में सम्मानित किया गया। सत्र का समापन करते हुए पीआरआईडी वेंकटेश ने प्रतिनिधियों को याद दिलाया कि भले ही भारत को पोलियो मुक्त हुए एक दशक से अधिक समय हो चुका है, लेकिन अंतिम लक्ष्य वैश्विक है, और रोटरी की भूमिका अब भी उतनी ही महत्वपूर्ण बनी हुई है।

दिन में इससे पहले, इंस्टिट्यूट के दौरान आयोजित एक रोटरी गोल्फ टूर्नामेंट ने टीआरएफ के पोलियो फंड के लिए 250,000 डॉलर जुटाए।

दाएँ से बैठे हुए: पीआरआईडी अशोक महाजन, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ हर्ष वर्धन और आईएनपीपीसी चेयर पीडीजी दीपक कपूर। साथ ही दिख रहे हैं (बाएँ से खड़े): इंस्टिट्यूट चेयरमैन शरत जैन, टीआरएफ ट्रस्टी एन-ब्रिट एसिबोल, रो ई वाइस-प्रेसिडेंट अलैन वैन डे पोल, पीआरआईपी राजेन्द्र साबू, रो ई अध्यक्ष फ्रांसेस्को अरेज़ो, रो ई निदेशक के पी नागेश और एम मुरुगानंदम, पीआरआईपी कल्याण बेनर्जी और पीआरआईडी ए एस वेंकटेश।

अगले अंक में इंस्टिट्यूट की और कहानियाँ

दिल्ली इंस्टिट्यूट के पल

बाएँ से: टीआरएफ ट्रस्टी ऐन-ब्रिट आसेबोल, अन्ना, रो ई अध्यक्ष फ्रांसिस्को अरेज़ो, इंस्टिट्यूट कन्वीनर, और रो ई निदेशक के पी नागेश, रो ई निदेशक एम मुरुगानंदम और सुमति।

पीआरआईपी कल्याण बेनर्जी, पीआरआईपी राजेंद्र साबू और पीआरआईडी अशोक महाजन।

अध्यक्ष अरेज़ो और अन्ना एक हल्का-फुल्का क्षण साझा करते हुए।

रो ई निदेशक मुरुगानंदम और सुमति।

एक प्रतिनिधि से बातचीत करती अन्ना; तस्वीर में अध्यक्ष अरेज़ो भी दिखाई दे रहे हैं।

ऊपर: दिल्ली की टीम ने मशहूर हिंदी फिल्म ओम शांति ओम *के एक गाने पर आधारित एक एंटरटेनमेंट प्रोग्राम पेश किया।*



निदेशक नागेश एक प्रतिनिधि के साथ थिरकते हुए।

अध्यक्ष अरेज़ो और अन्ना, पीआरआईपी साबू और उषा के साथ।

रो ई निदेशक नागेश अपनी पत्नी उमा और इंस्टिट्यूट चेयर शरद जैन के साथ बातचीत करते हुए।

पीआरआईडी ए एस वेंकटेश और विनिता।

रो ई निदेशक नागेश और उमा, पीडीजी शरद जैन और रुचिका अपनी बेटियों के साथ।

ऊपर से: पीआरआईपी शेखर मेहता और राशी; इंस्टिट्यूट चेयर पीडीजी शरद जैन और रुचिका।

पीआरआईडी वेंकटेश, रो ई मंडल 3011 के डीजीई अजीत जालान, रो ई मंडल 3192 के डीजीई रविशंकर डाकोजू और पाओला।

बाएँ: पीआरआईडी राजू सुब्रमणियन, पीडीजी सुरेश हरी के साथ।

पीआरआईडी मनोज देसाई और शर्मिष्ठा, पीआरआईपी बेनर्जी के साथ।

पीआरआईडी पी टी प्रभाकर और सी भास्कर।

दाएँ: पीआरआईपी के आर रवींद्रन और वानति, पीआरआईपी साबू और उषा के साथ।

नीचे: पीआरआईडी अनिरुद्धा रॉयचौधरी और शिप्रा।

ऊपर: पीडीजी जॉन डैनियल और डीजीएन मीरा जॉन, अध्यक्ष अरेज़ो, अन्ना, प्रेसिडेंशियल एड जॉन डी जॉर्जियो और उनकी पत्नी मोनिक चेम्बर्स के साथ।

बाएँ: पीआरआईडी कमल सांगवी, महेश कोटबगी और सी भास्कर।

पीआरआईडी राजू सुब्रमणियन और विद्या।

इंस्टिट्यूट कन्वीनर, रो ई निदेशक नागेश, इंस्टिट्यूट चेयर शरद जैन और रुचिका, रो ई अध्यक्ष अरेज़ो और अन्ना के साथ।

ऊपर: अध्यक्ष अरेज़ो और अन्ना मंडल नेताओं और उनकी पत्नियों के साथ।

बाएँ: रो ई निदेशक मुरुगानंदम, रो ई उपाध्यक्ष एलेन वैन डे पोल और पीआरआईडी सुब्रमणियन।

ऊपर: पीआरआईपी रवींद्रन और वानति, पीडीजी पवन अग्रवाल और इंस्टिट्यूट सेक्रेटरी मंजू फडके से बातचीत करते हुए।

रो ई उपाध्यक्ष डी पोल और फ्रांस्वा।

पीआरआईपी शेखर मेहता और राशी, पीडीजी रमेश चंदर और उनकी पत्नी राजश्री के साथ।

ऊपर: अध्यक्ष अरेज़ो और अन्ना, रो ई निदेशक नागेश और शरद जैन, सार्जेंट्स-एट-आर्म्स के साथ।

चित्र: राशिदा भगत और इंस्टिट्यूट फ़ोटोग्राफ़र्स

एस कृष्णप्रतीश द्वारा रूपरेखा

Rotary PEOPLE OF ACTION

बीकानेर में महिलाओं को सशक्त बनाने की पहल

टीम रोटरी न्यूज़

डीजी निशा शेखावत (बाएँ से चौथी), रोटरी क्लब बीकानेर अपराइज से अध्यक्ष रुचि दास्तारी (बाएँ से दूसरी) और क्लब सदस्य बेज़ुबान वेल्फ़ेयर सोसाइटी में।

रोटरी क्लब बीकानेर अपराइज़, रो ई मंडल 3053 ने स्थानीय महिलाओं और लड़कियों को कौशल, आत्मविश्वास और आर्थिक स्वतंत्रता देने के लिए तीन दिन का व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की।

क्लब की चार्टर सदस्य और अध्यक्ष रूचि दास्तरी बताती हैं, हमारे शहर में ज्यादातर परिवार महिलाओं को घर से बाहर काम करने के लिए प्रोत्साहित नहीं करते। इसलिए लड़कियाँ ब्यूटी केयर, सिलाई और कढ़ाई जैसे काम करना पसंद करती हैं।

लगभग 80 प्रतिभागियों ने मानसिक स्वास्थ्य, नेल आर्ट, एडवांस हेयर ट्रीटमेंट, हेयरस्टाइलिंग, ब्राइडल मेकअप और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट पर सत्रों में भाग लिया।

रूचि कहती हैं, हमने साइबर सुरक्षा और डिजिटल जागरूकता का एक बुनियादी सत्र भी रखा, जिसमें विशेषज्ञ ने ऑनलाइन फंड ट्रांसफर और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के बारे में सिखाया-खासकर युवा लड़कियों को, जो डिजिटल धोखाधड़ी का निशाना बन सकती हैं।

उत्साहजनक प्रतिक्रिया को देखते हुए क्लब अब एक और लंबी अवधि का कार्यक्रम शुरू करने की योजना बना रहा है।

महिला सशक्तिकरण के अलावा यह क्लब समुदाय के लिए भी कई काम कर रहा है। हाल ही में उन्होंने बेजुबान वेलफेयर सोसाइटी परिसर में दो मजबूत कंक्रीट एनिमल शेल्टर बनाए, ताकि विकलांग कुत्तों और बिल्लियों को मौसम से बेहतर सुरक्षा मिल सके।

रूचि बताती हैं, अब इस शेल्टर में लगभग 150 आवारा जानवर हैं, जबकि पहले 50-60 ही थे। संस्था ने एनिमल एम्बुलेंस की जरूरत बताई है, जिसके लिए हम फंड जुटा रहे हैं।

एक अन्य हरित पहल के तहत क्लब सदस्यों ने राधानगर कॉलोनी में 1,000 औषधीय पौधे लगाए।

क्लब अपनी युवा ऊर्जा पर गर्व करता है। इसके 38 सदस्य हैं - अध्यक्ष मुस्कुराते हुए बताती हैं, हमारे यहाँ सबसे उम्रदराज सदस्य भी सिर्फ 35 साल की हैं! ■

क्लब सदस्य व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रतिभागियों के साथ।

200 महिलाओं को समर्थ बनाना

रशीदा भगत

अक्टूबर में, रो ई मंडल 3233 के कई क्लब एक साथ आए और उन्होंने चेन्नई की 200 वंचित महिलाओं को न केवल सिलाई मशीनें दीं, बल्कि उन्हें उन मशीनों का उपयोग करने का प्रशिक्षण और ज़रूरी कौशल भी सिखाया, ताकि इससे वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें और अपने परिवारों की आमदनी में योगदान दे सकें।

यह परियोजना रो ई मंडल 3233 की महिला सशक्तिकरण समिति की अध्यक्ष और रोटरी क्लब चेन्नई सनराइज़ की सदस्य अनीस बेगम की सोच का परिणाम है। इसने स्थानीय मीडिया में खूब सुर्खियाँ बटोरीं, क्योंकि हाल ही में नवीनीकृत वल्लुवर कोट्टम में 200 महिलाओं के एक साथ इकट्ठा होने और चमचमाती नई सिलाई मशीनें लेकर घर लौटने का दृश्य बेहद आकर्षक था।

परियोजना के बारे में बताते हुए, परियोजना अध्यक्ष अनीस ने कहा कि जब डीजी देवेंद्रन ने उन्हें फोन किया और कहा कि वे उन्हें इस समिति का अध्यक्ष बनाया जा रहा है, क्योंकि वे स्वयं एक महिला उद्यमी हैं (हाइकू फूड्स की अध्यक्ष, जो ब्रेड, चपाती आदि बनाती है) और उनके पास और महिलाओं को उद्यमी बनाने के अच्छे विचार हैं, तब उन्होंने फैसला किया कि महिलाओं को सिलाई मशीनें देने वाली क्लब परियोजना को मंडल परियोजना में बदल दिया जाए।

आख़िरकार, जो एक छोटी-सी योजना थी, वह एक बड़ी परियोजना बन गई, जिसमें गरीब परिवारों की महिलाओं को प्रशिक्षण देने और उन्हें सिलाई मशीनें देने पर ₹15 लाख खर्च किए गए। चुने गए मॉडल की एक उषा सिलाई मशीन की कीमत लगभग ₹7,500 होती है, लेकिन काफी बातचीत और यह देखते हुए कि यह एक सामुदायिक सेवा परियोजना है, वह ₹5,000 प्रति मशीन की दर से उन्हें खरीदने में सफल रहीं।

जब कोई अच्छा काम किया जाता है, तो प्रायोजक अपने आप मिल जाते हैं; रो ई मंडल 3233 स्थित एक क्लब, रोटरी क्लब मद्रास आर्च सिटी ने 33 मशीनों को प्रायोजित किया, और रोटरी क्लब मद्रास नॉर्थ वेस्ट ने 20 मशीनों को प्रायोजित किया। अनीस ने खुद और उसकी दो सहेलियों ने, प्रत्येक ने 25 मशीनों का भुगतान किया और कुल मिलाकर 200 महिलाओं को *तैयल नायगी* (सिलाई चैंपियन) नामक परियोजना के माध्यम से मदद मिली।

प्रोजेक्ट चेयर अनीस बेगम (बाएँ से तीसरी बैठे हुए), राज्यसभा सांसद कनिमोळी, डीजी डी देवेंद्रन, पीडीजी ISAK नज़ार और पीडीजी जी चंद्रमोहन तैयल नायगी *परियोजना के लाभार्थियों के साथ। चित्र में सवेरा होटल्स की एमडी नीना रेड्डी बाएँ से दूसरी बैठी हुई भी शामिल हैं।*

डीजी डी देवेंद्रन और पीडीजी ISAK नज़ार (दाएँ) राज्यसभा सांसद कनिमोळी को स्मृति-चिह्न देते हुए। मंडल महिला सशक्तिकरण समिति की चेयर अनीस बेगम भी चित्र में शामिल हैं।

200 लाभार्थियों की पहचान कैसे हुई, इस बारे में अनीस कहती हैं कि वह उत्तरी मद्रास पर ध्यान केंद्रित करना चाहती थीं क्योंकि वहाँ गरीबी का स्तर ज़्यादा है। वह बताती हैं कि बारहवीं पास कर चुकीं और सपने देखने वाली महिलाओं की मदद के लिए, जिनके पास न तो कोई नौकरी है और न ही आय का कोई हुनर। सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) एक रजिस्टर रखते हैं जहाँ ऐसी महिलाएँ अपना विवरण और वह क्षेत्र बता सकती हैं जिसमें उनकी रुचि/कौशल है। इसलिए हमने उत्तरी मद्रास के झुग्गी-झोपड़ियों वाले इलाकों के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से संपर्क किया और ओल्ड

वाशरमैनपेट से 100 तथा व्यासरपडी से 100 महिलाओं की पहचान की, जो सिलाई का प्रशिक्षण लेने में रुचि रखती थीं।

अगला स्पष्ट कदम उन्हें सिलाई का हुनर सिखाना था। इसके लिए उन्होंने अपनी एक दोस्त की मदद ली, जो महिलाओं को ब्यूटी केयर, सिलाई आदि का प्रशिक्षण देती है। परियोजना अध्यक्ष कहती हैं, मैंने उनसे पूछा कि क्या आप सिलाई के साथ-साथ उन्हें आरी का काम (कढ़ाई) भी सिखा सकती हैं। मैं चाहती हूँ कि आप मेरे लिए 200 महिलाओं को सिर्फ़ सिलाई ही नहीं, बल्कि आरी का काम भी सिखाएँ। क्योंकि अगर वे सिर्फ़ ब्लाउज़ सिलेंगी तो उन्हें सिर्फ़ लगभग ₹150 मिलेंगे। लेकिन अगर वे ब्लाउज़ पर आरी का डिज़ाइन भी कर लें, तो वे कहीं ज्यादा कमा सकती हैं। और उन्होंने इसके लिए सहमति भी दे दी।

अनीस महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए हमेशा नए-नए विचारों से भरी रहती हैं। उदाहरण के लिए, इससे पहले, उन्होंने महिलाओं को ऑटो रिक्शा देकर उन्हें सशक्त

कनिमोळी एक महिला को सिलाई मशीन सौंपती हुई, डीजी देवेंद्रन भी चित्र में शामिल है।

बनाने का विचार सामने रखा था, और 115 ऑटो महिलाओं को दिए गए, जो बाद में प्रसिद्ध पिंक ऑटो परियोजना बन गई। Lead2025 कॉन्क्लेव में रो ई के अध्यक्ष फ्रांसेस्को अरेज़ो और तमिलनाडु के उप-मुख्यमंत्री उदयनिधि स्टालिन ने चेन्नई में 100 महिला ड्राइवरों को ऑटो की चाबियाँ सौंपीं। यह उद्यमी रोटेरियन याद करती हैं कि जब उन्होंने 2019 में पहली बार महिलाओं के लिए ऑटो परियोजना के बारे में सोचा था, तब उन्होंने लाभार्थी के ड्राइविंग प्रशिक्षण के लिए आवश्यक ₹9,000 खुद खर्च किए थे। उस समय, एक ऑटो की कीमत ₹2.75 लाख थी और मैंने अपनी जेब से ₹1.25 लाख का भुगतान किया था!

सही साझेदारियों मिलने के बाद – तमिलनाडु सरकार, जिसने प्रशिक्षण के लिए स्कूल के बाद के समय में दो निगम स्कूल परिसर उपलब्ध कराए, और ट्रिनिटी ट्रेनिंग अकादमी, जिसके संस्थापक और मालिक रो ई मंडल 3233 के डीजीएन, रोटेरियन गणपति सुरेश हैं, और जिसकी सह-संस्थापक और सीईओ कविता राममोहन उनकी मित्र हैं – महिलाओं ने प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा किया। उन्हें 75 दिन के प्रशिक्षण के लिए प्रति व्यक्ति ₹3,000 की व्यवस्था भी नहीं करनी पड़ी, क्योंकि कविता ने बताया कि इसके लिए सरकारी कल्याण योजना के तहत पहले से ही फंड उपलब्ध है।

रोटरी क्लब मद्रास आर्च सिटी ने 33 मशीनों का प्रायोजन किया, और रोटरी क्लब मद्रास नॉर्थ वेस्ट ने 20 मशीनों का प्रायोजन किया। अनीस बेगम और उनकी दो सहेलियों ने, प्रत्येक ने 25 मशीनों का खर्च वहन किया।

महिलाओं को प्रशिक्षण मिला, 200 सिलाई मशीनें खरीदी गईं और परियोजना की शुरुआत की गई, जिसमें राज्यसभा सांसद कनिमोळी मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने खुशी जताई कि रोटेरियनों ने 200 वंचित महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता दिलाने के लिए इतना महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट शुरू किया है। सांसद ने परियोजना टीम से कहा कि वे यह सुनिश्चित करें कि इन महिलाओं को मार्केटिंग में मदद मिले और कुछ बुनियादी मार्केटिंग कौशल भी सिखाए जाएँ। उन्होंने कहा, इस परियोजना की ज़रूरत बिल्कुल स्पष्ट है, और मैं आपको भरोसा दिलाती हूँ कि तमिलनाडु सरकार इस पहल को पूरा समर्थन देगी।

कनिमोळी की सलाह को गंभीरता से लिया गया। अनीस कहती हैं, मैंने अंबत्तूर क्लोदिंग से बात की है और अपनी एक दोस्त से भी, जो बड़ी मात्रा में कॉटन कुर्ती बनाकर एक्सपोर्ट करती हैं, ताकि वे इन महिलाओं को कुछ काम दे सकें। मैं उन्हें कुछ थोक विक्रेताओं से भी जोड़ रही हूँ। उन्हें कपड़ा लेना होगा, घर पर ही कपड़े सिलने होंगे और इस प्रक्रिया को लगातार जारी रखना होगा। मार्केटिंग की मदद भी सोशल मीडिया के ज़रिये दी जाएगी।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए रो ई मंडल 3233 के डीजी डी देवेंद्रन ने कहा कि मजबूत नींव बनाना बहुत ज़रूरी है और महिलाओं की शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी पर उनके सशक्तिकरण की पूरी इमारत खड़ी होती है। उनका संदेश साफ़ था: आज की सिलाई मशीन कल एक छोटा व्यवसाय बन सकती है-लेकिन केवल तभी, जब उसके साथ ज्ञान और कौशल भी जुड़े हों।

उन्होंने आगे कहा कि जब इस परियोजना की शुरुआत हुई, तो लक्ष्य काफी बड़ा था: 200 वंचित महिलाओं को सिर्फ़ सिलाई मशीन देना ही नहीं, बल्कि उन्हें पूरी तरह से कौशल प्रशिक्षण देकर आत्मनिर्भरता और सम्मान की राह पर लाना। लेकिन एक अटूट विश्वास बना रहा और दुनिया भर के रोटेरियन इस मिशन के साथ खड़े हो गए। रो ई मंडल 3233 के क्लब भी एकजुट हो गए। दोस्त उद्देश्य के साथी बन गए। जो एक व्यक्ति का सपना था, वह सबके संकल्प से एक सामूहिक मिशन बन गया- दृढ़ निश्चय से बुना गया और ऐसे समुदाय के समर्थन के साथ, जो इसे असफल होने नहीं देना चाहता था, डीजी ने कहा।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीडीजी इसाक नाज़र ने दोहराया कि रोटरी महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति हमेशा प्रतिबद्ध रहा है। उन्होंने कहा, हम इसे दान के रूप में नहीं देखते; यह मानव क्षमता में किया गया एक निवेश है। पीडीजी चंद्रमोहन ने *तैयल नायगी* परियोजना को महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के बड़े परिदृश्य से जोड़ा और बताया कि कैसे *पिंक ऑटो* परियोजना भी महिलाओं के जीवन में बदलाव ला रही है और उन्हें स्वतंत्रता प्रदान कर रही है।

एकत्र हुए रोटेरियनों के लिए सबसे सुखद क्षण वह था, जब 200 महिलाएँ अपनी मशीनें लेने के लिए आगे आईं। अनीस बेगम ने कहा, हर महिला के पीछे एक परिवार था, और हर परिवार के पीछे संभावनाओं से भरा एक भविष्य। इन मुस्कुराती महिलाओं को अपनी सिलाई मशीनें लेते हुए देखना, जहाँ हर मशीन एक ऐसे परिवार का प्रतीक थी, जो अब स्थिरता और खुशहाली की ओर बढ़ रहा है - वास्तव में भावुक कर देने वाला था। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अब बच्चों को बेहतर शिक्षा मिलेगी और पूरे परिवार को एक बेहतर जीवनशैली, सम्मान और नए अवसर मिलेंगे।

हॉल खुशी और हँसी से भरा हुआ था, और आयोजन स्थल के किनारों पर महिला उद्यमियों के स्टॉल लगे थे, जहाँ वे अपने

अनीस बेगम मंडल महिला सशक्तिकरण समिति के सदस्यों के साथ।

उत्पाद प्रदर्शित कर रही थीं। रो ई मंडल 3233 की महिलाओं के सशक्तिकरण की अध्यक्ष ने मुस्कराते हुए कहा, वे खुद सशक्तिकरण की जीवंत मिसाल थीं, और उनकी मौजूदगी जैसे इन 200 महिलाओं से कह रही थी: 'कल तुम भी यहाँ हो सकती हो।'

उन्होंने आगे कहा कि इस पहल ने यह भी दिखा दिया कि बदलाव लाने के लिए हमेशा बड़े कार्यक्रम या परियोजनाएँ ज़रूरी नहीं होतीं। हम सबने महसूस किया कि ये मशीनें, जिन्हें महिलाएँ घर लेकर जा रही थीं, अनगिनत संभावनाओं से भरी थीं। कोई अपने पड़ोसियों के फटे कपड़े सीएगी, कोई बेचने के लिए नए कपड़े तैयार करेगी, और कुछ महिलाएँ आगे चलकर दूसरों को भी ट्रेनिंग देंगी, उन्हें वही उपहार आगे बढ़ाते हुए जो उन्होंने खुद पाया है। हर किसी की राह अलग हो सकती है, लेकिन दिशा एक ही होगी - आगे की ओर, आत्मनिर्भरता, सम्मान और एक ऐसा भविष्य, जिसे वे अपने ही हाथों से सीएँगी।

हर महिला के पीछे एक परिवार खड़ा था, और हर परिवार के पीछे अब एक नया, संभावनाओं से भरा भविष्य साकार हो रहा है; बच्चों को अब बेहतर शिक्षा मिलेगी और पूरे परिवार का जीवनस्तर सुधरेगा।

परियोजना की बड़ी सफलता-जो अब एक मंडल परियोजना बन चुकी है - और पीडीजी ए पी कन्ना की सलाह पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम से उत्साहित होकर, अनीस अब इसे और बड़ा बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं ताकि अधिक से अधिक महिलाओं को लाभ मिल सके। वह कहती हैं, अगले साल में 500 वंचित महिलाओं को प्रशिक्षण देने के बाद उन्हें सिलाई मशीनें देने की योजना बना रही हूँ। उस कार्यक्रम में हम मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को बुलाने की योजना बना रहे हैं। और उसके अगले साल, मैं इसे बढ़ाकर 1,000 और महिलाओं तक पहुँचाना चाहती हूँ। वह इस परियोजना में सीएसआर निधि को शामिल करने की भी योजना बना रही हैं। ■

नेकी की पूँजी

टीम रोटरी न्यूज़

जब छह साल के विराज अग्रवाल ने अपनी छोटी गुल्लक खोली और उसमें से सिक्के अपने दादाजी, विमल अग्रवाल को दिए, जो रोटरी क्लब लखीमपुर खीरी, रो ई मंडल 3120 के सदस्य हैं, तो उन्हें अंदाज़ा नहीं था कि यह एक सेवा परियोजना बन जाएगी। क्लब द्वारा धनतेरस के दिन आयोजित 'खुशियों भरी दीपावली' कार्यक्रम ने पास की झुग्गियों में रहने वाले बच्चों के चेहरों पर खुशी ला दी। उनके दादा अग्रवाल मुस्कुराते हुए कहते हैं, विराट की जमा-पूंजी ही वह पहला पैसा था जिससे उन बच्चों के लिए मिठाइयाँ और पटाखे खरीदे गए, जो शायद ही कभी त्योहार मना पाते हैं।

क्लब ने लगभग 100 बच्चों को लखीमपुर खीरी (यूपी) के सकाम होटल और श्रद्धा रेस्टोरेंट में आमंत्रित किया। वहाँ कई बच्चों ने पहली बार ए सी वाले रेस्टोरेंट में खाना खाने और विभिन्न प्रकार के व्यंजनों में से चुनने का अनुभव किया।

खाना खाने के बाद, प्रतियोगिताओं, खेलों और मनोरंजक गतिविधियों आयोजित की गईं, जिससे पूरा समारोह उत्साह से भर गया। उपहार, खिलौने, मिठाइयाँ और पटाखे लेकर घर लौटे, ऐसे त्योहार की यादों के साथ, जिन्हें वे सालों तक नहीं भूलेंगे।

क्लब अध्यक्ष प्रीति सिंह और सचिव अरुणा अग्रवाल ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया और इसे न केवल दीपों के माध्यम से, बल्कि दयालुता के कार्यों के माध्यम से प्रकाश फैलाने का प्रयास बताया, ऐसे कार्य, जो दिलों को रोशन कर देते हैं। पीडीजी डॉ अजय कुमार अरोड़ा सहित वरिष्ठ सदस्यों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया। ■

Rotary PEOPLE OF ACTION

कृत्रिम हाथों के माध्यम से जीवन में बदलाव

टीम रोटरी न्यूज़

कई लाभार्थियों के लिए पानी का गिलास पकड़ पाना या कोई वस्तु उठाना-यह सरल-सा काम भी उनकी क्षमता की पुनर्खोज जैसा भावुक क्षण बन गया। किसी ने आसानी से सब्ज़ियाँ काटीं, तो कुछ ने आत्मविश्वास के साथ वाहन चलाए-वे काम जिन्हें वे लंबे समय से नहीं कर पा रहे थे। कमरे में आँसू, मुस्कानें और हल्की-सी अविश्वसनीय खुशी भरी थी, क्योंकि लोग एक बार फिर से स्वतंत्रता का आनंद महसूस कर रहे थे।

ये दृश्य नवंबर में महाराष्ट्र के बीड स्थित जीवनज्योत अस्पताल में आयोजित दो-दिवसीय कृत्रिम हाथ वितरण शिविर के थे। यह पहल रोटरी क्लब बीड मिडटाउन, रो ई मंडल 3132 ने आर्य वैश्य महासभा (बीड), इनाली फ़ाउंडेशन (पुणे) और रोटरी क्लब पुणे डाउनटाउन, रो ई मंडल 3131 के सहयोग से आयोजित की।

दो दिनों में कुल 103 बैटरी-चालित इलेक्ट्रॉनिक कृत्रिम हाथ लाभार्थियों को लगाए गए।

क्लब अध्यक्ष राहुल बोरा कहते हैं, इन उपकरणों ने शारीरिक रूप से चुनौतीपूर्ण लोगों को गतिशीलता, गरिमा और आत्मविश्वास लौटाया, जिससे उनके जीवन में आशा का नया अध्याय शुरू हुआ।

शिविर का उद्घाटन पीडीजी ओमप्रकाश मोटीपावले और साझेदार संस्थाओं के अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने किया। समापन समारोह में डीजीई जयेश पटेल और पीडीजी हरीश मोटवानी उपस्थित थे, जहाँ रोटरी क्लब बीड मिडटाउन और रोटरी क्लब पुणे डाउनटाउन के बीच ध्वज विनिमय भी किया गया।

इस परियोजना का नेतृत्व बोरा और क्लब सचिव प्रकाश कोंका ने किया। परियोजना अध्यक्ष निलेश जगदाले और क्लब सदस्य वैभव झरकर ने इसकी सुचारु रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया। बोरा बताते हैं, डॉक्टरों, फ़िज़ियोथेरेपिस्टों, जीवनज्योत अस्पताल के स्टाफ और कई रोटरी सदस्यों ने हर लाभार्थी को फिटिंग और प्रशिक्षण प्रक्रिया में पूरा सहयोग देने के लिए अथक मेहनत की। ■

पुणे से रोटेरियन शेख हसन लाभार्थियों को प्रशिक्षण देते हुए।

अभी ना जाओ छोड़कर...

रशीदा भगत

कौन इतने सुंदर एवं आकर्षक धर्मेंद्र को भूल सकता है जिन्होंने ऋषिकेश मुखर्जी की बेहतरीन फिल्मों में से एक, *अनुपमा* (1966) में दिल को छू लेने वाली धुन या *दिल की सुनो दुनियावालो, या मुझे अभी चुप रहने दो* (हेमंत कुमार) को शर्मिला टैगोर के सामने गाते हुए बड़े शालीन और कोमल भाव से रोमांटिक अंदाज़ में प्रस्तुत किया गया। हालांकि यह फिल्म मुख्य रूप से एक महिला, उमा की कहानी बताती है जिसकी भूमिका शर्मिला टैगोर ने बेहद खूबसूरती से निभाई है, जो अपने ही भीतर सिकुड़कर रह जाती है और किसी से बात नहीं करती क्योंकि उसके पिता ने उसके जन्म के समय उसकी माँ की मृत्यु हो जाने के कारण उसे दोषी मानते हुए उससे मुँह मोड़ लिया था। धर्मेंद्र, जिन्होंने अपने करियर के शुरुआती दौर में अपनी सबसे प्रभावशाली भूमिकाओं में से एक निभाई, जो इस फिल्म में चुपचाप उस लड़की के साथ खड़े रहते हैं, उसकी देखभाल करते हुए उससे प्रेम करते हैं लेकिन कभी उसके साथ आक्रामक या जबरदस्त नहीं होते।

जैसे ही इस दिग्गज अभिनेता ने 89 वर्ष की आयु में अपने परिवार और प्रशंसकों से विदा ली तब सबसे खास याद उनके उपनाम *गरम धरम,* जो उनकी अधिकांश भूमिकाओं में उनकी माचो छवि और निश्चित रूप से बॉलीवुड की सबसे प्रतीकात्मक फिल्म - सिर्फ धर्मेंद्र की ही नहीं, बल्कि पूरी बॉलीवुड की - रमेश सिप्पी की *शोले* (1975) से जुड़ी थीं। इस फिल्म में वे अमिताभ बच्चन के शांत और स्थिर रहने वाले पात्र जय के सबसे अच्छे और मिलनसार दोस्त वीरू की भूमिका निभाते हैं। यह दोनों पहले जेल की सजा काट चुके होते है और उन्हें ठाकुर बलदेव सिंह (संजय कुमार) द्वारा गब्बर सिंह नामक एक कुख्यात और घातक डाकू को पकड़ने के लिए नियुक्त किया जाता है, जिसने रामगढ़ गाँव में आतंक फैला रखा है।

सलिम-जावेद की शानदार संवाद रचना, तीनों पुरुष कलाकारों की अदाकारी के साथ ही हेमामलिनी द्वारा निभाई गई एक हंसमुख और चुलबुली बसंती की भूमिका और सबसे महत्वपूर्ण, अमजद ख़ान द्वारा निभाए गए गब्बर सिंह के किरदार की बेहतरीन प्रस्तुति ने इस फिल्म को एक सदाबहार क्लासिक का दर्जा दिया, जो 50 साल बाद भी भारतीय दर्शकों के बीच उतना ही जीवंत है। यहीं से धर्मेंद्र ने कॉमेडी के क्षेत्र में

धर्मेंद्र, अमिताभ बच्चन, शोले (1975)।

अपनी महारत को मजबूती से स्थापित किया... याद है वो अविस्मरणीय मौसी और *चक्की पीसिंग एंड पीसिंग* वाला दृश्य, जिसमें नशे में धुत वीरू धमकी देता है कि अगर मौसी ने उसकी भतीजी बसंती से शादी करने की अनुमति नहीं दी तो वह आत्महत्या कर लेगा?

यहाँ पर धर्मेंद्र की संवाद अदायगी चाहे वह शोले में मौसी वाला दृश्य हो या मंदिर का वह मशहूर दृश्य जहाँ वह खंभे के पीछे छिपकर शिवजी की नकली आवाज़ में बसंती को उनका प्यार स्वीकार करने का दिव्य आदेश देते हैं, इस दृश्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के साथ ही हँसी से लोटपोट भी कर दिया। ऋषि दा की *चुपके चुपके* में भी वह अपनी हीरोइन (शर्मिला टैगोर) के संरक्षक ओमप्रकाश को भ्रमित करने के लिए एक ड्राइवर का वेश धारण करते हैं और उससे उत्पन्न होने वाली मज़ेदार स्थितियाँ, धर्मेंद्र की कॉमेडी भूमिका निभाने की असाधारण क्षमता को साबित करती हैं जिसकी उम्मीद आमतौर पर एक रफ-टफ और माचो मैंन की छवि वाले अभिनेता से करना कठिन होता है।

ओरिजिनल ही-मैन के नाम से मशहूर, लंबे और चौड़े कंधों वाले धर्मेंद्र की माचो छवि *फूल और पत्थर* जैसी फिल्मों और बाद की कई फिल्मों में सहज ही उभर आती थी। और यह व्यक्ति बिना किसी गॉडफादर की मदद के लुधियाना से बंबई आया था और अपनी प्रतिभा के दम पर बॉलीवुड में बड़ा मुकाम हासिल किया। एक इंटरव्यू में उन्होंने स्वीकार किया था कि शुरुआती दिनों में जब वह कुछ नहीं थे और बंबई में हर जगह लगे दिलिप कुमार के पोस्टरों को ईर्ष्या भरी निगाहों से देखते और सोचते: क्या मैं कभी उनकी तरह बन सकूँगा या दिख सकूँगा? लेकिन बाद में, उनकी वही आकर्षक शक्ल-सूरत उनकी महिला प्रशंसकों की दीवानगी का कारण बन गई। क्या उनका उपनाम *गरम धरम* सब कुछ नहीं कह देता? सात दशकों के अपने इतने लंबे और शानदार करियर में उन्होंने लगभग 300 फिल्मों में अभिनय किया और शुरुआती वर्षों में अपनी ग्रीक-गॉड जैसी खूबसूरती के चलते वह मुख्य रूप से रोमांटिक भूमिकाओं में नज़र आए जो खास तौर से महिला दर्शकों को लुभाती थीं।

क्या यह हैरानी की बात नहीं है कि एक रफ-टफ हीरो के पास इतना नक्काशीदार चेहरा था और यह अनोखा मेल महिला प्रशंसकों को दीवाना बना देता था। इसमें उनकी जादुई मुस्कान, कोमल स्वभाव और पुरातन आकर्षण जोड़ दीजिए और महिलाएँ उनकी ओर खिंची चली जाती थीं। तो फिर हेमा मालिनी कैसे खुद को रोक सकती थीं जबकि वह जानती थीं कि धर्मेंद्र पहले से शादीशुदा थे चार बच्चों के पिता थे और अपने परिवार को कभी नहीं छोड़ेंगे? धर्मेंद्र उन्हें एक फिल्म प्रीमियर में देखकर ही उन पर मोहित हो गए और लगातार उनका पीछा करते रहे। अपनी जीवनी में हेमाजी ने स्वीकार किया कि कई बार उन्हें मना करने के बाद, अंततः वह मान गईं। एक विस्मयकारी परिस्थिति में वे दोनों पति-पत्नी बने और उनकी दो बेटियाँ हुईं, जबकि धर्मेंद्र अपनी पहली पत्नी और परिवार के साथ ही रहते रहे। लेकिन जैसा कि उन्होंने कहा: वह हमेशा उनके साथ मौजूद थे; हर बार, हर जगह।

इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि उनके निधन से बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों के दिल टूट गए। अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रीति ज़िंटा ने लिखा: उस व्यक्ति के बारे में क्या कहा जाए जो इतना साफ दिल, इतना प्रेमपूर्ण, इतना करुणामय और भारतीय सिनेमा का इतना बड़ा सुपरस्टार और लेजेंड था? जब मैं उन्हें नहीं जानती थी, तब भी उनसे प्यार करती थी और जब उनसे मिली, तो उन्हें और भी अधिक अधिक पसंद करने लगी। शब्द मेरा साथ नहीं दे रहे क्योंकि मेरा दिल बहुत उदास है। उनकी सात फिल्मों

की नायिका रही शर्मिला टैगोर ने उन्हें एक स्नेही, सरल और देखभाल करने वाले इंसान, जिनमें ज़रा भी छल-कपट नहीं था, के रूप में वर्णित किया।

वह, शबाना आज़मी और जया बच्चन-इन तीनों ने धर्मेंद्र को हिंदी सिनेमा का सबसे हैंडसम हीरो माना। एक बार *कौन बनेगा करोड़पति* के एक एपिसोड में आमिर खान ने पूछा कि क्या अमिताभ बच्चन को कभी असुरक्षा महसूस होती थी जब उनकी पत्नी जया अन्य हीरो के साथ शूटिंग करती थीं। इस पर अमिताभ ने स्वीकार किया कि जया ने उन्हें साफ़ बताया था कि वह धर्मेंद्र की दीवानी थीं। प्रसिद्ध गीतकार जावेद अख्तर ने भी धर्मेंद्र के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हुए कहा था: मैंने 'ग्रीक गॉड' नहीं देखा और इसका मुझे कोई पछतावा नहीं है क्योंकि मैंने धर्मेंद्र को देखा है। जो भी व्यक्ति उन्हें देखे, बस देखते ही रह जाए। और जब हमने धर्मेंद्र को पहली बार देखा था, हमारी हालत भी ऐसी ही थी।

इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि *फूल और पत्थर, काजल, मझली दीदी* आदि में उनकी नायिका रहीं महान मीना कुमारी उन पर दिल हार बैठीं थी और बुरी तरह हार बैठीं थी!

धर्मेंद्र के दिलीप कुमार के प्रति प्रेम और सम्मान पर आते है, दिलीप कुमार अपनी आत्मकथा *The Substance and the Shadow* में याद करते हैं कि 1952 में, जब धर्मेंद्र एक कॉलेज छात्र के रूप में बंबई आए थे और बिना किसी रोक-टोक के दिलीप साहब के घर में दाख़िल हो गए और सीधे उनके बेडरूम तक पहुँच गए। अचानक दिलीप साहब जाग गए और कमरे में एक अजनबी को खड़ा देखकर मदद के लिए पुकारा और

धर्मेंद्र अपने बेटे सन्नी देओल के साथ।

मीना कुमारी के साथ, जो उनकी सात फिल्मों में सह-नायिका थीं।
बाएँ: हेमा मालिनी के साथ (तुम हसीन मैं जवान, 1970)

फिल्म *ज़लज़ला* (1988) का एक दृश्य।



जया बच्चन के साथ (*आनंधी*, 1975)।

धर्मेंद्र घबराकर वहाँ से भाग गए। छह साल बाद, वह दुबारा एक फ़िल्मफ़ेयर टैलेंट हंट में भाग लेने बंबई आए और उनकी मेकअप आर्टिस्ट, जो स्वयं को दिलीप कुमार की बहन बताती थीं, ने दोनों की मुलाकात का इंतज़ाम किया। दिलीप साहब ने बड़े स्नेह से उनका सत्कार किया, मुझसे एक बड़े भाई की तरह प्यार और चिंता से भरी बातें कीं, बताया कि वह कैसे अभिनेता बने और शुरुआत में इस पेशे की माँगों को समझना उनके लिए कितना कठिन था।

जाने से पहले दिलीप कुमार ने देखा कि वह नौजवान अपनी पतली शर्ट में काँप रहा है। वह धर्मेंद्र को ऊपर ले गए और अपनी अलमारी से एक गर्म स्वेटर निकाला, उन्हें पहनाया, गले लगाया और मुझे दरवाज़े तक छोड़ने आए। उस आलिंगन की गर्माहट मैं आज भी महसूस कर सकता हूँ क्योंकि वह बिल्कुल सच्ची थी।

विभिन्न तरह की भूमिकाओं को सहजता और बहुमुखी प्रतिभा के साथ निभाने की उनकी क्षमता ने ही धर्मेंद्र को एक महान अभिनेता के रूप में अलग पहचान दिलाई। बाद में उन्हें पद्म भूषण से सम्मानित किया गया और वह लोकसभा सांसद भी बने।

अमिताभ बच्चन के साथ धर्मेंद्र की ऑन-स्क्रीन साझेदारी जादुई थी; चाहे *शोले* हो या *चुपके चुपके*, धर्मेंद्र की स्क्रीन प्रेज़ेन्स, स्वाभाविक आकर्षण और करिश्मा इतने प्रभावशाली थे कि केवल अमिताभ बच्चन जैसे कद के अभिनेता ही उनके सामने टिक सकते थे। लेकिन मेरी व्यक्तिगत राय में, दोनों फिल्मों में शायद उनके द्वारा निभाए गए जीवंत और ऊर्जावान किरदारों के कारण ही सम्मान तो धर्मेंद्र ही ले गए।

एक्स (X) पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अमिताभ बच्चन ने लिखा: एक और महान इंसान हमें छोड़कर चले गए,

शर्मिला टैगोर के साथ (अनुपमा, 1966)।

पीछे छोड़ गए एक चुप्पी जिसमें असहनीय आवाज़ है। उन्हें महानता की मूर्ति बताते हुए उन्होंने धर्मेंद्र के विशाल हृदय और उनकी सबसे प्यारी सरलता की प्रशंसा की। वह अपने साथ पंजाब के गाँव की मिट्टी की सरलता लाए और उस स्वभाव के प्रति सच्चे रहे उनकी मुस्कान, उनका आकर्षण और उनकी गर्मजोशी, उनके आस-पास मौजूद प्रत्येक व्यक्ति तक पहुँचती थी, जो इस पेशे में दुर्लभ थी हमारे चारों ओर की हवा खाली सी हो गई है।

धर्मेंद्र अंत तक सक्रिय रहे और हाल ही में 2023 में उन्होंने *रॉकी और रानी* की प्रेम कहानी में एक छोटी लेकिन यादगार भूमिका निभाई। इस औसत फिल्म का एक हिट दृश्य वह था जिसमें व्हीलचेयर पर बैठे धर्मेंद्र उठते हैं, चलने लगते हैं और शबाना आज़मी का स्वागत करते हैं, उनके गहरे-सूरे बाल और वह दृश्य जब वह कमरे से निकल रही होती हैं, तो वह मोहम्मद रफ़ी और आशा भोंसले का अमर गीत गुनगुनाने लगते है: *अभी न जाओ छोड़कर कि दिल अभी भरा नहीं।* मैंने यूट्यूब पर यह क्लिप अनगिनत बार देख ली है! यही था 87 वर्ष की उम्र में भी धर्मेंद्र का जादू।

जैसे ही इस दिग्गज आकर्षक अभिनेता ने जीवन के मंच पर अपनी आखिरी साँसे ली, लाखों प्रशंसकों के टूटे हुए दिलों में बस यही शब्द गूँज रहे थे – *अभी न जाओ छोड़कर...*

एन कृष्णमूर्ति द्वारा रूपरेखा

सुरेन्द्रनगर में महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण

टीम रोटरी न्यूज़

व्यावसायिक केंद्र में सिलाई की कक्षा।

रोटरी क्लब सुरेन्द्रनगर, रो ई मंडल 3060 के अध्यक्ष हिरेन शाह का एक विचार *प्रोजेक्ट कला कर्मपीठ* के रूप में में साकार हुआ है, जिसके तहत छह व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से कौशल प्रदान कर 155 महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाया जा रहा है।

अब प्रशिक्षित प्रशिक्षकों द्वारा सिलाई, सौंदर्य कला, मेहंदी, रेज़िन कला, हैंड एम्ब्रॉयडरी और अपहोल्स्ट्री डिज़ाइनिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शाह बताते हैं कि ये पाठ्यक्रम एक से तीन महीने के होते हैं और इनकी लागत ₹500-900 के बीच होती है।

मासिक खर्च 80,000 का वहन रोटरी सदस्यों और दानदाताओं द्वारा किया जाता है। महिला रोटेरियन और ऐन्स नियमित रूप से केन्द्र का दौरा करती हैं, शिक्षकों की मदद करती हैं और अपनी विशेषज्ञता उनके साथ साझा करती हैं।

28 वर्षीय शेठ जिन्ना के लिए, सिलाई के इस कोर्स ने मुझे सिलाई का हुनर सिखाया है जिससे मुझे लोगों से डिज़ाइन के ऑर्डर मिलेंगे और इससे मुझे नियमित आय होगी। उनकी दोस्त निशा केला (35) को पूरा विश्वास है कि रेज़िन आर्ट से वह प्लेट, कटोरियाँ और गहने सजा सकती हैं, और सामाजिक व पारिवारिक आयोजनों के लिए उपहार भी बना सकती हैं। मेहंदी/रेज़िन हुनर के साथ, उर्मी पटेल (25) अब खुश हैं कि मुझे शादियों, त्योहारों और पारिवारिक पार्टियों में लोगों के हाथों पर मेहंदी लगाने और सजावटी वस्तुएँ बनाने का काम मिलेगा।

परियोजना टीम बैंकों के साथ बातचीत कर रही है ताकि वे उन महिलाओं को कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध करा सकें जिन्होंने अपना चुना हुआ पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है, ताकि वे एक स्थिर आय अर्जित कर सकें। ■

रो ई दक्षिण एशिया कार्यालय से

रोटरी फ़ाउंडेशन समर्थक सदस्य

एक रोटरी फ़ाउंडेशन स्थायी सदस्य वह व्यक्ति होता है जो हर साल एनुअल फ़ंड में 100 डॉलर या उससे अधिक का योगदान करता है। यही फ़ंड उन ग्लोबल ग्रांट परियोजनाओं को ऊर्जा देता है जो समुदायों पर दीर्घकालिक प्रभाव डालती हैं। क्लब, क्लब फ़ाउंडेशन बैनर रिपोर्ट के माध्यम से स्थायी सदस्यों को ट्रैक और प्रोत्साहित कर सकते हैं। टीआरएफ में आपका योगदान दुनिया भर में रोटरी कार्यक्रमों को मज़बूत और विकसित करने में मदद करता है। अधिक जानकारी के लिए, देखें: *rotary.org/en/donate/recognition*

पॉल हैरिस सोसायटी

पॉल हैरिस सोसायटी उन व्यक्तियों को सम्मानित करती है जो हमें यह बताते हैं कि वे हर साल टीआरएफ में 1,000 डॉलर या उससे अधिक का योगदान देना चाहते हैं, खास तौर पर एनुअल फ़ंड, पोलियोप्लस फ़ंड, या किसी स्वीकृत ग्लोबल ग्रांट के लिए। सम्मानस्वरूप, उन्हें शेवरॉन-स्टाइल पिन और एक प्रमाणपत्र दिया जाता है, जो जिला पॉल हैरिस सोसायटी समन्वयक द्वारा प्रदान किया जाता है। यह स्थापना माह पॉल हैरिस सोसाइटी के नए सदस्यों की भर्ती पर ध्यान केंद्रित करने और यह सुनिश्चित करने का एक उत्कृष्ट अवसर है कि वर्तमान सदस्य हर साल निरंतर योगदान देते रहें। पॉल हैरिस सोसायटी सदस्यों और उनकी पात्रता के बारे में जानकारी पॉल हैरिस सोसायटी रिपोर्ट में उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए, देखें: *rotary.org/en/about-rotary/history/paul-harris-society* या *my.rotary.org/en/document/paul-harris-society-brochure.*

आप रो ई दक्षिण एशिया कार्यालय की वार्षिक दान टीम से भी संपर्क कर सकते हैं, ताकि सोसायटी को बढ़ाने की रणनीतियों पर चर्चा की जा सके और सदस्यों को हर साल अपने योगदान को पूरा करने में समर्थन दिया जा सके। ■

रोटेरियन बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए आगे आए

जयश्री



रोटरी क्लब गंगाघाट के सदस्य नाव के माध्यम से बाढ़ प्रभावित निवासियों तक पहुँचे।

इस मानसून में पंजाब, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर सहित कई भारतीय राज्यों को भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलनों का सामना करना पड़ा। नदियों का बढ़ता जलस्तर और लगातार हो रही बारिश ने व्यापक चिंता और भारी नुकसान पैदा किया। देशभर में रोटरी क्लब तेजी से सक्रिय हुए और प्रभावित समुदायों को आपातकालीन राहत प्रदान की।

अगस्त के मध्य में, उत्तराखंड के धराली गाँव में लगातार छह बार अचानक बाढ़ आई, जिससे घर, होमस्टे और होटल नष्ट हो गए, कई निवासी मलबे में फँस गए और संचार लाइनें कट गईं। तत्काल सहायता के लिए हेलीकॉप्टर सेवाओं और बचाव दल को तैनात किया गया।

हरिद्वार के रोटरी क्लब, रो ई मंडल 3080 ने तुरंत प्रतिक्रिया देते हुए आवश्यक राशन, टॉयलेटरी सामान (साबुन, टूथब्रश, टूथपेस्ट, सैनिटरी पैड, हैंड सेनेटाइज़र) और आपातकालीन दवाइयाँ प्रदान की। डीजी रवि प्रकाश ने राहत सामग्री को गाँव वालों तक पहुँचाने के लिए उत्तराखंड समाज कल्याण कार्यालय को रवाना किया।

सितंबर की शुरुआत में लगातार बारिश के कारण गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया और कानपुर के कई रिहायशी इलाके जलमग्न हो गए। रोटरी क्लब ऑफ़ गंगाघाट, रो ई मंडल 3110 के सदस्य नाव के जरिए 136 डूबे हुए घरों तक पहुँचे और खाने के लिए तैयार खाने के पैकेट वितरित किए। क्लब के अध्यक्ष अवनीश शुक्ला ने बताया, इन घरों तक पहुँचने का एकमात्र साधन नाव ही थी।

जब हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा मंडल के कुछ हिस्सों में बाढ़ ने तबाही मचाई, तो दुर्गापुर सेंट्रल और धर्मशाला सेंट्रल के रोटरी क्लब, रो ई मंडल

रोटरी क्लब गंगाघाट के अध्यक्ष अवनीश शुक्ला एक गाय को चारा खिलाते हुए।

3240 मदद के लिए आगे आए। क्लब की अध्यक्ष निकिता वर्मा और सचिव शैलेन्द्र मेहता के नेतृत्व में, सदस्यों ने धर्मशाला के पास सिद्धबारी बाघनी गांव में लगभग 500 घरों में नए कपड़े, जूते और किराने का सामान एकत्र किया और वितरित किया।

पंजाब में, रोटरी क्लब जालंधर ग्रेटर, रो ई मंडल 3070 ने रोटरी क्लब दुर्गापुर सेंट्रल से प्राप्त धनराशि से सहायता प्राप्त कर बाढ़ से प्रभावित स्कूली बच्चों को सर्दियों के कपड़े प्रदान किए।

अगस्त में भारी बारिश के कारण ब्यास नदी, जो हिमाचल प्रदेश और पंजाब से होकर बहती है, का जलस्तर

रोटरी क्लब पचोरा भडगांव के अध्यक्ष, मुकेश तेळी (बीच में) क्लब सदस्यों और स्कूली बच्चों के साथ।

बढ़ गया और इसके बांध टूट गए, जिससे सुल्तानपुर लोधी और कपूरथला मंडल के कई गाँव जलमग्न हो गए। रोटरी क्लब कपूरथला डाउनटाउन, रो ई मंडल 3070 के अध्यक्ष योगेश तलवार ने कहा, 5,000 एकड़ से अधिक कृषि भूमि और रिहायशी इलाके जलमग्न हो गए। किसानों की खड़ी फ़सलें नष्ट हो गईं और परिवारों को भारी नुकसान हुआ।

तलवार ने सचिव गगनदीप मेहरा और क्लब के सदस्यों के साथ बघुवाल गाँव का दौरा कर तुरंत आवश्यकताओं का मूल्यांकन किया। उन्होंने कहा, राशन और कपड़े सबसे ज्यादा जरूरी थे। कई लोगों के घर के सामान नष्ट हो गए थे और छत व दीवारें गिरने के कारण वे गंभीर आर्थिक संकट में थे। इसके बाद क्लब ने किराने का सामान, टॉयलेटरी सामान, जूते, तिरपाल, चादरें, मच्छर भगाने वाली दवा और ओआरएस के पैकेट उपलब्ध कराए। डीजी रोहित ओबेरॉय और क्षेत्र के रोटेरियन राहत कार्यों में शामिल हुए।

रोटरी क्लब कपूरथला डाउनटाउन के अध्यक्ष योगेश तलवार, क्लब सदस्य ओंकार कालिया, विकास चौहान, दिनेश सिंह और जमील मोहम्मद बघुवाल गाँव के निवासियों को आवश्यक सामग्री वितरित करते हुए।

महाराष्ट्र में पचोरा मंडल के गहुले और वानेगांव गाँवों में बाढ़ का गंभीर असर पड़ा है। रोटरी क्लब, पचोरा भड़गांव रो ई मंडल 3030 ने अध्यक्ष मुकेश तेली के नेतृत्व में प्रभावित स्कूली बच्चों को 100 सेट शैक्षिक सामग्री - नोटबुक, किताबें, बैग, स्लेट और पेंसिल - वितरित किए।

पंजाब के फिरोजपुर मंडल में सतलुज नदी के किनारे स्थित हुसैनीवाला गांव में, रो ई मंडल 3090 ने रो ई मंडल 3060 और रोटरी क्लब बॉम्बे, रो ई मंडल 3141 के सहयोग से बाढ़ प्रभावित छात्रों के लिए छात्रवृत्ति शिविर का आयोजन किया।

रो ई मंडल 3090 के डीजी भूपेश मेहता ने कहा, इस शिविर ने इस गंभीर रूप से प्रभावित क्षेत्र के तीन स्थानीय स्कूलों के 342 छात्रों को महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान की। छात्रों को सर्दी से निपटने में मदद के लिए कंबल भी वितरित किए गए।

कुल ₹3.3 लाख की छात्रवृत्ति वितरित की गई, साथ ही स्कूलों ने बाढ़-प्रभावित परिवारों को फीस में 35 प्रतिशत की छूट भी दी। परियोजना अध्यक्ष पीडीजी विजय अरोड़ा ने रो ई मंडल 3060 के डीजी अमरदीप सिंह, आईपीडीजी तुषार शाह, रोटरी क्लब बॉम्बे के अध्यक्ष बिमल मेहता, पीडीजी संदीप अग्रवाल और रो ई मंडल 3090 के पीडीजी अमजद अली, वी बी दीक्षित, राजीव गर्ग, बी एम धीर और के सी काजल का आभार व्यक्त किया, जिनके सहयोग से यह पहल संभव हो पाई। ■

माँ-बेटी का अनोखा बंधन

रशीदा भगत



अगर आप पढ़ने के अधिक शौक़ीन नहीं हैं और बस कुछ महीनों या पूरे साल में केवल एक ही किताब पढ़ते हैं तो वह किताब अरुंधति रॉय की आत्मकथा *मदर मैरी कम्स टू मी* होनी चाहिए। यह किताब ऐसे रोमांचक तरीके से लिखी गई है जैसे कोई थ्रिलर हो इसमें कई किस्से, नाटकीय घटनाएँ हैं भावनाओं, रिश्तों की बेबाक और सरल प्रस्तुति के साथ इसमें माँ और बेटी के बीच के गुस्से, नफ़रत और टकराव से भरे संवादों को दर्शाया गया है। यहाँ मदर मैरी दरअसल उनकी माँ मैरी रॉय हैं - जिन्होंने केरल में ईसाई महिलाओं को बराबर विरासत के अधिकार दिलाने के लिए एक लंबी और ऐतिहासिक कानूनी लड़ाई लड़ी थी क्योंकि उनके अपने भाई और माँ ने उन्हें पैतृक घर से निकाल दिया था।

हम सभी उनकी प्रभावशाली और सशक्त लेखन शैली से परिचित हैं उनकी खूबसूरत भाषा और वह अंतर्राष्ट्रीय प्रसिद्धि जो उन्हें *द गॉड ऑफ स्मॉल थिंग्स* किताब के लिए बुक्कर पुरस्कार जीतने पर मिली। इसके अलावा उन्होंने वाजपेयी सरकार के समय भारत के परमाणु परीक्षणों के खिलाफ, नर्मदा बचाओ आंदोलन के समर्थन में और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में उनके साहसिक प्रवास पर लिखे गए निबंधों से भी काफी प्रसिद्धि पाई।

हालाँकि यह किताब अरुंधति रॉय की जीवन-यात्रा, रिश्तों, लेखन आदि के बारे में है लेकिन इसका मूल विषय उनकी माँ के साथ उनका प्रेम और विरोध से भरा रिश्ता है। वह और उनका भाई अपनी माँ को केवल मिसेज रॉय कहकर ही संबोधित कर सकते थे - ठीक वैसे ही जैसे केरल के कोट्टायम में उनकी माँ के प्रसिद्ध स्कूल से पढ़कर निकली कई पीढ़ियाँ उन्हें कहती थीं। अरुंधति रॉय इस संबंध को इन शब्दों में समेटती हैं: इन पन्नों में, मेरी माँ - मेरी गैंगस्टर - जीवित रहेंगी। वह मेरा शरणस्थल और मेरा तूफ़ान भी थी।

पूरी तरह नारीवादी सोच रखने वाली अरुंधति रॉय लिखती हैं कि कोट्टायम जैसे छोटे शहर में, जहाँ मनोरंजन के बहुत कम साधन थे, वह बचपन में अक्सर मलयालम और तमिल फिल्में देखा करती थीं। ये ज़्यादातर महिलाओं पर केन्द्रित कहानियाँ होती थीं - चाहे वे इंसान हों या

देवी – जिनमें परंपरा और सामाजिक रीतियों के पूर्ण पालन और आज्ञाकारिता को ही आदर्श माना जाता था। जो भी इन सीमाओं को लाँघतीं, उन्हें भयंकर सज़ा और जीवनभर का कलंक झेलना पड़ता था। अधिकांश मलयालम फ़िल्मों में महिलाओं से बलात्कार के वीभत्स दृश्य दिखाए जाते थे। अरुंधति लिखती हैं – इन फिल्मों को देखकर मेरे मन में यह विश्वास बैठ गया था कि हर महिला के साथ बलात्कार होता है – बस फर्क इतना है कि कब और कहाँ। यही वजह थी कि जब मैं 16 साल की उम्र में दिल्ली के निजामुद्दीन स्टेशन पहुँची, तो मेरे बैग में एक चाकू था।

इसी पृष्ठभूमि में, जब मैरी रॉय द्वारा कोट्टायम में स्थापित स्कूल लोकप्रिय होने लगा, तो वहाँ पढ़ने वाली लड़कियों के लिए मिसेज रॉय उम्मीद और आज़ादी की प्रतीक बन गईं। उनके लिए वह साहस और विद्रोह की जलती हुई मशाल थीं – जिन्होंने रास्ता दिखाया, दिशा दी। लेकिन अरुंधति के लिए ऐसा नहीं था। वह लिखती हैं: मेरे लिए भागने का रास्ता हमेशा उसी चीज़ के चारों ओर घूमता रहा, जिससे मैं भागना चाहती थी। मिसेज रॉय ने मुझे सोचना सिखाया – फिर मेरे विचारों पर गुस्सा किया। उन्होंने मुझे आज़ाद होना सिखाया – फिर मेरी आज़ादी पर नाराज़ हुईं। उन्होंने मुझे लिखना सिखाया – फिर मेरे लेखक बनने पर नाराज़ हुईं।

और फिर भी जब अरुंधति को बुकर्स पुरस्कार मिला तो उन्होंने केवल अपनी माँ को ही फ़ोन किया। वह रात के दो बजे जाग रही थीं और ख़बरें देख रही थीं। उनकी माँ की प्रतिक्रिया थी – शाबाश, मेरी बच्ची। अरुंधति कहती हैं – यह प्यार का एक अविश्वसनीय इज़हार था। मैंने उन्हें एक अच्छे दिन पकड़ लिया था।

किताब के पन्नों में मैरी रॉय एक असाधारण व्यक्तित्व और महिलाओं के अधिकारों की प्रखर योद्धा के रूप में जीवंत हो उठती हैं। एक ईसाई मिशनरी की मदद से उन्होंने 1967 में कोट्टायम में एक स्कूल की शुरुआत की – दो किराए के हॉल में जो यकीन मानिए कोट्टायम रोटरी क्लब के थे। शुरुआत में इस स्कूल में केवल सात छात्र थे, जिनमें अरुंधति और उनका भाई भी शामिल था। हर सुबह, उन्हें क्लब के सदस्यों द्वारा छोड़ी गई सिगरेट की ठूंठें, गंदे कप और गिलास उठाने पड़ते थे। और ये सभी सदस्य पुरुष थे – जिन्हें कभी यह विचार नहीं आता था कि गंदगी साफ़ करना भी किसी का काम है। (आपमें से जो महिला पाठक यह पढ़कर मुस्कुरा रही हैं – उन्हें किताब में ऐसे ही कई मज़ेदार और सच्चे निरीक्षण पढ़ने को मिलेंगे!)

यह वही स्कूल था जहाँ मैरी रॉय मालकिन, हेडमिस्ट्रेस और एक आज़ाद रूह बन गई थीं – एक अनोखे शहर में एक अनोखी संस्था की आत्मा। समय के साथ यह स्कूल कोट्टायम की एक प्रतिष्ठित संस्था बन गया। अरुंधति बताती हैं कि उनकी माँ बहुत अनोखी महिला थीं – वह खुद से प्यार करती थीं। अपने हर पहलू से। और मुझे यह बात उनमें बहुत पसंद थी। उन्होंने सिर्फ़ ईसाई महिलाओं के लिए समान उत्तराधिकार के अधिकार की लड़ाई नहीं लड़ी बल्कि उससे कहीं अधिक किया। जब 2022 में मैरी रॉय का निधन हुआ और उनकी अंत्येष्टि की व्यवस्था करनी पड़ी, तब अरुंधति को यह भली-भाँति पता था कि – चर्च उन्हें नहीं चाहता था और वह खुद भी चर्च को नहीं चाहती थीं। (इसके पीछे एक क्रूर इतिहास था – जिसका ईश्वर से कोई लेना-देना नहीं था!)

इन पन्नों में मेरी माँ–मेरी साथी, मेरी सरगना–हमेशा सांस लेती रहेंगी। वह मेरी छाया भी थीं और मेरी तूफ़ानी रोशनी भी।

उनकी मृत्यु की खबर मीडिया में व्यापक रूप से प्रकाशित हुई और इंटरनेट उन छात्रों के प्यार और श्रद्धांजलियों से जगमगा उठा – जिन्होंने उस स्कूल से पढ़ाई की थी जिसे उन्होंने स्थापित किया था, जिनकी ज़िंदगियाँ उन्होंने बदल दी थीं और उन लोगों की ओर से भी जो जानते थे कि उन्होंने केरल में ईसाई महिलाओं के लिए बराबर विरासत के अधिकार जीतने वाली ऐतिहासिक कानूनी लड़ाई लड़ी और जीती थी।

किताब का एक दिलचस्प अंश बताता है कि कैसे इस असाधारण महिला ने लड़कों के भीतर बैठे उस तथाकथित ईश्वरीय अधिकार-बोध को तोड़ दिया जिससे लड़कों को लगता है कि हर चीज़ पर उनका हक़ है। यहाँ एक हास्यपूर्ण घटना का वर्णन भी है, जिसमें वह उन लड़कों से निपटती है जो छात्राओं को ब्रा पहनने पर चिढ़ाते है!

उनके स्कूल से पढ़कर निकलने वाले लड़के संवेदनशील, सम्मानजनक पुरुष बने – ऐसे पुरुष जिन्हें उस शहर ने बहुत कम देखा था। एक तरह से, उन्होंने उन्हें भी आज़ाद किया उन्होंने मिठास और समझदारी से भरी पीढ़ियाँ तैयार करके उन्हें समाज में भेज दिया। और जहाँ तक लड़कियों की बात है – उनके भीतर जो जज़्बा उन्होंने भरा, वह किसी क्रांति से कम नहीं था। उन्होंने उन्हें रीढ़ दी, पंख दिए और आज़ाद कर दिया। उन्होंने उन्हें अपना अटूट ध्यान और कठोर मगर सच्चा प्रेम दिया – और उन लड़कियों ने उसी प्रेम की चमक लौटाकर उन्हें दी।

लेकिन यह क्रांति कभी-कभी भारी कीमत पर आई। अरुंधति बताती हैं कि उनकी माँ ने अपनी सारी क्रोध-ऊर्जा पुरुषों पर लगाई – चाहे वह पिता हों, पति हों, भाई हों या उनका अपना बेटा। एक बार उन्होंने अपने बेटे को भयंकर पीटा क्योंकि उसके बोर्डिंग स्कूल का रिपोर्ट कार्ड आया जिसमें लिखा था औसत छात्र। उन्होंने कहा कि वह ऐसा बेटा कभी स्वीकार नहीं करेंगी। वहीं, बेटी को उत्कृष्ट छात्रा होने के लिए गले लगाया गया। अरुंधति लिखती हैं कि उस दिन के बाद से उनकी सभी व्यक्तिगत उपलब्धियाँ उनके पास हमेशा एक तरह की आशंका और भय के साथ आईं। जब भी मुझे सम्मानित या सराहा जाता है, मुझे हमेशा यह लगता है कि कहीं कोई और कोई शांत व्यक्ति, दूसरी कमरे में पीटा जा रहा है।

जब उनकी माँ का 89 वर्ष की आयु में निधन हुआ तो अरुंधति पूरी तरह से टूट गईं – अंदर से बिखरी हुई, दिल से चूर-चूर। खुद उन्हें भी यह समझ नहीं आ रहा था कि वह इतनी गहराई से क्यों विचलित हो गईं और इस तीव्र भावनात्मक प्रतिक्रिया पर उन्हें थोड़ी शर्म भी महसूस हुई। उनके भाई ने भी हैरानी से पूछा, क्यों? क्योंकि माँ ने किसी के साथ उतना बुरा व्यवहार नहीं किया जितना तुम्हारे साथ किया था। शायद यह सच था पर अरुंधति कहती हैं कि उन्होंने वह सब काफी पहले ही पीछे छोड़ दिया था क्योंकि – मैंने अपने जीवन में इतना दुख देखा और लिखा है – इतनी व्यवस्थित वंचनाएँ, इतनी निरंकुश बुराइयाँ और नरक के इतने रूप – कि अब मैं खुद को केवल सबसे सौभाग्यशाली लोगों में से एक मान सकती हूँ।

अरुंधति बताती हैं कि माँ-बेटी के बीच लगातार चलने वाले कटु संबंधों और उन्हें बोले गए अपमानजनक

शब्दों के कारण उन्होंने घर छोड़ दिया। उन्होंने घर आना-जाना बिल्कुल बंद कर दिया और फिर 18 साल की उम्र में केवल तब लौटीं जब वह दिल्ली के स्कूल ऑफ़ आर्किटेक्चर में तीसरे वर्ष की छात्रा थी।

अरुंधति की इस किताब को जो चीज़ इतना दिलचस्प और मनमोहक बनाती है वो है उनका निर्भीक, बेबाक अंदाज़ – जिसमें किसी दिखावे की गुंजाइश नहीं है और साथ ही उनकी अद्भुत लेखन शैली। वह अपने पिता को एक प्रिय बदमाश कहती है जिन्हें उनकी माँ निरर्थक आदमी कहा करती थीं और जो दो छोटे बच्चों को लेकर घर छोड़ गए थे। वह स्नेह के एक विचित्र रूप में उन्हें पैसे देकर शराब पीने की अनुमति भी देती थीं। उनके पिता जिस शराब को पीते थे उसमें वार्निश की मात्रा इतनी ज़्यादा थी कि उसने उनकी आँतों को जलाकर उसे जाली की तरह कर दिया था।

अरुंधति अपनी माँ को कई तरह के नामों से पुकारती हैं – जिनमें से एक है मैडम हूडिनी, लेकिन जब उनकी माँ कोच्चि के एक अस्पताल में तीन दिनों तक वेंटिलेटर पर थीं, तो वह पूरी तरह टूट गईं। मैरी रॉय को हमेशा से फेफड़ों और साँस लेने की समस्याएं थी, पर अरुंधति लिखती हैं – इस शक्तिशाली, पागल, अनिश्चित, जादुई, आज़ाद और प्रखर मिसेज़ रॉय को इस तरह पूर्ण रूप से असहाय पड़े देखना बहुत पीड़ादायक था। लेकिन मैरी रॉय ने हार नहीं मानी। उन्होंने और पंद्रह साल तक जंग लड़ी और जीवित रहीं। अरुंधति लिखती हैं – अपने अंतिम दिन तक उन्होंने सीखना नहीं छोड़ा, कभी ठहरी नहीं, कभी बदलाव से डरी नहीं और अपनी जिज्ञासा कभी नहीं खोई।

इस किताब में अरुंधति खुद को भी नहीं बख़्शतीं – अपने विचारों, भावनाओं, रिश्तों और मन:स्थितियों का बेहद ईमानदार और तीखा चित्रण करती हैं, जिससे यह किताब सबसे सच्ची आत्मकथाओं में से एक बन जाती है। उनकी माँ अक्सर उन्हें 'बिच' जैसे शब्दों से संबोधित करती थीं और यह भी कहती थीं कि रिश्तेदार उन्हें 'मिसट्रेस' या 'कीप' कहा करते हैं। इन बातों से आहत होकर भी अपने अंदाज़ में कटाक्ष करते हुए अरुंधति ने खुद को एक बार यह व्यंग्यात्मक लेकिन प्यारा सा ख़िताब दिया – *The Hooker that won the Booker*.

उनकी किताब The God of Small Things की असाधारण सफलता का ज़िक्र भी बेहद दिलचस्प ढंग से किया गया है – वही किताब जिसने आगे चलकर बुक्कर पुरस्कार जीता। जब अरुंधति ने पांडुलिपि पूरी करके उसे प्रकाशित करना चाहा, तो मानो तूफ़ान सा मच गया – चालीस प्रकाशक लाइन में लग गए और रॉयल्टी के अग्रिम भुगतान के रूप में उन्हें 1 मिलियन डॉलर का हास्यास्पद प्रस्ताव मिला। वह लिखती हैं कि उस वक्त उन्हें ऐसा लगा मानो – मैंने उस पाइपलाइन पर धावा बोल दिया था, जो दुनिया के अमीरों के बीच धन का प्रवाह करती है – और अब वही पाइपलाइन मुझ पर पैसे उगल रही थी। पुस्तक को लेकर हर तरह की प्रतिक्रियाएँ आईं – लोगों ने इससे नफरत भी की, प्यार भी किया, इसका मज़ाक उड़ाया, इस पर रोए भी और हँसे भी। किताब अलमारी से उड़ान भरते हुए बिक गई।

लेकिन इस किताब की बेपनाह सफलता और उसके इर्द-गिर्द मचे शोर-शराबे ने उनके और मिसेज़

रॉय के बीच के रिश्ते को हज़ार गुना ज़्यादा उलझा दिया। एक बार एक स्थानीय फल विक्रेता ने हिम्मत करके उनकी माँ से पूछ लिया – क्या आप अरुंधति रॉय की माँ हैं? यह सुनकर उनकी माँ क्रोध से फट पड़ीं और बोलीं – मुझे ऐसा लगा जैसे उसने मुझे थप्पड़ मार दिया हो!

कोट्टायम में जब इस किताब का प्रकाशन समारोह हुआ तो वहाँ काफी ड्रामा और विवाद देखने को मिला। इस किताब ने कम्युनिस्टों, नैतिकता के ठेकेदारों और कुछ रूढ़िवादी सीरियाई ईसाइयों – सभी को नाराज़ कर दिया था। उन्हें आरोप झेलने पड़े कि यह किताब अश्लील है और सार्वजनिक नैतिकता को दूषित करती है। यह मुकदमा लगातार चलता रहा और अंततः 10 साल बाद जाकर इसे खारिज किया गया।

इस संस्मरण में मैरी रॉय की विचित्र लेकिन मनमोहक आदतों को बेहद जीवंत तरीके से दर्शाया गया है। वह अक्सर अपने बेटे और बेटी को अनोखी चीज़ों की खरीदारी सूचियाँ देती थीं – ज्यादातर जूते और कपड़े। जब वे उन्हें लाकर देते, तो वह सभी चीज़ें एक साथ पहनकर इतरातीं। एक बार अरुंधति लिखती हैं – मैंने उन्हें बिस्तर के किनारे बैठे पाया – बेहद खुश, पैरों को झुलाते हुए, जैसे कोई स्कूल की लड़की हो। उन्होंने नाक में ऑक्सीजन कैन्युला, हीरे की बालियाँ, साइज़ 44DD की लैवेंडर लेस वाली ब्रा, एडल्ट डायपर और नाइकी के हाई-टॉप बास्केटबॉल जूते पहन रखे थे – 'स्थिरता के लिए,' उन्होंने समझाया।

एक मनोरंजक अंश में अरुंधति अपनी माँ के लिए ब्रा खरीदने के अनुभव का वर्णन करती हैं, जब वह इटली की एक दुकान में अपने पसंदीदा लेखक-मित्र जॉन बर्ज़र के साथ गई थीं। हर बार जब हम किसी दुकान में प्रवेश करते, मैं पीछे हटकर इस बेहद आकर्षक लगभग 80 वर्षीय आदमी को देखती, जो अपने ब्रिटिश-उच्चारित इतालवी में कहता, ‌ङ्कमाफ़ कीजिए, क्या आप हमें दिखा सकती हैं कि आपके पास साइज़ 44DD में क्या है?फ़ मुझे बहुत अच्छा लगा कि वह मेरी माँ की अंडरगारमेंट खरीदने में मेरी मदद कर रहे थे। कभी-कभी मैं खुद को इन अजीब, गुप्त खेलों की अनुमति दे देती हूँ।

अरुंधति लिखती हैं कि उनकी माँ के एक छात्र ने उन पर एक किताब लिखी थी, जिसका नाम था *Brick by Brick*। वह आगे बताती हैं – माँ ने उसे खुद संपादित किया, पूरी किताब में निर्दयतापूर्वक पन्ने काटे, ऐसे पैराग्राफ हटा दिए जिनमें किसी भी अन्य व्यक्ति की थोड़ी भी प्रशंसा थी और वाक्यों को इस तरह से फिर से लिखा जैसे कोई छात्र छुट्टी का असाइनमेंट जमा कर रहा हो – और वह छात्र पचपन वर्ष का था। उनकी अपने जीवन चरित्र की एक पेज की भूमिका पर उन्होंने अपने हस्ताक्षर ऐसे किए जैसे किसी चेक पर हस्ताक्षर कर रही हों जो संपूर्ण रूप से कैपिटल लेटर्स में थे!

इस किताब को ज़रूर पढ़िए – इसकी मनोरंजक और रोमांचक शैली, सुन्दर लेकिन प्रभावशाली भाषा, बेहद ईमानदार आत्मकथात्मक स्वर और तेज़ बुद्धि व हास्य आपको शुरू से अंत तक खींचे रखेंगे। यह किताब ऐसी है जिसे आप पढ़ने के बाद अपनी बुकशेल्फ़ पर गर्व से सजी ट्रॉफ़ी की तरह रखना चाहेंगे। ■

तिरुवनंतपुरम में बढ़ती रक्त आवश्यकता को पूरा करने के लिए एक मोबाइल ब्लड बैंक

रशीदा भगत

रोटरी क्लब तिरुवनंतपुरम सेंट्रल, रो ई मंडल 3211 और सी एस आई मिशन अस्पताल, कझाकूटम द्वारा संयुक्त रूप से किए गए आवश्यकता-आकलन सर्वेक्षण के बाद, और रक्त आधान की आवश्यकता वाले लोगों की सहायता के लिए प्रतिदिन लगभग 400 यूनिट रक्त की ज़रूरत वाले तिरुवनंतपुरम शहर पर ध्यान केंद्रित करते हुए, रोटरी क्लब तिरुवनंतपुरम सेंट्रल ने शहर को एक मोबाइल ब्लड बैंक उपहार में दिया है। इस मोबाइल ब्लड बैंक से एकत्र किया गया रक्त शहर के पांच से अधिक मेडिकल कॉलेजों, तथा रीजनल कैंसर सेंटर, श्री चित्रा मेडिकल रिसर्च सेंटर आदि जैसे चिकित्सा अनुसंधान केंद्रों में मरीजों, दुर्घटना पीड़ितों और शल्य चिकित्सा मामलों की जान बचाने में मदद करेगा।

क्लब के पूर्व अध्यक्ष, जिनका पिछले वर्ष निधन हो गया था, की स्मृति में रोटेरियन आर रविन्द्रकुमार मेमोरियल ब्लड बैंक ऑन व्हील्स' नाम से निर्मित इस वैन को ₹50 लाख की लागत से खरीदा और सुसज्जित किया गया है। इससे रक्तदान के प्रयासों को बढ़ावा मिलेगा, विशेष रूप से शहर की व्यस्त शहरी आबादी के बीच, और युवा पेशेवरों और छात्रों को प्रोत्साहित करेगा, जो अक्सर समय की कमी के कारण रक्तदान नहीं कर पाते, ताकि वे इस महान कार्य के लिए आगे आ सकें, रो ई मंडल 3211 पीडीजी सुरेश मैथ्यू ने कहा, जो इस परियोजना के पीछे प्रेरक शक्ति हैं और जिन्होंने इस व्यस्त शहर में रक्तदाताओं के दरवाजे तक ब्लड बैंक लाने का विचार प्रस्तुत किया।

ब्लड बैंक ऑन व्हील्स सुविधा के अंदर रक्तदान करते डोनर।

उन्होंने कहा कि यह मोबाइल ब्लड बैंक सीधे आईटी पार्कों, इंजीनियरिंग कॉलेजों और कॉर्पोरेट प्रतिष्ठानों जैसे घनी आबादी वाले स्थानों पर जाकर दान शिविर आयोजित करेगा। उन्होंने आगे कहा, इस तरीके से संभावित रक्तदाताओं को निश्चित केंद्रों तक जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी, जिससे उनका बहुमूल्य समय और प्रयास बचेगा। इस पहल को रो ई ग्लोबल ग्रांट के माध्यम से वित्तपोषित की गई है और रोटरी क्लब सिंगापुर रैफल्स के साथ साझेदारी में लागू की जा रही है।

मत्स्य पालन, संस्कृति और युवा मामलों के मंत्री साजी चेरियन ने शहर में आयोजित एक समारोह में इस वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया और कहा कि यह समय पर उपलब्ध कराई गई सुविधा स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक बड़ी संपत्ति होगी, मेडिकल कॉलेजों को आवश्यक सहायता प्रदान करेगी और कझाकुट्टम तथा तटीय क्षेत्रों में दुर्घटना-आपात स्थितियों में विशेष रूप से मददगार साबित होगी। सुरक्षित रक्त भंडारण के लिए एक परिष्कृत प्रशीतन प्रणाली सहित सभी आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इस वाहन में कई रक्तदान केंद्र हैं, जिससे कई रक्तदाता एक साथ रक्तदान कर सकते हैं।

मोबाइल ब्लड बैंक को परिचालन प्रबंधन के लिए इसके परियोजना साझेदारों, सीएसआई मिशन अस्पताल, कलाकूट्टम को सौंप दिया गया

है। इस परियोजना की शुरुआत पूर्व अध्यक्ष पी आर कार्था ने की थी और इस वर्ष क्लब अध्यक्ष कर्नल के ई राजन ने इसका संचालन किया।

रोटरी न्यूज़ से बात करते हुए मैथ्यू ने कहा कि इसके लॉन्च के बाद से अब तक लगभग 50,000 लोग इस ब्लड बैंक के वे वीडियो देख चुके हैं, जिन्हें सोशल मीडिया के प्रभावशाली लोगों ने पोस्ट किया हैं। मुख्यधारा के प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया ने इस लॉन्च को कवर किया और आईएमए (इंडियन मेडिकल एसोसिएशन) ने पहले ही हमारे लाभार्थी अस्पताल सीएसआई मिशन अस्पताल के साथ अपने रक्त संग्रहण अभियान के लिए इस मोबाइल रक्त संग्रह इकाई का उपयोग करने के लिए समझौता कर लिया है। त्रिवेंद्रम टेक्नोपार्क और त्रिवेंद्रम टेक्नो सिटी में संयुक्त रूप से 140,000 तकनीशियन कार्यरत हैं, जिनमें से लगभग 70 प्रतिशत 40 वर्ष से कम हैं। इस समूह को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, रोटरी क्लब त्रिवेंद्रम टेक्नोपार्क ने तकनीकी कंपनियों के बीच एक प्रचार अभियान शुरू कर दिया है। कई रोटरी व्हाट्सएप ग्रुप्स पर वीडियो और संबंधित जानकारी साझा की गई है।

उन्होंने कहा कि वैन इतनी विशाल है कि एक साथ तीन लोग रक्तदान कर सकते हैं। हमारा लक्ष्य एक दिन में 50 से 75 लोगों से रक्त एकत्र करना है; इससे हमें 150 से 200 यूनिट रक्त उत्पाद प्राप्त होंगे। डॉ एस एम मेमोरियल मेडिकल कॉलेज, जहाँ मदर ब्लड बैंक स्थित है, में रक्त को विभिन्न घटकों में अलग किया जाएगा।

सीएसआई मिशन अस्पताल इसी मेडिकल कॉलेज का सैटेलाइट सिटी मेडिकल सेंटर है। वे मुस्कुराते हुए कहते हैं, दिलचस्प बात यह है कि इस सिटी मेडिकल सेंटर में स्थायी ब्लड स्टोरेज यूनिट भी रोटरी ने ही एक जीजी के तहत स्थापित की थी।

केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में रक्त की माँग के बारे में मैथ्यू कहते हैं, तिरुवनंतपुरम में हर दिन लगभग 400 यूनिट रक्त की आवश्यकता होती है, मुख्यतः इसलिए कि त्रिवेंद्रम राजधानी क्षेत्र में कई मेडिकल कॉलेज (पाँच), शोध संस्थान और सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल स्थित हैं। शहर में हर दिन 100 से अधिक सर्जरी होती

मोबाइल ब्लड बैंक को राज्य के मत्स्य पालन मंत्री साजी चेरियन हरी झंडी दिखा कर रवाना करते हुए। उनके बाईं ओर पीडीजी सुरेश मैथ्यू चित्र में दिखाई दे रहे हैं।

हैं, और कई दुर्घटनाओं के मामलों में भी तत्काल रक्त आधान की आवश्यकता होती है। पहले के विपरीत, आज के युवा इतने व्यस्त हैं कि वे ब्लड बैंक आने के लिए आधा दिन भी नहीं निकाल पाते, लेकिन रक्तदान करने में उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। इसी कारण राजधानी में रक्त की कमी बढ़ गई है।

प्रतिक्रिया से खुश होकर, पूर्व गवर्नर ने बताया कि इस नई सुविधा के शुरू होते ही आईएमए ने इस मोबाइल यूनिट के माध्यम से जागरूकता एवं रक्त-संग्रह शिविर आयोजित करना शुरू कर दिया है, और कई रोटरी क्लबों ने भी अपने स्वयं के रक्त-संग्रह शिविर आयोजित करने के लिए इस वैन को अग्रिम रूप से बुक कर लिया है। हमने यह सुनिश्चित किया है कि हमारा ब्लड बैंक ऑन व्हील्स उन सभी के लिए उपलब्ध होगा, जो निःशुल्क शिविर आयोजित करने में रुचि रखते हैं। सीएसआई मिशन अस्पताल डोनर कार्ड जारी करेगा, ताकि जरूरत के समय वे इन कार्डों का उपयोग करके रक्त प्राप्त कर सकें। हमारे पास पहले से ही उसी अस्पताल में एक रोटरी डायलिसिस केंद्र और एक रक्त भंडारण इकाई मौजूद है। यह लाभार्थी अस्पताल अत्यधिक सेवाभावी है और रोटरी के साथ घनिष्ठ सहयोग में काम कर रहा है।

इस परियोजना में महत्वपूर्ण योगदान देने वालों में सहायक गवर्नर रंजीत सुसीलन, ई-क्लब ऑफ केरल ग्लोबल, दुबई के अध्यक्ष रॉय कुरियन ज़कारिया, पीएजी विल्सन जॉर्ज और रोटरी क्लब टीवीएम ईस्ट की अनि टी नायर शामिल हैं। इस परियोजना को आईपीडीजी सुधी जब्बार से डीडीएफ का समर्थन प्राप्त हुआ है। पीडीजी मैथ्यू, जिन्होंने इसके शुभारंभ पर परियोजना का विवरण प्रस्तुत किया, के अलावा, रोटरी क्लब त्रिवेंद्रम सेंट्रल के अध्यक्ष कर्नल राजन, पूर्व अध्यक्ष कार्था, डीजी जब्बार और डॉ. थॉमस वावनिकुनेल, परियोजना निदेशक डॉन थॉमस और क्लब सचिव प्रेम थम्पी भी उपस्थित थे।

तिरुवनंतपुरम मंडल में जो संस्थाएं और समूह इस मोबाइल यूनिट के साथ रक्तदान शिविर आयोजित करने में रुचि रखते हैं, वे 7510356766 या 7510357666 पर संपर्क कर सकते हैं। ■

Rotary PEOPLE OF ACTION

रोटरी बुज़ुर्गों की ज़िंदगी में खुशियाँ जोड़ता है।

किरण ज़ेहरा

हॉल में 1963 की तमिल क्लासिक फ़िल्म *पेरिया इडत्तु पेन* का गीत *अंदु वन्ददुम इदे निला* तेज़ आवाज़ में बज रहा था। सत्तानवे साल की ललिता, चमकीली नारंगी साड़ी पहने, धीरे से खड़ी हुईं, उनके हाथ संगीत की लय पर खूबसूरती से चल रहे थे और उनकी आँखें एक नर्तकी की चमक से भरी थीं। कुछ ही पलों में दूसरे लोग भी उनके साथ नाचने लगे, और हॉल हँसी और तालियों से गूंज उठा। डीजी डी देवेंद्रन और अन्य रोटेरियन भी उनके साथ डांस फ्लोर पर शामिल हो गए।

यह कार्यक्रम रो ई मंडल 3233 का स्वर्णिम वरिष्ठ नागरिक दिवाली समारोह था, जहां चेन्नई के दस वृद्धाश्रमों से लगभग 600 बुजुर्ग रोटेरियनों के साथ एक मज़ेदार सुबह और स्वादिष्ट कल्याण साप्पाडु विरुंदु (केले के पत्ते पर परोसा जाने वाला पारंपरिक दक्षिण भारतीय शादी का भोजन) का आनंद लेने आए थे। डीजी कहते हैं, यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि उन लोगों के लिए घर लौटने जैसा अनुभव था, जो लंबे समय से अपनापन महसूस करने का इंतज़ार कर रहे थे।

कुछ देर बाद, जब संगीत धीमा पड़ गया, तो मैंने ललिता से पूछा कि उसके नृत्य के भाव और कदम इतने सुंदर कैसे हैं। उन्होंने बताया कि उनका परिवार रंगून, म्यांमार में रहता था, लेकिन 1930 के दशक में युद्ध शुरू होने पर वे बर्मा से भागकर आए। वह याद करती है, मैं लगभग पाँच साल की थी। हम कई दिनों तक पैदल चले और फिर सांपान नाव से सफर करके चेन्नई पहुँचे। उन्होंने कलाक्षेत्र फाउंडेशन में अपने गुरु के एन दंडायुदपानी के मार्गदर्शन में भरतनाट्यम सीखा और बाद में *नडना कला सेवा* नामक एक नृत्य मंडली में शामिल हो गईं। मैं तमिल सिनेमा में एक बैकग्राउंड डांसर थी और मैंने *चंद्रलेखा* (1948) और *मर्मयोगी* (1951) फिल्मों में वैजयंतीमाला, ललिता-पद्मिनी और जयललिता जैसी दिग्गज अभिनेत्रियों के साथ अभिनय किया है।

जब वह *चंद्रलेखा* फिल्म में अपने नृत्य के बारे में बताती हैं, तो उनकी आँखें चमक उठती हैं, हमने एक साल तक अभ्यास किया, फिर तीन महीने तक तेज़ धूप में शूटिंग की... लेकिन वे सच में सुनहरे दिन थे! वह कहती हैं, और फिर वह उठकर हमें उस मशहूर ड्रम डांस के कुछ स्टेप्स दिखाती हैं।

अपने पति और बाद में बेटे के निधन के बाद, ललिता 2012 में विश्रांति वृद्धाश्रम आ गईं, जहाँ 150

डीजी डी देवेंद्रन, 98 वर्षीय ललिता के साथ नृत्य करते हुए।

डांस फ़्लोर पर ललिता ही सारी चमक और ताल का केंद्र बन गईं।

बाएँ से: प्रोजेक्ट चेयर एम श्रीकुमार, डीजीएनडी एम अंबलावनन, पीडीजी गण आर श्रीनिवासन, महावीर बोथरा, ISAK नज़र और डीजी देवेंद्रन।

से ज़्यादा बुज़ुर्ग महिलाएँ रहती हैं। वह कहती हैं, मैं किसी पर बोझ नहीं बनना चाहती थी। इस जगह ने मुझे शांति दी है। विश्रांति की एक कर्मचारी मंजुला कहती हैं, आज, वह इस वृद्धाश्रम की जान हैं, हाल ही में मुख्यमंत्री एम के स्टालिन समेत कई मेहमानों के लिए नृत्य किया।

दर्शकों में विश्रांति जैसे कई वृद्धाश्रमों के निवासी भी थे, जिनकी कहानियाँ भी ललिता जितनी ही भावुक थीं। मंजुला कहती हैं, इन लोगों ने असाधारण जीवन जिया है। जब इन्हें गाने, नाचने या बस सम्मान पाने का अवसर मिलता है, तो यह इन्हें फिर से मुस्कुराने का कारण दे जाता है। और गर्व से बताती हैं कि राजन आई केयर के सहयोग से, उनका आश्रम पिछले 25 सालों से, अब तक 590 जोड़ी आँखें दान कर चुका है!

ललिता *पाट्टी* के आसपास सेल्फी लेने के लिए रोटेरियनों का एक समूह खड़ा था। वह बिना दाँतों वाली, लेकिन बेहद खूबसूरत मुस्कान के साथ मुस्कुरा रही थीं। वे कहती हैं, पहचान लोगों को जीवन के अलग-अलग समय पर मिलती है... मुझे खुशी है कि मेरे नृत्य के ज़रिए लोग मेरे अस्तित्व को जान पाएँगे। और मैं मरते दम तक नाचती रहूँगी।

डीजी देवेंद्रन कहते हैं, कार्यक्रम को बहुत ध्यान और सटीक योजना के साथ तैयार किया गया था। नौ बसों ने शहर के 15 अलग-अलग स्थानों से बुज़ुर्ग महिलाओं और पुरुषों को लाया। यह देखकर दिल खुश हो गया कि वे खिड़की से बाहर झांककर बैनर और रंगीन सजावट को उत्सुकता से देख रहे थे। जब बुज़ुर्ग बस से उतरे, कोई छड़ी के सहारे, कोई एक-दूसरे का हाथ पकड़कर, तब रोटेरियन उन्हें परिवार की तरह स्वागत करते हुए, हाथ जोड़कर और सिर झुकाकर बोले, *वनक्कम अम्मा, वनक्कम अप्पा।*

दोपहर भर, रोटेरियन बड़ी सावधानी से काम करते रहे, कुर्सियाँ ठीक करते रहे, प्रतिभागियों को शौचालय तक पहुँचाते रहे, व्हीलचेयर धकेलते रहे और भोजन परोसते रहे। हम चाहते थे कि उनकी दिवाली यादगार रहे। यह दान-पुण्य की बात नहीं है। यह सम्मान की बात है। जब हम इस तरह की जगहें बनाते हैं, तो हम अपने बुज़ुर्गों को याद दिलाते हैं कि वे आज भी हमारे अपने हैं, परियोजना अध्यक्ष श्रीकुमार एम कहते हैं। दोपहर के भोजन के दौरान, एक बुज़ुर्ग व्यक्ति खाना शुरू करने से पहले खड़े हुए और रोटेरियनों को धन्यवाद दिया। आपने हमारे साथ अपने माता-पिता जैसा व्यवहार किया है। आज, हमें महसूस होता है कि हमें देखा जा रहा है, हमारी कद्र की जा रही है और हमें प्यार किया जा रहा है। यही हमें जीवित रखता है।

दिवाली उपहार के रूप में सभी बुज़ुर्गों को एक हैम्पर दिया गया, जिसमें साबुन-शैम्पू जैसी ज़रूरी चीज़ें, नारियल का तेल, दर्द-निवारक बाम, टैल्कम पाउडर और महिलाओं के लिए साड़ी या पुरुषों के लिए धोती शामिल थी। जो लोग आ नहीं सके, उनके लिए 400 और हैम्पर उनके आश्रमों में भेजे गए, श्रीकुमार बताते हैं।

इस समारोह की खास बात एक लाइव बैंड था, जिसमें इलैयाराजा के संगीत दल के वरिष्ठ सेवानिवृत्त सदस्य शामिल थे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए, अभिनेता और पूर्व विधायक एस वी शेखर ने अपनी दिवंगत माँ के बारे में कहा, मैं आप सभी में उन्हें देखता हूँ। यह मेरे लिए एक आशीर्वाद है। साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता तमिल लेखक और अनुवादक एम रामलिंगम ने भी उम्र बढ़ने और हर चीज़ में हँसी ढूँढ़ने के बारे में अपने विचार साझा किए।

कार्यक्रम में पीडीजी खडअघ नज़र, आर श्रीनिवासन, महावीर बोथरा और मंडल लोक छवि अध्यक्ष एम अम्बालावनन उपस्थित थे।

चित्र: किरण ज़ेहरा

रोटरी ने ठाणे में साहित्य महोत्सव का आयोजन किया

हर्षद दिवेकर

खउद्योगपति नदीर गोदरेज, ठाणे लिट फेस्ट कन्वीनर अतुल भिड़े, रोटरी क्लब ठाणे हिल्स के अध्यक्ष समीर लिमये और रो ई मंडल 3142 के डीजी हर्ष माकोल टीएलएफ पुस्तक के विमोचन के दौरान।

रोटरी क्लब ठाणे हिल्स (आरसीटीएच), रो ई मंडल 3142 ने नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) के सहयोग से हाल ही में पहले ठाणे लिटरेचर फेस्टिवल (टीएलएफ) आयोजित किया।

दो दिवसीय इस महोत्सव में देशभर से 24 प्रख्यात लेखक और रचनात्मक विचारक शामिल हुए, जो मुम्बई, वडोदरा, बेंगलुरु और चेन्नई से आये थे। वे सभी बिना किसी मानदेय के, विशुद्ध रूप से साहित्य प्रेम के कारण और आरसीटीएच के विशेष निमंत्रण पर इसमें शामिल हुए।

महोत्सव का शुभारंभ उद्योगपति-कवि नादिर गोदरेज, जो स्वयंभू 'इंडिया इंक के कवि पुरस्कार विजेता' हैं, ने टीएलएफ के संयोजक और क्लब के पूर्व अध्यक्ष अतुल भिड़े के साथ एकांतिक बातचीत के साथ किया। गोदरेज के दिल से दिए गए जवाब और उनकी मासूमियत भरी सादगी ने भरी हुई दर्शकों को बेहद खुश किया। पारसी समुदाय पर लिखी कविताओं से लेकर मधन्यवाद प्रस्तावफ तक, उनकी विशेष रूप से संकलित कविताओं के पाठ को खूब सराहा गया। रतन टाटा पर उनकी नई कविता, जो ठीक एक दिन पहले सुनाई गई, टाटा संस के पूर्व ब्रांड संरक्षक हरीश भट्ट की पुस्तक *डूइंग द राइट थिंग, लर्निंग फ्रॉम रतन टाटा* के औपचारिक विमोचन का प्रतीक थी। अपने संबोधन में, उन्होंने रतन टाटा से जुड़े प्रेरक कहानियाँ साझा किए। वरिष्ठ लेखक, पत्रकार और फेमिना के पूर्व संपादक सत्य सरन तथा साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता पत्रकार, कवि और अनुवादक जेरी पिंटो ने फिल्म और पुस्तकें नामक सत्र में बॉलीवुड पर अपने विचार व्यक्त कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

तीन प्रेरक कॉर्पोरेट नेता - अनिल खंडेलवाल (बैंक ऑफ बड़ौदा के पूर्व अध्यक्ष),

अनुभवी विज्ञापन-कर्मी अम्बी परमेश्वरन और प्रसिद्ध उद्योगपति राहुल मीरचंदानी, जो सभी लेखक बन गए हैं, ने 'हम क्यों लिखते हैं' पर अपने विचार साझा किए।

चर्चाएँ पारंपरिक विधाओं से आगे बढ़ गईं। लेखक विक्रांत और सुभा पांडे और कवि सम्पूर्ण चटर्जी ने अनुवाद की कला, विज्ञान और अनुवाद का व्यवसाय सत्र में अनुवाद को अनुकरण के रूप में नहीं, बल्कि पुनर्निर्माण का एक महत्वपूर्ण कार्य बताया। सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी, मराठी लेखक, और 99वें अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष विश्वास पाटिल ने आज के युग में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रासंगिकता पर विचार साझा किए। स्टोरीज़ दैट सर्व: एडिटर्स ऑफ़ चेंज शीर्षक से आयोजित एक प्रभावशाली सत्र में *रोटरी न्यूज़* की संपादक रशीदा भगत और करोन शैव ने भाग लिया। इस सत्र में, संचालक सीता राजू ने उनसे पूछा कि पत्रकारिता कैसे सहानुभूति और नैतिक सेवा के लिए एक महत्वपूर्ण शक्ति बन सकती है। पहले दिन का मुख्य आकर्षण लेखक देवदत्त पटनायक का प्रेरक व्याख्यान था, जिन्होंने अपनी नई पुस्तक *द बकासुर इफ़ेक्ट* के बारे में रोचक ढंग से बात की।

दो प्रस्तुतियाँ विशेष रूप से प्रभावशाली रहीं: हिंदी में भावनात्मक दास्तानगोई और मराठी में अभिवाचन। इन दोनों ने दर्शकों को याद दिलाया कि कहानी-कहना एक जीवंत मौखिक कला के रूप में शुरू हुआ था, कागज़ पर छपने से बहुत पहले।

दूसरे दिन, वरिष्ठ पत्रकार और प्रख्यात व्यंग्यकार बची करकरिया के सत्र इरेटिका एंड बियॉन्ड इतना प्रभावशाली रहा कि भरी हुई दर्शकों ने खड़े होकर ज़ोरदार तालियाँ बजाईं। उन्हें पहला टीएलएफ लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड दिया गया।

एक्सीडेंटल पिलग्रिम सत्र में, पत्रकार और प्रशंसित लेखिका नमिता देवीदयाल की नई किताब *टैंगरीन: हाउ टू रीड द उपनिषद्स विदाउट गिविंग अप कॉफ़ी* का विमोचन किया गया। इस लेखिका ने लेखक चार्ल्स असीसी और धामिनी रत्नम के साथ *हम क्यों लिखते हैं* विषय पर एक सत्र का संचालन किया, जिसमें कहानी कहने के पीछे की मूल विवशता पर चर्चा की गई। उन्होंने जोर देकर कहा कि एआई के दौर में भी मानव लेखक की मौलिकता और उसकी अनोखी अंतर्दृष्टि- चाहे वह जटिल प्रणालियों में बौद्धिक व्यवस्था लाना हो या हाशिए पर पड़े समुदायों की पहचान को दर्ज करना - ऐसी मूल्यवान क्षमता है जिसकी नकल असंभव है। मदृश्य कहानियाँफ शीर्षक वाले सत्र में साहित्य में चित्रों की भूमिका और महत्व पर रोचक विचार प्रस्तुत किए गए-और कला, चित्रण और तस्वीरों से लेकर कहानी कहने के विविध रूपों का उत्सव मनाया गया। कलाकार कृपा भाटिया, सुचरिता और प्रसिद्ध फ़ोटोग्राफ़र चिरोदीप ने पत्रकार जेन बोर्गेस के साथ मिलकर साहित्य के इस अनोखे पहलू को सामने लाया।

प्रसिद्ध व्यंग्यकार बाची कंकरिया को लाइफ़टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड प्रदान किया जा रहा है।

दो दिनों के इस साहित्य महोत्सव के दौरान, दो प्रस्तुतियाँ उल्लेखनीय रहीं। हिंदी में एक गहन मार्मिक नाट्य पाठ, *दास्तानगोई,* और मराठी में *अभिवाचन* जिसे धनश्री करमरकर और श्रीरंग खटावकर ने प्रस्तुत किया। इन प्रस्तुतियों ने दर्शकों को याद दिलाया कि कहानी कहने की कला कागज़ पर छपने से बहुत पहले ही एक जीवंत मौखिक कला के रूप में शुरू हुई थी।

इस उत्सव के मुख्य प्रेरक, पूर्व अध्यक्ष अतुल भिड़े ने हाल ही में रीढ़ की सर्जरी के बावजूद दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़ता प्रदान की। क्लब के अध्यक्ष समीर लिमये ने उनका भरपूर समर्थन किया।

इस साहित्य महोत्सव को फ़ोर्ट्रेस ग्रुप, यस बैंक, बायो जेड और टीजेएसबी सहकारी बैंक जैसे कॉर्पोरेट्स द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की गई, जिसमें रोटेरियन ए एस कुमार, जयंत नागवकर और पीपी विजय शेट्टी का भी योगदान रहा। एनसीपीए और *हिंदुस्तान टाइम्स* के सहयोग से इस कार्यक्रम को अच्छी मीडिया में अच्छी कवरेज मिली।

इस साहित्यिक महोत्सव का आयोजन करके, आरसीटीएच ने यह साबित किया है कि रोटरी सांस्कृतिक बदलाव लाने की क्षमता रखता है, तथा यह दर्शाया है कि जब सेवा और सामुदायिक भागीदारी एक साथ आती है, तो शब्द वास्तव में अच्छे के लिए एक स्थायी शक्ति बन जाते हैं।

लेखक रोटरी क्लब ऑफ ठाणे हिल्स के पूर्व अध्यक्ष हैं

आइए पोलियो को
हमेशा के लिए ख़त्म करें

वी मुत्तुकुमारन

पोलियो ख़त्म करने के वैश्विक प्रयासों में अच्छी प्रगति हुई है, लगभग शून्य यानी 99.9 प्रतिशततक। लेकिन हम दो स्थानिक देशों, पाकिस्तान और अफ़ग़ानिस्तान, को लेकर चिंतित हैं, जहाँ हर साल जंगली पोलियोवायरस के नए मामले सामने आते रहते हैं। राजनीतिक अस्थिरता, संघर्ष और उग्रवाद के कारण स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं और रोटरी स्वयंसेवकों द्वारा टीकाकरण अभियान पर असर पड़ता है, रो ई की पोलियोप्लस समिति के अध्यक्ष माइकल मैकगवर्न ने कहा।

रो ई मंडल 3234 और *द हिंदू* डेली द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किए गए 'पोलियो के खिला' युद्ध में आखिरी कदमम पर एक वेबिनार में बोलते हुए, उन्होंने रोटेरियन से कहा कि वे अपने क्लब और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी भागीदारी बनाए रखें; ज़्यादा खतरे वाले इलाकों में बीमारी खत्म करने की एक्टिविटी पर ध्यान दें; लक्ष्य हासिल करने के लिए साझेदारों के बीच बेहतर जवाबदेही सुनिश्चित करें, और स्थानीय सरकारों के साथ काम करने के लिए एडवोकेसी ग्रुप्स में भाग लें, जिससे पोलियोप्लस कैंपेन की फंडिंग में मदद मिलेगी, उन्होंने कहा।

इस समय दुनिया भर के 62 प्रतिशत रोटरी क्लब पोलियो फंड में योगदान दे रहे हैं, और भारत में रोटेरियन ने सरकार के साथ मिलकर अपनी जागरूकता अभियानों और एडवोकेसी की कोशिशों से दूसरों के लिए एक मिसाल कायम की है। उन्होंने याद दिलाया कि रोटरी ने भारत सरकार को ओपीवी से इंजेक्टेबल पोलियो वैक्सीन में बदलाव की प्रक्रिया के लिए 25 मिलियन डॉलर का योगदान दिया है।

रोटरी अध्यक्ष का पद संभालने के बाद, फ्रांसेस्को अरेज़ो की पहली यात्रा पाकिस्तान की थी, जहाँ उन्होंने पोलियो के खिलाफ लड़ाई में जुड़े राजनीतिक और रोटरी नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने कहा, पाकिस्तान में हर पाँच साल में चुनावों के दौरान पोलियो मामलों में बढ़ोतरी होती है, क्योंकि उस समय स्वास्थ्यकर्मियों और

रो ई अध्यक्ष फ्रांसेस्को अरेज़ो पाकिस्तान में एक इम्यूनाइज़ेशन सेंटर का दौरा करते हुए।

टीकाकरण अभियान का काम प्रभावित होता है। 16 अक्टूबर तक दुनिया में वाइल्ड पोलियो वायरस (WPV) के 35 मामले दर्ज किए गए - 29 पाकिस्तान में और 6 अफ़ग़ानिस्तान में। उन्होंने बताया कि पिछले साल (2024) इन दो देशों में WPV के कुल 99 मामले सामने आए थे।

मैकगवर्न ने कहा कि इथियोपिया, यमन, चाड, अंगोला, गाजा, नाइजीरिया और सोमालिया जैसे कई अफ्रीकी और मिडिल ईस्ट देशों में पोलियो वेरिएंट (सर्कुलेटिंग वैक्सीन-डिराइव्ड पोलियोवायरस2 - cVDPV²) के मामलों में तेज़ बढ़ोतरी हुई है। इन देशों में रोटरी टीमों द्वारा मज़बूत टीकाकरण अभियान और निगरानी की सख्त ज़रूरत है। हर साल रोटरी अपने पोलियोप्लस अभियान के लिए 50 मिलियन डॉलर जुटाता है, और गेट्स फाउंडेशन 2029 तक इसे 2:1 के अनुपात में मैच करता है। अमेरिकी सरकार सबसे बड़ा दाता है-पिछले दो वर्षों में उसने हर साल 265 मिलियन डॉलर का योगदान दिया है, और 2026 में भी उतनी ही राशि देने की योजना है। 1985 से अब तक, अमेरिकी सरकार अकेले पोलियो उन्मूलन पहलों पर 5 बिलियन डॉलर से अधिक खर्च कर चुकी है।

नाइजीरिया के एक प्राइमरी हेल्थ सेंटर में हुए सिंबॉलिक इम्युनाइजेशन के दौरान रो ई पोलियोप्लस कमेटी के चेयर माइकल मैकगवर्न के साथ TRF ट्रस्टी इजोमा पर्ल ओकोरो।

अपने वकालत प्रयासों के माध्यम से रोटरी ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (थकज) और गेट्स फ़ाउंडेशन को साथ जोड़ा है, जो अब GPEI (ग्लोबल पोलियो उन्मूलन पहल) नामक इस ङ्करेनबो अलायंसफ के साझेदार हैं। इसकी स्थापना 1988 में हुई थी, और इसके संस्थापक सदस्यों में रो ई के साथ अन्य वैश्विक स्वास्थ्य संस्थाएँ भी शामिल हैं। मैकगवर्न ने कहा कि दुनिया में किसी भी अन्य संगठन ने पोलियो के मुद्दे पर रोटरी जैसा चुनौतीपूर्ण प्रोजेक्ट नहीं उठाया है। ''जब तक हम पोलियो को पूरी तरह से समाप्त नहीं कर देते, हम अगली बड़ी कॉर्पोरेट परियोजना पर आगे नहीं बढ़ सकते।''

डीजी विनोद सराओगी ने बताया कि चेन्नई नगर निगम के साथ संयुक्त टीकाकरण अभियान के तहत दो दिनों (8-9 नवंबर) तक मौखिक पोलियो ड्रॉप्स दी गईं। मेट्रो स्टेशनों पर, रोटेरियन ने यात्रियों को रोटरी के पोलियो समाप्ति के वैश्विक प्रयासों के बारे में जागरूक किया। हमें सोशल मीडिया अभियान और निगरानी जारी रखनी होगी, ताकि कमजोर और उच्च-जोखिम वाले क्षेत्रों में पोलियो दोबारा उभरने से रोका जा सके। जब तक दुनिया के आखिरी बच्चे का टीकाकरण नहीं लग जाता, हमें इस बीमारी के पूर्ण उन्मूलन के लिए पोलियोप्लस अभियान जारी रखना होगा।

लगभग 700 रोटेरियन और *द हिंदू* के पाठकों ने सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफ़ॉर्म पर इस सत्र की लाइव स्ट्रीमिंग देखी। ■

मद्रास इस परियोजना का पायलट अध्ययन था।

रोटरी न्यूज़ से बात करते हुए, ईपीएन के वरिष्ठ प्रचारक और पूर्व अध्यक्ष एन के गोपीनाथ ने कहा कि रोटरी क्लब मद्रास देश में पहला ऐसा क्लब था जिसने 1984 में तत्कालीन मद्रास में पोलियोप्लस अभियान शुरू किया था, जिसके लिए राज्य सरकार की मदद का धन्यवाद करते हुए कनाडा से टीके आयात किए गए थे।

स्वर्गीय क्रिस चिताले, कनाडा के रोटरी क्लब व्हिटबी के पीडीजी केन हॉब्स और रोटरी क्लब वेल्लोर के डॉ जैकब जॉन भारत में सबसे पहले टीकाकरण अभियान के अग्रदूत थे। गोपीनाथ ने याद करते हुए कहा, मद्रास में 1984 के अभियान की सफलता के आधार पर, तत्कालीन रो ई अध्यक्ष मैट कैपरस ने 1 मई, 1987 को भारत सरकार के सहयोग से एक राष्ट्रीय स्तर का पोलियोप्लस अभियान शुरू किया। उन्होंने आगे कहा, भारत सरकार ने तमिलनाडु को पायलट राज्य के रूप में चुना और रोटरी ने उस समय इस नवजात अभियान के लिए 2.5 मिलियन डॉलर का अनुदान दिया।

Rotary PEOPLE OF ACTION

भारत में रोटरी ने पोलियो दिवस मनाया

टीम रोटरी न्यूज़

रोटरी द्वारा दुनिया भर में पोलियो खत्म करने में दिए गए असाधारण योगदान-और उन हज़ारों भारतीय रोटेरियन के निरंतर प्रयासों, जिनकी मदद से भारत ने 2014 में पोलियो-मुक्त दर्जा हासिल किया-को सम्मान देते हुए, पूरे भारत के रोटरी क्लबों ने 24 अक्टूबर, विश्व पोलियो दिवस, पर कई कार्यक्रम आयोजित किए।

यह कार्यक्रम न सिर्फ रोटरी की ऐतिहासिक भूमिका को याद करने के लिए थे, बल्कि नियमित टीकाकरण और लगातार निगरानी के महत्व को भी मजबूत करने के लिए थे, ताकि नवजात शिशुओं और पाँच साल तक के बच्चों को लकवा फैलाने वाले वायरस से बचाया जा सके। भारत का पोलियो-मुक्त दर्जा बनाए रखना बहुत ज़रूरी है, खासकर इसलिए क्योंकि पड़ोसी पाकिस्तान और अफ़गानिस्तान में अब भी पोलियो के मामले मिलते हैं-जो हमें लगातार याद दिलाता है कि वायरस सीमाओं का सम्मान नहीं करते।

यहाँ बताया गया है कि भारत भर के रोटरी क्लबों ने इस दिन को कैसे मनाया।

रोटरी क्लब नवी मुंबई जॉय ऑफ़ गिविंग, रो ई मंडल 3141, और आरसीसी नवी मुंबई शेपर्स ने नवी मुंबई नगर निगम के साथ मिलकर एनएमएमसी

ऊपर: इंटरेक्ट क्लब नर्तनशाला और रोटरी क्लब विजयनगरम के सदस्य एक शॉपिंग मॉल में विश्व पोलियो दिवस का आयोजन करते हुए।

दाएँ: रोटरी क्लब बेलगावी मिडटाउन के सदस्य वल्र्ड्स ग्रेटेस्ट मील फ़ंडरेज़र में बच्चों के साथ।

दाएँ से: पीडीजी कैलाश जठानी, डीजी हर्ष माकोल और रोटरी क्लब नवी मुंबई जॉय ऑफ गिविंग की अध्यक्ष रेखा संखला, नवी मुंबई नगरपालिका भवन के सामने, जिसे 'एंड पोलियो' संदेशों से आलोकित किया गया है।

रोटरी क्लब मयिलाडुदुरै किंग्स के अध्यक्ष पी अय्यासामी (बाएँ से तीसरे) क्लब सदस्यों के साथ।

मुख्यालय को इन प्रभावशाली संदेशों से रोशन किया: 'एंड पोलियो नाउ', 'गुडबाय पोलियो' और 'लेट्स कीप इंडिया पोलियो फ्री'।

पुणे में, सेनापति बापट रोड पर 30x40 फीट का एक बड़ा होर्डिंग रोटरी क्लब पुणे स्पोर्ट्ससिटी (रो ई मंडल 3131), द्वारा लगाया गया, जिसने पोलियो उन्मूलन में रोटरी की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाया गया है। यह होर्डिंग दस दिनों में लगभग दस लाख लोगों ने देखा। क्लब ने शहर की झोपड़पट्टियों में 12 किमी की बाइक रैली भी आयोजित की। क्लब के सदस्य संदेश सावंत ने कहा, हम लोगों को याद दिलाना चाहते थे कि पोलियो के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और हमारे पड़ोसी देश अभी भी पोलियो से प्रभावित हैं।

क्लब ने अपनी पुरानी परंपरा को जारी रखते हुए टीआरएफ के पोलियो फंड में 2,000 डॉलर का योगदान दिया। डीवाई पाटिल बिज़नेस स्कूल के रोटरेक्टर्स के साथ मिलकर उन्होंने उपनगरों में 20 पोलियो बूथों का समर्थन किया, जहाँ नगर निगम की पल्स पोलियो मुहिम के दौरान 3,500 से अधिक बच्चों को टीके लगाने में सहायता की गई। उन्होंने बूथ पर काम करने वाले स्वयंसेवकों के लिए परिवहन और भोजन की व्यवस्था भी की।

सामुदायिक रैलियाँ और जन-जागरूकता कार्यक्रम

रोटरी क्लब रुड़की मिडटाउन, रो ई मंडल 3080 ने मदरसा रहमानिया अरबिया के साथ मिलकर शहर में

रो ई मंडल 3206 के डीजी चेल्ला के राघवेन्द्रन (बाएँ से तीसरे) एंड पोलियो नाउ कोऑर्डिनेटर पीडीजी वी आर मुत्तु और डीजीई मारुति सांबा के साथ एक मैराथन कार्यक्रम में।

पोलियो जागरूकता रैली आयोजित की। इस्लामी विद्वानों, रोटेरियनों और चिकित्सा विशेषज्ञों ने एक सेमिनार में हिस्सा लिया, जहाँ बच्चों को पोलियो-टीके लगाने के महत्व पर जोर दिया गया।

डीजी रवि प्रकाश ने वैश्विक स्तर पर पोलियो उन्मूलन में रोटरी की विशाल भूमिका पर प्रकाश डाला और सामुदायिक नेताओं से आग्रह किया कि वे लोगों में फैल रही गलतफहमियों को दूर करें और उनकी चिंताओं को समझें। करीब 170 छात्र, शिक्षक और रोटेरियन, डीजी प्रकाश और क्लब अध्यक्ष विकास त्यागी के नेतृत्व में; टीकाकरण को बढ़ावा देने वाले पोस्टर लेकर 4 किमी की पदयात्रा में शामिल हुए।

रोटरी क्लब बेलगाम मिडटाउन, रो ई मंडल 3170 ने वर्ल्ड्स ग्रेटेस्ट मील टू एंड पोलियो (WGM) पहल के तहत योग सत्र आयोजित किए, जिनसे पोलियो फंड के लिए धन एकत्र किया गया। 2014 में ऑस्ट्रेलिया के आरसी केर्न्स सनराइज़ की सुज़ैन रीया द्वारा शुरू किया गया यह WGM कार्यक्रम रोटेरियन को प्रोत्साहित करता है कि वे एक भोज आयोजित करें, रोटरी की पोलियो उन्मूलन यात्रा की कहानी साझा करें और दूसरों को इस अभियान का समर्थन करने के लिए प्रेरित करें। इस पहल के ज़रिए अब तक दुनिया भर में 7 मिलियन डॉलर से अधिक जुटाए जा चुके हैं, जिसे बिल एवं मेलिंडा गेट्स फ़ाउंडेशन के मैचिंग योगदान से और भी बढ़ाया गया है।

रोटरी क्लब बीड मिडटाउन (रो ई मंडल 3132), रोटरी क्लब पचोरा भड़गांव (रो ई मंडल 3030) और रोटरी क्लब हरिपद ग्रेटर (रो ई मंडल 3211) सहित कई क्लबों ने पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए पोलियो टीकाकरण की आवश्यकता पर जोर देते हुए जागरूकता रैलियां आयोजित कीं।

कोयंबटूर में, ज़ोन 5 के एंड पोलियो नाउ समन्वयक, पीडीजी वी आर मुत्तु ने रो ई मंडल 3206 द्वारा आयोजित एक मैराथन को हरी झंडी दिखाई। इस आयोजन में 4,000 धावकों ने भाग लिया। डीजी चेल्ला राघवेंद्रन के नेतृत्व में, मंडल ने 33 रोटरी क्लबों से टीआरएफ के पोलियो फंड के लिए 50,000 डॉलर की राशि का संकल्प प्राप्त किया, जिसमें से 20,000 डॉलर पहले ही फाउंडेशन को भेज दिए गए हैं। रोटरी क्लब कोयंबटूर टेक्ससिटी इस मैराथन का प्रमुख क्लब रहा।

दुर्गापुर (रो ई मंडल 3240) में पांच क्लबों ने मिलकर एक संयुक्त रैली आयोजित की, जबकि तमिलनाडु के मयिलाडुदुरै में रोटरी क्लबों ने जनता के लिए पोलियो पर आधारित तमिल फिल्म लिटिल ड्रॉप्स का प्रदर्शन किया।

रोटरी क्लब तिरुपत्तूर, रो ई मंडल 3231 के रोटेरियनों ने एक पोलियो टीकाकरण कैंप का आयोजन किया तथा 200 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई।

रोटरी क्लब विजयनगरम, रो ई मंडल 3020 द्वारा प्रायोजित, नार्थनासला के इंटरेक्ट क्लब के युवा सदस्यों ने फोर्ट सिटी सेंट्रल शॉपिंग मॉल में एंड पोलियो नाउ थीम पर एक फ्लैश मॉब का प्रदर्शन किया।

पूरे भारत में, इन समन्वित प्रयासों ने एक बार फिर रोटरी की राष्ट्र को पोलियो मुक्त रखने तथा हर जगह पोलियो उन्मूलन तक वैश्विक लड़ाई में योगदान देने की दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। ■

मदरसा रहमानिया अरबिया के छात्र, रोटरी क्लब रूड़की मिडटाउन द्वारा आयोजित पोलियो जागरूकता रैली में भाग लेते हुए।

एक झलक

टीम रोटरी न्यूज़

महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए ऑटोरिक्शा

प्रोजेक्ट ऑटो-मैजिक के तहत, रो ई मंडल 3191 के रोटरी क्लबों ने सी एस आर प्रायोजकों टेसॉल्व और वेस्को, बेंगलुरु के साथ साझेदारी में, आर्थिक रूप से वंचित पृष्ठभूमि की 60 महिलाओं को ऑटोरिक्शा वितरित किए। इस कार्यक्रम में आर्य वैश्य महिला समूह द्वारा प्रायोजित उपहारों और साड़ियों का वितरण भी शामिल था।

आईपीडीजी सतीश माधवन (बाएँ), डीजी बी आर श्रीधर (दाएँ से तीसरे) और डीआरएफ़सी काशीनाथ प्रभु (दाएँ) एक लाभार्थी के साथ।

स्तन कैंसर जागरूकता

रोटरी क्लब हुबली पश्चिम, रो ई मंडल 3170, और रोटरी क्लब कोडईकनाल, रो ई मंडल 3000 ने कर्नाटक नॉर्दर्न डायोसीज़ सीएसआई के सहयोग से हुबली में स्तन कैंसर जागरूकता और मैमोग्राफी शिविर का आयोजन किया। 600 से ज़्यादा लोगों ने पंजीकरण कराया, 250 महिलाओं की जाँच की गई और 15 को आगे के चिकित्सीय मूल्यांकन के लिए चुना गया।

मोबाइल ब्रेस्ट स्क्रीनिंग क्लिनिक के सामने रोटेरियन और कर्नाटक नॉर्दर्न डायोसिस CSI के सदस्य।

स्कूल के बुनियादी ढाँचे में सुधार

रोटरी क्लब मेरठ, रो ई मंडल 3100 ने वैदिक कन्या इंटर कॉलेज, टटीरी को टीआरएफ़ से प्राप्त 36,038 डॉलर के वैश्विक अनुदान से वित्त पोषित सुविधाएँ सौंपीं। इस सहायता में कंप्यूटर, स्मार्ट बोर्ड, प्रयोगशाला उपकरण, शौचालय, सौर पैनल और छात्राओं के लिए साइकिलें शामिल थीं।

रोटेरियन, स्कूल के विद्यार्थियों और उनकी नई साइकिलों के साथ।

शहीदों के बच्चों के लिए रोटरी नाट्यांजलि

रोटरी क्लब मद्रास हेरिटेज, रो ई मंडल 3234 ने *रोटरी नाट्यंजलि* का आयोजन किया, यह भरतनाट्यम आधारित एक निधि-संग्रह कार्यक्रम था, जिसका उद्देश्य शहीद हुए सेना के जवानों के बच्चों की शिक्षा में सहायता करना था। 'नवरस' थीम पर आधारित इस प्रस्तुति में 100 से अधिक नर्तकों ने हिस्सा लिया। क्लब ने इस कार्यक्रम के माध्यम से लगभग ₹6.5 लाख जुटाए।

फ़ंडरेज़र में प्रस्तुत किया गया एक प्रदर्शन।

आपके गवर्नर्स से मिलिए

वी मुत्तुकुमारन

डॉ टीना एंटोनी कुन्नुमकल
डेंटल सर्जन
रोटरी क्लब अरूर सैटेलाइट सिटी, रो ई मंडल 3211

महिला केंद्रित पहल

डॉ. टीना कहती हैं, मैंने सभी 162 क्लबों (5,276 सदस्यों) से ऐसी सेवा पहल करने का आग्रह किया है, जो आने वाले वर्षों तक चलती रहेंगी। मंडल का विषय, 'अपनी विरासत खुद बनाएँ,' प्रमुख *प्रोजेक्ट ओप्पोल* (बड़ी बहन) में परिलक्षित होता है, जिसके सात कार्यक्षेत्र हैं और सभी महिला-केंद्रित पहल हैं।

ओपोल के तहत *प्रोजेक्ट आशा,* एआई-पावर्ड थर्मलीटिक्स मैमोग्राफी की मदद से लगभग 75,000 महिलाओं की स्तन कैंसर की स्क्रीनिंग की जाएगी। वह कहती हैं, इस तकनीक से बड़े समुदायों की रेडिएशन-फ्री, नॉन-इनवेसिव और कम लागत वाली स्क्रीनिंग संभव बनाती है। हम इसे 50,000 मूल्य वाले जीजी के माध्यम से लागू कर रहे हैं। *ओपोल* के छह और वर्टिकल हैं - *अभया* (घर और वन-स्टॉप सेंटर की स्थापना); *विद्या* (शिक्षा संबंधी पहल); *जननी* (माँ और बच्चे की देखभाल, स्मार्ट आंगनवाड़ी); *श्रेया* (महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता); *निर्मला* (शौचालय और पानी एटीएम का निर्माण); और *भूमिका* (पर्यावरण सुरक्षा)।

मंडल के क्लब ₹200 प्रति कप की लागत वाले 75,000 पर्यावरण-अनुकूल मासिक धर्म कप वितरित करके बीस पंचायतों को सैनिटरी पैड मुक्त बनाएँगे। क्लब सदस्यों द्वारा प्रायोजित लगभग 3,000 साइकिलें स्कूल की लड़कियों को (₹80 लाख) दी जाएँगी। टीआरएफ दान के लिए, उनका लक्ष्य 1 मिलियन डॉलर है। वे 1,000 नए सदस्यों जोड़ने और 10 नए क्लब शुरू करना चाहती हैं। टीना 1998 में रोटरी से जुड़ी। वह अपने पति एंटोनी के रोटेरियन के रूप में कार्य से प्रेरित हैं। ■

निशा शेखावत
शिक्षाविद
रोटरी क्लब अजमेर
रो ई मंडल 3053

ग्वालियर स्थित चिकित्सा मिशन

निशा अपने पिता शिवराज सिंह गौड़ से बहुत प्रभावित थीं, जो रोटरी क्लब कोटा के 82 वर्षीय रोटेरियन हैं। उन्होंने 44 साल तक सक्रिय रूप से रोटरी में सेवा की है और मंडल में कई महत्वपूर्ण पद संभाले हैं। वे मेरे रोल मॉडल हैं, निशा कहती हैं। उनके पति अमरपाल सिंह शेखावत भी रोटेरियन हैं।

उन्होंने दो जीजी परियोजनाएँ तय की हैं - जोधपुर और अजमेर के 30 सरकारी स्कूलों को 1,600 बेंच-डेस्क दान (जीजी: ₹50 लाख); और जोधपुर के एमजी अस्पताल के नवजात शिशु वार्ड को चिकित्सा उपकरण (₹26 लाख) प्रदान करना। मार्च के आखिरी सप्ताह में, रोटरी क्लब ग्वालियर द्वारा रो ई मंडल 3080 और राज्य सरकार के सहयोग से शिवपुरी में एक सात दिवसीय मेगा मेडिकल मिशन आयोजित किया जाएगा। रो ई मंडल भिवाड़ी एक हैप्पी स्कूल परियोजना (सी एस आर निधि: ₹1 लाख) चलाएगा जिससे 1,500 छात्रों को लाभ मिलेगा।

निशा का लक्ष्य 77 क्लबों में 3,400 सदस्यों के आधार से 15 प्रतिशत की शुद्ध वृद्धि हासिल करना है। जुलाई से अब तक, माँ और बच्चे की देखभाल, स्वास्थ्य और साक्षरता के क्षेत्र में 50 परियोजनाएँ पूरी की गई हैं, जिनकी कीमत ₹6-₹7 लाख है। "हमने 3,500 यूनिट रक्त एकत्र किया है और जारी गतिविधियों के तहत 10,000 पौधे लगाए हैं।"

टीआरएफ दान के लिए उनका लक्ष्य 260,000 डॉलर है। रोटरेक्टर (1990-93) रहने के बाद, निशा ने 2007 में रोटरी में शामिल हुईं। ■

मैमोग्राफी बसों पर ध्यान

मंडल रोटरी के कामकाज को बेहतर बनाने के लिए, लातूर ने 26 से कम सदस्यों वाले क्लबों को मपूरी तरह से मनाफ कर दिया है। वे कहते हैं, इस समय, हमारी कुल संख्या में महिलाओं की संख्या 16 प्रतिशत है, और मैं जून के अंत तक इसे 20 प्रतिशत तक पहुँचाना चाहता हूँ। मैं अपने कार्यकाल में 500 नए सदस्य जोड़ूँगा और 25 नए क्लबों की स्थापना करूँगा। वर्तमान में, 103 क्लबों में 4,240 सदस्य हैं।

मार्च में मौजूदा तीन मोबाइल क्लीनिकों के साथ पाँच मैमोग्राफी बसें (जीजी: 300,000 डॉलर) जोड़ी जाएँगी। इनकी मदद से दूरदराज़ के गाँवों में दो लाख महिलाओं की जाँच की जा सकेगी। नवजात शिशुओं के लिए, सोलापुर, नांदेड़ और अंबजोगाई के सरकारी अस्पतालों में तीन मानव दूध बैंक (जीजी: 150,000 डॉलर) स्थापित किए जाएंगे। सरकारी स्कूलों में 100 हैप्पी स्कूल प्रोजेक्ट (जीजी: 200,000 डॉलर) पूरे किए जाएंगे। हम किसानों के लाभ के लिए अकनुज, चाकूर, जालना और शिरडी में चार कृषि उपकरण बैंक (जीजी: 100,000 डॉलर) स्थापित करेंगे। वह 250 रोटरेकटर्स (अभी 490 सदस्य हैं) को शामिल करेंगे और मौजूदा 34 रोटरेक्ट क्लबों में 10 नए क्लब जोड़ेंगे।

टीआरएफ के 1 मिलियन डॉलर के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, 2,000 रोटेरियन और 3,000 जन स्वयंसेवकों की मदद से नवंबर में कई जगहों पर रोटरी रन आयोजित किए गए। लातूर ने 2011 में रोटरी में शामिल हुए थे। ■

सुधीर लातूर
धातु निर्माण, रोटरी क्लब लातूर
मिड-टाउन, रो ई मंडल 3132

नम्रता
बांध और नहरें
रोटरी क्लब चाणक्य
रो ई मंडल 3250

चिकित्सा और जल परियोजनाओं का मिश्रण

डीजी नम्रता चिकित्सा और जल परियोजनाओं का मिश्रण कर रही हैं, जिससे बड़े संख्या में लोगों को लाभ मिल रहा है। इस सूची में सबसे पहले बक्सर और मुज़फ़्फ़रपुर के सरकारी अस्पतालों और पटना के एक निजी नर्सिंग होम में तीन ब्लड बैंक (जीजी: ₹144 लाख) स्थापित किए जाएँगे। इसके बाद रांची स्थित जीएच और बिहार के मोतिहारी स्थित एक चैरिटी अस्पताल में दो डायलिसिस मशीनें (जीजी: 20,000 डॉलर) स्थापित की जाएँगी।

बिहार के औरंगाबाद मंडल के गोह गांव में गांववालों की पेयजल और सिंचाई की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए लगभग 250 टुलु मोटर पंप (जीजी: 60 लाख डॉलर) लगाए जाएंगे। एक महत्वपूर्ण पहल में, पटना के पास स्थित सात बेकार पड़े तालाबों को सी एस आर फंड से ठीक किया जाएगा। हाई-टेक उपकरण (सी एस आर फंड: 225,000) रांची के सरकारी मानसिक हॉस्पिटल को दान किए जाएंगे।

> मैं रोटरी में इस उद्देश्य के साथ शामिल हुई कि समुदायों में वास्तविक बदलाव ला संकु, और साथ-साथ पेशेवर और व्यक्तिगत रूप से एक नेता के रूप में आगे बढ़ संकु।
>
> **डीजी नम्रता**
> रो ई मंडल 3250

नम्रता का टीआरएफ योगदान लक्ष्य 500,000 है। 120 क्लबों और 4,700 सदस्यों के साथ, उनका लक्ष्य 20 प्रतिशत नेट सदस्यता वृद्धि और 10 नए क्लब चार्टर करना है। वह 2008 में रोटरी में शामिल हुईं, इस उद्देश्य के साथ कि समुदायों में वास्तविक बदलाव ला सकें, और साथ-साथ पेशेवर और व्यक्तिगत रूप से एक नेता के रूप में आगे बढ़ें, वह मुस्कुराते हुए कहती हैं। ■

रो ई मंडल 2981

रोटरी क्लब विजयपुरम

मंडल *परियोजना सीओपीएसई* के तहत, क्लब ने हरित क्षेत्र बढ़ाने, जैव विविधता को बढ़ावा देने और दीर्घकालिक पारिस्थितिक संतुलन बनाने के लिए कई पौधारोपण अभियान शुरू किए हैं। यह पहल सबसेल टेक सॉल्यूशंस द्वारा प्रायोजित है।

Rotary PEOPLE OF ACTION

मंडल गतिविधियाँ

रो ई मंडल 3012

रोटरी क्लब दिल्ली शाहदरा

अंध महाविद्यालय अंध विद्यालय, पंचकुइयां को किराने का सामान दान किया गया। क्लब इस बोर्डिंग स्कूल के 25 छात्रों को यूनिफॉर्म और दृष्टिबाधित बच्चों के लिए 80 चादरें उपलब्ध कराएगा।

रो ई मंडल 3100

रोटरी क्लब भारतीय ग्राम

अमरोहा मंडल के गजरौला स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सीएमओ और मंडल टीबी अधिकारी की उपस्थिति में 70 टीबी रोगियों को पोषण किटें वितरित की गईं।

रो ई मंडल 3120

रोटरी क्लब इलाहाबाद साऊथ

प्रयागराज के उड़ान स्कूल में 30 विशेष बच्चों को किताबें, ड्राइंग सामग्री, स्टेशनरी और भोजन के पैकेट वितरित किए गए।

रो ई मंडल 3000

रोटरी क्लब तिरुचिरापल्ली फीनिक्स

क्लब के अध्यक्ष मणिवेल अन्नादुरई और परियोजना अध्यक्ष एस दिनेश ने सेंट एंटनीज़ प्राइमरी स्कूल, वडक्कु पगानुर में 'ग्रीन दिवाली' मनाई और छात्रों को धरती को हरा-भरा बनाने की आवश्यकता के प्रति जागरूक किया। उन्हें स्कूल परिसर में लगाने के लिए 150 पौधे दिए गए।

रो ई मंडल 3141

रोटरी क्लब मुंबई इंस्पायर

क्लब द्वारा आयोजित एक प्रदर्शनी में 70 से ज़्यादा महिला उद्यमियों ने अपने उत्पाद प्रदर्शित किए। इस कार्यक्रम का नेतृत्व नवनिर्वाचित अध्यक्ष चैताली चटर्जी और व्यावसायिक सेवाओं की उपाध्यक्ष ज़ैनब पटेल ने किया।

रो ई मंडल 3132

रोटरी क्लब सोलापुर स्मार्ट सिटी

अपने हरितीकरण अभियान के दूसरे चरण के दौरान, होटगी स्थित साईं मंदिर परिसर में 200 पौधे लगाए गए। अब तक, क्लब ने 500 पौधों के लक्ष्य में से 300 पौधे लगा दिए हैं।

बी12 आपकी नसों की सेहत की चाबी

गीता मथाई

तत्वसभी जानते हैं कि विटामिन शरीर और मन दोनों के स्वस्थ और कुशल कामकाज के लिए ज़रूरी हैं। शरीर में, विटामिन हर सेकंड होने वाली लाखों रासायनिक प्रतिक्रियाओं में को-एंजाइम और कोफ़ैक्टर्स के रूप में कार्य करते हैं। कुछ लोग बेहतर स्वास्थ्य और दीर्घायु की आशा में विटामिन की अधिक मात्रा या मेगाडोज़ भी ले लेते हैं। यह प्रवृत्ति हानिकारक हो सकती है, क्योंकि अतिरिक्त पानी में घुलनशील विटामिन मूत्र के माध्यम से बाहर निकल जाते हैं। इसके विपरीत, वसा में घुलनशील विटामिन शरीर में एकत्र होकर विषाक्त स्तर तक पहुँच सकते हैं।

शरीर विटामिन नहीं बनाता। हमारे ज़्यादातर विटामिन संतुलित और पौष्टिक आहार से प्राप्त होते हैं। इनकी कमी विशेष रूप से सख्त शाकाहारी लोगों, अत्यधिक प्रतिबंधित या बिना पोषक तत्वों वाले तरल आहार लेने वालों, रेडिएशन उपचार या सर्जरी से गुजर रहे मरीजों, तथा वरिष्ठ नागरिकों में देखने को मिल सकती है।

वसा में घुलनशील विटामिन (ए, डी, ई, और के) शरीर में लंबे समय तक जमा रहते हैं। इसके विपरीत, जल में घुलनशील विटामिन (बी-कॉम्प्लेक्स समूह और विटामिन सी) शरीर में जमा नहीं होते। इसलिए इन्हें आहार के माध्यम से नियमित रूप से प्राप्त करना आवश्यक होता है।

इस समूह में, विटामिन बी12 एक अपवाद है। अन्य बी विटामिनों के विपरीत, यह पत्तेदार सब्जियों या फलों की बजाय मुख्य रूप से मांस, मछली और डेयरी उत्पादों में पाया जाता है। इसके अलावा, जहाँ अधिकांश बी विटामिन गर्मी और पकाने से नष्ट हो जाते हैं, वहीं विटामिन बी12 अपेक्षाकृत स्थिर रहता है। शरीर लगभग 1 से 5 मिलीग्राम विटामिन बी12 जमा कर सकता है, इसलिए इसकी कमी के लक्षण प्रकट होने में कई साल लग सकते हैं।

विटामिन बी12 का अवशोषण अन्य जल-घुलनशील विटामिनों की तुलना में अधिक जटिल होता है। यह प्रक्रिया मुँह से शुरू होती है, जहाँ विटामिन बी12 लार में मौजूद हैप्टोकोरिन नामक प्रोटीन से जुड़ता है, और फिर इंट्रिन्सिक फैक्टर नामक एक अन्य प्रोटीन से जुड़ता है, जो आमाशय की पार्श्विका कोशिकाओं द्वारा स्रावित होता है। यह नया कॉम्प्लेक्स फिर छोटी आंत के अंतिम भाग, इलियम में अवशोषित होता है। जब विटामिन बी12 को फोर्टिफाइड खाद्य पदार्थों में मिलाया जाता है या पूरक के रूप में लिया जाता है, तो इसे अधिक सीधे अवशोषित किया जा सकता है, लेकिन फिर भी इसे इंट्रिन्सिक फैक्टर से जुड़ने की आवश्यकता होती है।

विटामिन बी12 की कमी अपर्याप्त आहार, खासकर पशु उत्पादों की कमी वाले आहार के कारण हो सकती है। कभी-कभी, ज़ेरोस्टोमिया (मुँह सूखना) लार को कम कर सकता है और अवशोषण में बाधा डाल सकता है। आंतरिक कारक बनाने वाली गैस्ट्रिक ग्रंथियाँ क्षतिग्रस्त हो सकती हैं और उनकी जगह रेशेदार ऊतक ले सकते हैं। यह थायरॉइड विकारों या स्व-प्रतिरक्षित रोगों में हो सकता है। दीर्घकालिक हेलिकोबैक्टर पाइलोरी संक्रमण, साथ ही तंबाकू या शराब का नियमित सेवन भी अवशोषण को कम कर सकता है। आंतों के रोग या शल्य चिकित्सा प्रक्रियाएँ जैसे कि आंशिक रूप से निकालना, बैंडिंग, या पेट या छोटी आंत की बाईपास सर्जरी, या वजन घटाने की सर्जरी, विटामिन बी12 के स्तर को और कम कर सकती हैं।

मेटफ़ॉर्मिन डायबिटीज के लिए सबसे ज़्यादा इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं में से एक है। ओमेप्राज़ोल और पैंटोप्राज़ोल जैसी प्रोटॉन पंप अवरोधक दवाइयाँ, और सिमेटिडाइन, रैनिटिडाइन और फैमोटिडाइन जैसी एंटासिड दवाइयाँ व्यापक रूप से दी जाती हैं। ये दवाइयाँ, फ़िनाइटोइन और फ़ेनोबार्बिटल जैसी कुछ मिर्गी-रोधी दवाओं के साथ मिलकर, विटामिन बी12 के स्तर को भी कम कर सकती हैं।

शिशुओं में विटामिन बी12 की आवश्यकता लगभग 0.4 माइक्रोग्राम प्रतिदिन और वयस्कों में 2.4 माइक्रोग्राम प्रतिदिन होती है। गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं को इससे थोड़ी अधिक, लगभग 2.8 माइक्रोग्राम प्रतिदिन की आवश्यकता होती है। विटामिन बी12 से भरपूर खाद्य पदार्थों में लीवर, बीफ़, मछली, अंडे (विशेषकर जर्दी), और दही, पनीर और चीज़ जैसे डेयरी उत्पाद शामिल हैं।

सभी कोशिकाओं में डीएनए होता है, और विटामिन बी12 सभी विभाजित होती कोशिकाओं में डीएनए के निर्माण के लिए आवश्यक एक प्रमुख पोषक तत्व है। यह लाल रक्त कोशिकाओं के निर्माण में आवश्यक है। इसकी कमी से एक प्रकार का एनीमिया हो सकता है जिसमें लाल रक्त कोशिकाएं सामान्य से बड़ी और कम कार्यकुशल हो जाती हैं (मेगालोब्लास्टिक एनीमिया)। तंत्रिकाएँ भी प्रभावित होती हैं, क्योंकि बी12 उन्हें सुरक्षित रखने वाले सुरक्षात्मक माइलिन आवरण को बनाए रखने के लिए आवश्यक है और तंत्रिकाओं को संचार करने में सक्षम न्यूरोट्रांसमीटर के संश्लेषण के लिए महत्वपूर्ण है। पर्याप्त बी12 के बिना, तंत्रिकाएँ क्षतिग्रस्त हो सकती हैं, जिससे सुन्नता, झुनझुनी और कमजोरी जैसे लक्षण दिखाई दे सकते हैं। इसकी गंभीर कमी से अधिक गंभीर तंत्रिका संबंधी समस्याएं हो सकती हैं, जिनमें रीढ़ की हड्डी को नुकसान, संतुलन की हानि, संज्ञानात्मक हानि और भूलने की बीमारी शामिल है।

यदि लक्षण विटामिन बी12 की कमी की ओर इशारा करते हैं, तो रक्त परीक्षण करवाना आवश्यक है। लगभग 300 pg/mL का स्तर सामान्य माना जाता है। यदि कमी पाई जाती है, तो मूल कारण की पहचान की जानी चाहिए और सुधारात्मक उपचार के साथ उसका समाधान किया जाना चाहिए। डॉक्टर की सलाह के बिना दवाएँ बंद नहीं करनी चाहिए, भले ही वे बी12 के निम्न स्तर में योगदान दें। जब कारण ठीक न हो सके, तो प्रतिस्थापन चिकित्सा शुरू की जानी चाहिए। हल्के मामलों में, जहाँ अवशोषण बरकरार है, 250-1000 माइक्रोग्राम विटामिन बी12 कैप्सूल या टैबलेट प्रतिदिन लिए जा सकते हैं। इन्हें अकेले या फोलिक एसिड और अन्य बी-कॉम्प्लेक्स विटामिन के साथ संयोजन में दिया जा सकता है। यदि कमी गंभीर है या अवशोषण बाधित है, तो विटामिन बी12 के इंजेक्शन एक सप्ताह तक प्रतिदिन दिए जा सकते हैं, उसके बाद छह सप्ताह तक साप्ताहिक खुराक दी जा सकती है। इसके बाद जीवन भर मासिक रखरखाव इंजेक्शन की आवश्यकता हो सकती है। उपचार के तीन महीने बाद रक्त स्तर की पुनः जाँच करवानी चाहिए।

उम्र बढ़ने के साथ, विटामिन की कमी धीरे-धीरे विकसित हो सकती है और अक्सर ध्यान नहीं जाती। ये कमियाँ थकान और उम्र से संबंधित स्मृति हानि जैसे लक्षणों को बढ़ा सकती हैं। अच्छी खबर यह है कि समय पर सुधार से अक्सर इन लक्षणों को ठीक किया जा सकता है।

लेखिका बाल रोग विशेषज्ञ हैं और उन्होंने स्टेइंग हेल्दी इन मॉडर्न इंडिया *पुस्तक लिखी है*



परिवर्तन की शक्ति

मुरादाबाद में एक नया ब्लड बैंक

डीजी नितिन अग्रवाल ने मुरादाबाद के क्रेस्ट हॉस्पिटल में एक कंपोनेंट सेपरेशन ब्लड बैंक का उद्घाटन किया। इसे रोटरी क्लब मुरादाबाद (ईस्ट), रो ई मंडल 3100 ने 50,000 की ग्लोबल ग्रांट से स्थापित किया है।

इस अवसर पर क्लब के पांच सदस्यों ने रक्तदान किया। यह नई सुविधा एक यूनिट खून से तीन ब्लड कंपोनेंट - आरबीसी, प्लेटलेट्स और प्लाज़्मा - तैयार करेगी, जिससे तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। पीडीजी ललित मोहन गुप्ता, जो डीआरएफ़सी भी हैं, और हॉस्पिटल के निदेशक डॉ राज शेखर उद्घाटन के समय उपस्थित थे। ■

रो ई मंडल 3100 के डीजी नितिन अग्रवाल (दाएँ से तीसरे) और उनके दाएँ डीआरएफ़सी ललित मोहन गुप्ता, मुरादाबाद के नए ब्लड बैंक में।

गढ़चिरोली के आदिवासियों के लिए मोतियाबिंद सर्जरी

रोटरी क्लब नागपुर साउथ ईस्ट के चल रहे मेडिकल परियोजना, रो ई मंडल 3030 में, गढ़चिरौली के नक्सल-प्रभावित आदिवासी इलाकों के 35 मरीज़ों को नागपुर के शालिनीताई मेघे हॉस्पिटल में मोतियाबिंद की सर्जरी के बाद छुट्टी दे दी गई।

इस रोटरी वर्ष में लाभार्थियों की कुल संख्या 194 हो गई है। क्लब मरीजों को मुफ़्त परिवहन उपलब्ध कराता है और अस्पताल में ऑपरेशन से पहले और बाद की देखभाल के दौरान उनके रहने की व्यवस्था भी करता है। ■

गढचिरोली के आदिवासी क्षेत्रों के मरीजों को दिवाली की मिठाइयाँ दी गयी।

पुणे के रोटेरियन मॉरीशस दौरे पर

रोई मंडल 3131 की 12-सदस्यीय टीम रोटरी फ्रेंडशिप एक्सचेंज कार्यक्रम के तहत पाँच दिन की मॉरीशस यात्रा पर गई। रोटरी क्लब पूना के सदस्यों, पीडीजी दीपक शिकारपुर, डॉ फरीदा ईरानी और डॉ कमल पालिया ने मॉरीशस के राष्ट्रपति धर्मबीर गोखूल को क्लब का झंडा भेंट किया, जिन्होंने अपनी भारत यात्रा और पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम के साथ हुई बातचीत की यादें साझा कीं।

रोटरी क्लब पुणे, खड़की, पुणे गांधी भवन और पुणे अमनोरा के सदस्यों से बनी इस प्रतिनिधि टीम ने रोटरी क्लब ओट रीव की साप्ताहिक बैठक में भी हिस्सा लिया और परियोजना दौरे के दौरान 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माला चढ़ाई। भारतीय रोटेरियन टीम का नेतृत्व डॉ मधुरा विप्रा ने किया। ■

रो ई मंडल 3131 के रोटेरियन मॉरीशस के राष्ट्रपति धरमबीर गोकूल (केन्द्र) के साथ, द्वीप राष्ट्र की आरएफ़ई यात्रा के दौरान। पीडीजी दीपक शिखरपुर पिछली पंक्ति (केन्द्र) में हैं।

गुर्दे के रोगियों के लिए डायलिसिस किट

अलप्पुळा मंडल कलेक्टर एलेक्स वर्गीस ने रो ई मंडल 3211 के रोटरी क्लब एलेप्पी ग्रेटर द्वारा शुरू किए गए चिकित्सा परियोजना का उद्घाटन किया, जिसके तहत आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को डायलिसिस किट दी जाएँगी। यह क्लब किडनी की बीमारी से पीड़ित 20 व्यक्तियों को एक वर्ष तक प्रति माह 20 डायलिसिस किट प्रदान करेगा, जिसकी कुल लागत ₹3 लाख होगी।

वर्गीस ने उद्घाटन समारोह में पहली किट एक मरीज को सौंपी, तथा शेष किट क्लब के अध्यक्ष नजीर पुन्नक्कल ने साप्ताहिक क्लब बैठक में लाभार्थियों को वितरित कीं। ■

अलप्पुळा जिला कलेक्टर एलेक्स वर्गीज़ (दाएँ से तीसरे) एक लाभार्थी को डायलिसिस किट देते हुए, रोटरी क्लब एलेप्पी ग्रेटर के अध्यक्ष नज़ीर पन्नक्कल (उनके दाईं ओर) भी चित्र में शामिल हैं।

TRF Star Performers (2024–25)

Trophy	Zone 4	Zone 5
Highest Contribution to TRF Annual Fund	Chetan Desai, RID 3141	Meerankhan Saleem, RID 3212
Highest Contribution to TRF Endowment Fund	Chetan Desai, RID 3141	Meerankhan Saleem, RID 3212
Highest Contribution to TRF Polio Fund	Dinesh Mehta, RID 3142	Meerankhan Saleem, RID 3212
Highest per capita APF Contribution to TRF	Dinesh Mehta, RID 3142	Meerankhan Saleem, RID 3212
Highest Total Contribution to TRF	Chetan Desai, RID 3141	Saravanan N S, RID 3234
Highest Donor Participation (% wise)	Tushar Shah, RID 3060	Subbarayan Baskaran, RID 2981
100% Club Participation for TRF Giving	Mohan Parashar, RID 3055 Tushar Shah, RID 3060 Chetan Desai, RID 3141 Dinesh Mehta, RID 3142	Sivakumar V, RID 2982 Suresh Babu S, RID 3203 Santhosh Sreedhar RID 3204 Meerankhan Saleem, RID 3212 Sushena Ranatunga, RID 3220
Highest Giving Club towards TRF Polio Plus Fund	President Chetna Singh RC Hiranandani Ivan, RID 3142	President V N M A K Rajivan RC Virudhunagar, RID 3212

रो ई मंडल 3234 से पीडीजी एन एस सरवनन और भारती को रो ई अध्यक्ष फ्रांसेस्को अरेज़ो सम्मानित करते हुए। चित्र में (बाएँ से): पीआरआईडी ए एस वेंकटरामन, रो ई निदेशक के पी नागेश, रवि सुन्दरेसन, पीआरआईडी राजू सुब्रमणियन, टीआरएफ ट्रस्टी ऐन-ब्रिट असेबोल, कुमार राजेन्द्रन, रो ई निदेशक एम मुरुगानंदम, पीडीजी जे श्रीधर और माधव चन्द्रन। (बैठे हुए): पीडीआरआर ससीकुमार और डीआरआरई विघ्नेश चन्द्रन भी शामिल हैं।

रो ई मंडल 3141 से पीडीजी चेतन देसाई को टीआरएफ ट्रस्टी ऐन-ब्रिट आसेबोल सम्मानित करती हुई। साथ में दिखाई दे रहे हैं: रो ई निदेशक नागेश, पीआरआईडी अनिरुद्धा रॉयचौधरी, रो ई अध्यक्ष अरेज़ो और ज्वाला देसाई।

रो ई मंडल 3291 से पीडीजी कृष्णेंदु गुप्ता और सिमरन, (बाएँ से) रो ई निदेशक नागेश, पीआरआईडी रॉयचौधरी, रो ई अध्यक्ष अरेज़ो, रो ई निदेशक मुरुगानंदम और टीआरएफ ट्रस्टी ऐन-ब्रिट असेबोल के साथ।

— Zones 4, 5, 6 and 7

Trophy	Zone 6	Zone 7
Highest Contribution to TRF Annual Fund	Sukhminder Singh, RID 3240	Shital Shah, RID 3131
Highest Contribution to TRF Endowment Fund	Krishnendu Gupta, RID 3291	Sharad Pai, RID 3170
Highest Contribution to TRF Polio Fund	Sukhminder Singh, RID 3240	Malla Venkateswara Rao, RID 3020
Highest per capita APF Contribution to TRF	Sukhminder Singh, RID 3240	Shital Shah, RID 3131
Highest Total Contribution to TRF	Krishnendu Gupta, RID 3291	Shital Shah, RID 3131
Highest Donor Participation (% wise)	Bipin Chachan, RID 3250	Vikram Datta, RID 3181
100% Club Participation for TRF Giving	Sukhminder Singh, RID 3240 Bipin Chachan, RID 3250	M Venkateswara Rao, RID 3020 Shital Shah, RID 3131 Suresh Saboo, RID 3132 Sharath Choudary, RID 3150 Sharad Pai, RID 3170 Vikram Datta, RID 3181 Mahadev Prasad, RID 3192
Highest Giving Club towards TRF Polio Plus Fund	President Milan Kumar K C RC Pashupati Kathmandu RID 3292	President G Vinod Kumar RC Vizianagaram, RID 3020

Zone 4, 5, 6 & 7 (India, Nepal and Sri Lanka)	RI District
Nitish Laharry Trophy for Highest Total Contribution to TRF	3141
Binota and Kalyan Banerjee Trophy for Highest Endowment Fund Contribution	3291
Usha and Raja Saboo Trophy for Highest Annual Fund Contribution to TRF	3131
Highest Polio Fund Contribution to TRF	3020
District with highest new AKS members	3141

रो ई मंडल 3170 से पीडीजी शरद पाई को उनका सम्मान टीआरएफ ट्रस्टी ऐन-ब्रिट असेबोल और रो ई उपाध्यक्ष एलेन वैन डे पोल द्वारा प्रदान किया गया। रो ई अध्यक्ष अरेज़ो, डीजीई लेनी डा कोस्टा और रो ई निदेशक मुरुगानंदम भी चित्र में उपस्थित हैं।

रो ई मंडल 3212 से पीडीजी मीरनखान सलीम को उनका पुरस्कार रो ई अध्यक्ष अरेज़ो ने प्रदान किया। बाएँ से: डीजी जे धिनेश बाबू, रो ई निदेशक नागेश और पीआरआईडी सुब्रमणियन भी चित्र में दिखाई दे रहे हैं।

अगले अंक में सदस्यता और जनछवि पुरस्कार प्रकाशित किए जाएंगे।

प्रकृति की गोद में

प्रकृति के साथ सामंजस्य में जीवन जीने के एक असाधारण, सराबोर करने वाले अनुभव का हिस्सा बनें और बिना विचार किए जाने वाले विकास के परिणामों को महसूस करें।

संध्या राव

कई साल पहले मैंने सादत हसन मंटो की 'टोबा टेक सिंह' नामक एक लघु कथा पढ़ी थी – सादत को बहुत लोग 20वीं शताब्दी के आरंभ में उपमहाद्वीप का उज्ज्वल साहित्यिक सितारा मानते थे। उससे प्रेरित होकर मैंने इसका मूल उर्दू में ऑडियो संस्करण खोज निकाला और उससे और अधिक प्रभावित हुई। यह कहानी विभाजन के समय की है और मानसिक रूप से अस्वस्थ लोगों के एक पागलखाने से संबंधित है, जो अब पाकिस्तान का हिस्सा है। यह कहानी उस ऐतिहासिक विभाजन के प्रभाव को इन मरीजों पर दर्शाती है, विशेष रूप से बिशन सिंह पर, जो टोबा टेक सिंह गाँव का रहने वाला है। वह पिछले 15 वर्षों से यहाँ बंदी है और अधिकतर समय चुप ही रहता है। लेकिन जब अधिकारी यह तय करते हैं कि पागलखाने के मरीजों का भी विभाजन किया जाएगा जिसके अंतर्गत मुसलमानों को पाकिस्तान भेजा जाएगा और हिंदुओं एवं सिखों को भारत के पागलखाने भेजा जाएगा – तब बिशन सिंह के मन में केवल एक ही सवाल उठता है: टोबा टेक सिंह भारत में है या पाकिस्तान में?

इस लघु कहानी का यह संक्षिप्त विवरण मंटो द्वारा उकेरी गई बारीकियों और अंतर्दृष्टियों को सही तरह से नहीं दर्शा पाता। मेरी आप सभी पाठकों से विनम्र प्रार्थना है: कृपया इस कहानी को खोजकर पढ़ें। आपको यह ऑनलाइन मिल जाएगी। मेरे पास इसका मुद्रित संस्करण भी है – पेंग्विन की शानदार सिटीज़ श्रृंखला में, जिसका शीर्षक है *सिटी ऑफ़ सिन एंड स्प्लेंडर: राइटिंग्स ऑन लाहौर*। इसमें इस कहानी का अनुवाद खुशवंत सिंह ने किया है जिन्होंने अपने करियर की शुरुआत लाहौर में वकालत के साथ की थी और बाद में एक बिंदास पत्रकार, लेखक और इतिहास-लेखक के रूप में जाने गए। वह अपने प्रसिद्ध उपन्यास *ट्रेन टू पाकिस्तान* के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध हुए। उन्होंने *दी इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ़ इंडिया* का सफलतापूर्वक संपादन किया और वह विथ मेलिस टुवर्ड्स वन एंड ऑल नाम से अत्यंत लोकप्रिय लेख लिखा करते थे।



इस कहानी को याद करने की वजह वो किताब है जिसे मैं आज आपके सामने प्रस्तुत करना चाहती हूँ। मूलतः मलयालम में लिखी गई यह किताब *वल्ली* शीला टोमी द्वारा रचित है और इसका अनुवाद जयरूपी कलाथिल ने किया है। इस किताब के बारे में लेखिका निलंजना एस रॉय (प्रसिद्ध *द वाइल्डिंग* की लेखिका) लिखती हैं: यह पृथ्वी का एक उत्तम और अविस्मरणीय गीत है – वायनाड की चार पीढ़ियों की शानदार और मार्मिक कहानी और साथ ही ऐसा ग्रंथ जिसमें जंगल और धरती की फ़ुसफ़ुसाती, दबी हुई मगर हमेशा लौटकर आने वाली ध्वनि निहित हैं। एक और पुरस्कार-विजेता लेखिका के आर मीरा (जिन्होंने *हैंगवुमन,* मलयालम में *आराचार* लिखा है, दोनों ही भाषा में सराहनीय) इस अनुवाद को समृद्ध और आकर्षक कहती हैं। वल्ली शब्द के मलयालम में कई अर्थ हैं – ज़मीन, पौधा, युवती और रोज़नदारी – और लेखिका इस शब्द का प्रयोग वायनाड के रूपक के रूप में करती हैं, जो आज केरल का एक प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है।

इस किताब की सिफ़ारिश एक ऐसे मित्र ने की थी जिसकी राय को मैं बहुत महत्त्व देती हूँ, लेकिन पता नहीं क्यों इसे शुरू करने में मुझे दो-चार कोशिशें करनी पड़ीं। पर जैसे ही मैंने इस उपन्यास को पढ़ना शुरू किया मैं खुद को रोक न सकीं। इसे पढ़ते-पढ़ते मनुष्य और धरती के बीच का जो संबंध किताब में इतनी गहराई से उकेरा गया है, उसने मुझे यह समझने में मदद की या यूँ कहें कि यह महसूस करने में मदद की कि मनुष्यों के साथ-साथ हर जीवित वस्तु का ङ्घरफ की अवधारणा से कितना गहरा संबंध होता है। यहीं पर अचानक मेरे दिमाग में ङ्टोबा टेक सिंहफ का जिक्र आया और मैंने उस कहानी को फिर से पढ़ा।

वल्ली की शुरुआत एक शिक्षक दंपति से होती है जो वायनाड (जिसे तब बयलनाड या वाननाड कहा जाता था) में उन आदिवासी समुदायों के बीच रहने आते हैं जिनका जीवन जंगल, पेड़-पौधों, वनस्पतियों, जीव-जंतुओं और प्रकृति के स्वाभाविक परिवेश के

साथ गहराई से जुड़ा हुआ है। समय के साथ ऐसे परिवर्तन आते हैं जो मनुष्यों और प्रकृति, दोनों को ढालते भी हैं और उजाड़ते भी हैं। सरल भाषा में कहें तो इसी आधार पर *वल्ली* की दुनिया निर्मित होती है। लेकिन जैसे जीवन में पड़ाव आते हैं, वैसे ही इस उपन्यास की भी कहानी पीढ़ियों तक चलती है और धीरे-धीरे कई परत खुलती जाती हैं, जब तक कि यह क्षेत्र आज के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल में नहीं बदल जाता। यह परिवर्तन तथाकथित विकास और समृद्धि को प्रतिबिंबित करता है जो मुख्यतः बाहर से आकर बसने वाले लोगों एवं आगंतुकों के लिए आराम और सुविधाओं की दुनिया रचता है।

यह कहानी शिक्षक-दंपति की बेटी सुसान की डायरी-एंट्रियों के माध्यम से कही गई है। इन पन्नों में दर्ज उसकी बातों को आज उसकी बेटी टेसा पढ़ती है। समय लगातार अतीत और वर्तमान के बीच यात्रा करता रहता है, ठीक वैसे ही जैसे यह कथा मिथक और वास्तविकता, दृश्य और अदृश्य, मनुष्य और प्रकृति के अस्तित्त्वों के बीच सहजता से घूमती है। हम साहित्य में 'मैजिक रियलिज़्म' शब्द से परिचित हैं, जिसे प्रायः दक्षिण अमेरिकी लेखकों से जोड़ा जाता है। *वल्ली* को आसानी से इस श्रेणी में रखा जा सकता है, फर्क बस इतना है कि इसमें उभरा हुआ वायनाड जादू से भरा तो है ही पर उतना ही अटल, ठोस और यथार्थ भी है। लेखन चमकदार, कवित्वपूर्ण है और हर अनुभवी लेखक, अनुवादक और पाठक - तीनों के स्तर पर महसूस किया जा सकता है या कम-से-कम ऐसा प्रतीत होता है। मुझे तो पता ही नहीं चला कि कब मैं इस किताब में इतनी डूब गई कि इसे हाथ से रख ही नहीं सकी।

हालाँकि, ऐसी किताब हर किसी को पढ़ने में 'आसान' नहीं लग सकती, उन पाठकों को भी नहीं जो कट्टर किताबी कीड़ा होते है। उदाहरण के लिए, मेरी एक मित्र ने मेरे कहने पर किन्डल पर *वल्ली* को डाउनलोड कर लिया और वह ऐसी किताबी कीड़ा है जो किताबों में गहराई तक उतरकर उसे लगातार पढ़ती रहती है लेकिन लगभग 200 पन्ने पढ़ने के बाद उसने इसे छोड़ दिया। मुझे समझ ही नहीं आ रहा है! उसने कहा, जब उसने मुझे फोन कर के किताब पर चर्चा करते हुए पूछा कि वह क्या समझ नहीं पा रही है जबकि मुझे यह उपन्यास इतना पसंद आया था। यही बात किताब प्रेमियों की विशेषता होती है: वे हार नहीं मानते, वे जानना चाहते हैं कि क्या, क्यों और कैसे हो रहा है। वे अपनी व्यक्तिगत पसंद-नापसंद को अपने ऊपर हावी नहीं होने देते।

कुछ देर इस पर बातचीत करने के बाद हमने सोचा कि शायद एक उपाय यह किया जा सकता है कि *वल्ली* पर लिखी गई कुछ अच्छी समीक्षाएँ पढ़ी जाएँ। सारांश जानने के लिए नहीं बल्कि अनुभूति के लिए, संकेतों के लिए, दिशा के लिए। फिर शायद इस किताब की कथा-धारा स्वयं राह दिखाए और कथानक पर ध्यान देने की आवश्यकता न पड़े। हाँ, शायद, उसने कहा। मैं कथानक में स्पष्टता तलाशने लगती हूँ। उसने तय किया कि कुछ समय बाद वह इसे दोबारा पढ़ना शुरू करेगी और स्पष्ट कथानक की चिंता नहीं करेगी। मुझे उम्मीद है कि अब जब उसने यह निर्णय ले लिया है कि अपने पठन को नियंत्रित करने की कोशिश न करते हुए उपन्यास में रचे गए संसार को ही स्वयं को नियंत्रित करने दे, तभी वह उसका आनंद ले पाएगी।

और फिर अचानक जिज्ञासापूर्ण संयोग के साथ मुझे व्हाट्सएप पर एक सुझाव मिला वो भी उस व्यक्ति से जिसने पहले कभी कोई किताब का सुझाव नहीं दिया था: इरा सक्सेना द्वारा लिखित *इंसाइड फ्यूमिंग फ़ॉरेस्ट्स* का। यह बस्तर के साल वन क्षेत्रों पर आधारित है और विवरण के आधार पर यह प्रकृति के दोहन के बीच घटने वाला एक रोमांचक किस्सा है। मेरा मानना है कि यह मुख्य रूप से युवा पाठकों के लिए लिखी गई है और इस अर्थ में *वल्ली* से अलग होगी। हालाँकि एक और युवा-उन्मुख किताब जो मेरे दिमाग में आई वो है देवाशीष मखीजा की ऊंगा ('अर्थ का एहसास,' वर्ड्सवर्ल्ड, नवंबर 2022) जो प्राकृतिक संसाधनों और आदिवासी समुदायों के शोषण पर एक कठोर और प्रभावशाली आलोचना है। लेकिन सबसे स्पष्ट संबंध अब्राहम वरघीज़ की *द कोवेनेन्ट ऑफ वाटर* (एक प्रभावशाली और मनमोहक कृति, वर्ड्सवर्ल्ड, जुलाई 2023) से है।

हमें यह समझने के लिए कहीं और देखने की ज़रूरत नहीं है कि *वल्ली* किस तरह सीधे मुद्दे को छूती है, बस उस परियोजना को देख लीजिए जिसके तहत अंडमान और निकोबार द्वीपों को एक रणनीतिक और आर्थिक केंद्र में बदलने की योजना तेज़ी से आगे बढ़ रही है। सभी जानते हैं कि ऐसी परियोजना उस क्षेत्र के पारिस्थितिक तंत्र को और वहाँ के रहवासियों के अस्तित्व को नष्ट कर देगी और इन दोनों की जगह कोई नहीं ले सकता। *वल्ली* भले ही एक काल्पनिक कृति हो लेकिन जैसा कि उपन्यास के एक पात्र ने कहा है: कहानियों में इतिहासों से ज़्यादा सचाई होती है क्योंकि कहानीकारों को अपने दिल की सचाई उस कहानी में लानी होती है। इतिहासकारों के साथ बात अलग होती है। उन्हें उन लोगों के स्वार्थों का साथ देना पड़ता है जो उनसे वे इतिहास लिखवाते हैं। शायद हमें इस पर विचार करने की आवश्यकता है।

स्तंभकार बच्चों की लेखिका और वरिष्ठ पत्रकार हैं।

अंडमान और निकोबार द्वीपों को रणनीतिक और आर्थिक केंद्र बनाने की जो योजना चल रही है, उसे देखकर साफ पता चलता है कि वाली आज की हकीकत को सीधे छूती है।

जलवायु अनुकूलन नया मंत्र है

प्रीति मेहरा

हमें भविष्य के लिए स्वयं को तैयार करना होगा और जलवायु परिवर्तन का सामना करने के लिए पर्याप्त रूप से लचीला बनना होगा।

जब आप किसी चीज़ को बदल नहीं सकते, तो आपको उसके अनुसार ढलना पड़ता है। जलवायु परिवर्तन जब भारी तबाही मचा रहा है और देश यह समझने लगे हैं कि अब कुछ करना ज़रूरी है, ऐसे समय में दुनिया इसी सच को स्वीकार कर रही है। इसका अर्थ यह भी है कि ज़िम्मेदारी हम सभी की है, चाहे हम दुनिया के किसी भी हिस्से में रहते हों। हमारे मामले में, यह ज़िम्मेदारी भारत की है।

पिछले महीने, ब्राज़ील ने जलवायु परिवर्तन पर पार्टियों का सम्मेलन (COP30) आयोजित किया, इसमें यह देखा गया कि दुनिया के देश बढ़ते तापमान और बदलते मौसम को रोकने के लिए क्या कदम उठा रहे हैं, क्योंकि ये बदलाव मुश्किल हालात और कई बार आपदाएँ पैदा कर रहे हैं। भारत भी COP 30 में शामिल हुआ। सीधे शब्दों में कहें तो, जलवायु परिवर्तन मानवीय गतिविधियों के कारण होता है, और चिंता यह है कि लंबे समय में यह लोगों, पौधों और जानवरों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डालेगा, जिससे पृथ्वी को ऐसा नुकसान हो सकता है जो वापस ठीक नहीं किया जा सकेगा।

भूस्खलन रोकने के लिए सबसे महत्वपूर्ण काम है पर्वत ढलानों को फिर से हराभरा करना और ऐसी पेड़-पौधों को उगाना जिनकी जड़ें मिट्टी में मजबूती से जकड़ जाएँ।

भारत में भी हमने जलवायु परिवर्तन के हानिकारक प्रभाव महसूस किए हैं और पिछले कुछ वर्षों में कई चरम मौसम संबंधी घटनाएँ देखी हैं। इनमें भूस्खलन, ग्लेशियरों का पिघलना, बढ़ती गर्मी, अभूतपूर्व वर्षा, बाढ़, बादल फटना, चक्रवात, तूफ़ान और अभूतपूर्व वायु प्रदूषण शामिल हैं। माना जाता है कि जैसे-जैसे पृथ्वी गरम होती जाएगी, ऐसी घटनाएँ और ज़्यादा बढ़ेंगी।

भारत को जलवायु परिवर्तन के प्रति दुनिया का सातवाँ सबसे संवेदनशील देश माना गया है। ये आपदाएँ हमारे लोगों के लिए गंभीर मुश्किलें पैदा कर रही हैं और आगे चलकर इनकी संख्या और भी बढ़ने वाली है। तो, हम नागरिक होने के नाते, खासकर वे लोग जिनके लिए पर्यावरण एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, आखिर क्या कर सकते हैं?

आजकल चर्चा का विषय है मजलवायु अनुकूलनफ। सरल शब्दों में, इसका अर्थ है इन आपदाओं का सामना करने के लिए तैयार रहना और अपने आसपास के लोगों को वास्तविक या संभावित भविष्य के जलवायु संकटों के अनुकूल ढलने में मदद करना। यह तभी संभव है जब आपदाओं से हमारे और दूसरों के जीवन पर पड़ने वाले नुकसान को रोकने, कम करने या टालने के लिए पहले से ही उचित कदम उठाए जाएँ।

जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए उठाए जाने वाले कदम इस बात पर निर्भर करेंगे कि हम कहाँ रहते हैं। यदि हम पहाड़ों में रहते हैं, तो हमारी तैयारी समुद्र के पास रहने वालों से बिल्कुल अलग होगी। यही बात शहर के ऊँचे अपार्टमेंट, बंगलों, झोपड़ियों, झुग्गी-झोपड़ी में रहने वालों या गाँव की कच्ची झोपड़ी में रहने वालों पर भी लागू होती है। इस कॉलम का उद्देश्य आपको यह समझने में मदद करना है कि आने वाले मौसम परिवर्तनों का सामना करने के लिए कैसे तैयार रहें या उनके अनुरूप स्वयं को कैसे ढालें, ताकि आप अचानक से किसी भी तरह से प्रभावित न हों।

आइए पहाड़ों में रहने से शुरुआत करते हैं। हालाँकि हम वहाँ की ठंडी जलवायु और खूबसूरत नज़ारों की तारीफ़ करते हैं, लेकिन ऊँचाई वाले इलाके जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले भूस्खलन और हिमस्खलन के लिए सबसे ज़्यादा संवेदनशील होते हैं। ये घटनाएँ बेहद गंभीर तकलीफ़ें लाती हैं, जैसे टूटे हुए

घर, घायल लोग, यहाँ तक कि मौतें भी। एक परिवार को आर्थिक नुकसान कभी-कभी इतना ज़्यादा होता है कि उसे अपनी पुरानी जीवनशैली फिर से बनाने में पूरी ज़िंदगी लग जाती है।

भूस्खलन रोकने के लिए सबसे ज़रूरी काम है पहाड़ी ढलानों को फिर से हरा-भरा करना और ऐसे पेड़ लगाना जिनकी जड़ें मिट्टी में गहराई तक फैलकर मज़बूती से पकड़ बना लें। ऐसे पेड़ मिट्टी में पानी और पोषक तत्वों को बनाए रखने में मदद करते हैं और ढलान पर मिट्टी कटने से रोकते हैं। यह पहाड़ों पर मौजूद जलस्रोतों को भी सुरक्षित रखता है, जो बहुत महत्वपूर्ण है।

पहाड़ों में रहना यह भी दर्शाता है कि आपका घर ऐसे ढंग से बनाया जाए जो वहाँ के मौसम के अनुकूल हो और गर्मी, सर्दी और बारिश के महीनों में आराम प्रदान करे। पर्यावरण के प्रति जागरूक नागरिकों को स्थानीय सरकारों से आग्रह करना चाहिए कि वे जलवायु संकट को नियंत्रित करने के लिए पारिस्थितिकी तंत्र-आधारित अनुकूलन का अध्ययन करें और उसे अपनाएँ।

इसके विपरीत, समुद्र के पास रहना एक बिल्कुल अलग अनुभव होता है। कई तटीय क्षेत्रों में मैंग्रोव जंगल होते हैं, जो प्राकृतिक समुद्री सुरक्षा का काम करते हैं। दुर्भाग्य से भारत में इन्हें बंदरगाह, उद्योग और इमारतें बनाने के लिए बेरहमी से नष्ट किया जा रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण पृथ्वी गर्म हो रही है, इसलिए लोगों को चाहिए कि समुद्र किनारे जितना हो सके उतनी प्राकृतिक वनस्पति को सुरक्षित रखें। ये पेड़-पौधे समुद्री लहरों की ऊँचाई और ताकत कम करते हैं और तूफ़ानी लहरों से तट की रक्षा करते हैं। मैंग्रोव कोअछूता छोड़ना विशाल बांध या सी-वॉल बनाने की तुलना में कहीं सस्ता और समझदारी भरा समाधान है। इसे सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है।

अब उन लोगों की बात करें जो समुद्र से दूर, शहरों में रहते हैं और बढ़ते हुए भयानक वायु प्रदूषण का सामना कर रहे हैं। इसे हल्के में न लें, क्योंकि इसका सीधा असर आपकी फेफड़ों पर होता है। यह ज़रूरी है कि स्थानीय प्रशासन पेट्रोल से चलने वाले वाहनों को कम करे और सार्वजनिक परिवहन, साइकिलें और ई-वाहनों को बढ़ावा दे या इनके लिए प्रोत्साहन दे।

अगर आप घर बना रहे हैं या फ्लैट खरीदने की सोच रहे हैं, तो यह ध्यान रखें कि उसका डिज़ाइन भविष्य के जलवायु अनुमान को ध्यान में रखकर बनाया गया हो, ताकि अत्यधिक तापमान जैसी स्थितियों से सुरक्षा मिल सके। जलवायु संकट के इस दौर में, आने वाले बदलावों के अनुसार खुद को ढालना और उनके लिए तैयार रहना ही सबसे अच्छा तरीका है।

उदाहरण के लिए, जब खाने की बात आती है तो आप बहुत बड़ा बदलाव ला सकते हैं। बस यह सुनिश्चित करें कि खाना कभी बर्बाद न हो क्योंकि इसे उगाने में ऊर्जा और अनेक संसाधनों का उपयोग होता है। अगर आपका फेंका हुआ खाना लैंडफिल तक पहुँचता है, तो वहाँ सड़कर यह मीथेन नामक खतरनाक ग्रीनहाउस गैस पैदा करता है, जो पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक है। इसलिए यह बहुत ज़रूरी है कि आप कौन-सा खाना खरीदते हैं, कितना खरीदते हैं,

भारत में मैंग्रोव वन निर्दयता से नष्ट किए जा रहे हैं ताकि बंदरगाह और उद्योग बनाए जा सकें।

कितना खाते हैं और कितना फेंकते हैं, इन सब पर ध्यान दें। इसलिए, खाने की खरीदारी में सावधानी बरतें और बचे हुए खाने के कचरे को खाद में बदल दें ताकि वह वापस मिट्टी में मिल जाए, यही सही तरीका है।

शहरवासियों, कस्बों और गाँव वालों का एक ही कर्तव्य है। सभी को अपने ऊर्जा पदचिह्न पर नज़र रखनी होगी। एयर कंडीशनर या पंखा बंद करना या उनका इस्तेमाल न करना जैसी छोटी-छोटी बातें ज़ाहिर तौर पर एक सकारात्मक पहलू हैं। लेकिन हममें से ज़्यादातर लोग छोटी-छोटी बातों को नज़रअंदाज़ कर देते हैं, जैसे ज़्यादा दक्षता के लिए एयर फ़िल्टर बदलना, ऊर्जा की खपत कम करने के लिए स्टार लेबल वाले गैजेट खरीदना, या इस्तेमाल न होने पर गैजेट का प्लग निकाल देना।

एक नया एनर्जी स्टार गैजेट मॉडल चुनने जैसा एक साधारण निर्णय हर साल ऊर्जा की खपत को 10 से 50 प्रतिशत तक कम कर सकता है। ऐसा कहा जाता है कि दुनिया भर में एक औसत व्यक्ति अपनी गतिविधियों से सालाना चार टन कार्बन डाइऑक्साइड पैदा करता है। लेकिन अगर आप संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे अत्यधिक विकसित देश में रहते हैं, तो आप 16 टन कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जित करते हैं, और अगर आप भारत में हैं, तो आप लगभग दो टन उत्सर्जित करते हैं। लेकिन समस्या यह है कि भारत में इससे कहीं ज़्यादा नागरिक हैं और भारत में यह आँकड़ा हर साल बढ़ रहा है। इसलिए, अब समय आ गया है कि हम अपने कार्बन फुटप्रिंट को बढ़ने से रोकें, लचीला बनें और एक ऐसे भविष्य के लिए खुद को तैयार करें जहाँ हमें सावधानी से रहना होगा।

लेखिका एक वरिष्ठ पत्रकार हैं, जो पर्यावरण के मुद्दों पर लिखती हैं।

रो ई मंडल 3150

रोटरी क्लब गुंटूर-विकास

शंकर नेत्र अस्पताल, पेडा काकानी और रीसाइकलस्पेक्स, टेक्सास, अमेरिका की विदिशा पलेटी के सहयोग से अनंतवरप्पाडु गांव में आयोजित नेत्र जांच शिविर में 200 से अधिक व्यक्तियों की जांच की गई।

Rotary PEOPLE OF ACTION

मंडल गतिविधियाँ

रो ई मंडल 3205

रोटरी क्लब त्रिशूर

क्लब, त्रिशूर स्थित मानसिक रूप से विकलांग बच्चों/वयस्कों के संघ के साथ मिलकर उनके ऑटिज़्म प्रशिक्षण और पुनर्वास केंद्रों को सहायता प्रदान कर रहा है। इसके कौशल विकास केंद्र के लिए कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने हेतु एक आरसीसी की स्थापना की गई है।

रो ई मंडल 3231

रोटरी क्लब तिरुपत्तूर

तिरुपत्तूर मंडल में पुदुरनाडु पहाड़ियों के पास कीझानूर गाँव में 30 किसानों को उर्वरक वितरित किए गए। एक अन्य पहल में, रोटेरियन्स ने इस गाँव के 100 निर्माण श्रमिकों को उपकरण भेंट किए।

रो ई मंडल 3234

रोटरी क्लब चेन्नई गैलेक्सी

क्लब द्वारा आयोजित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी क्विज़ में 150 स्कूलों के लगभग 1,200 छात्रों ने भाग लिया। स्कूल शिक्षा मंत्री अंबिल पोय्यामोळी मुख्य अतिथि थे।

रो ई मंडल 3170

रोटरी क्लब धारवाड़ सेंट्रल

रो ई के निदेशक के पी नागेश ने सदस्यता संगोष्ठी में इंटरनेशनल फेलोशिप ऑफ रोटेरियन म्यूजिशियन (आईएफ़आरएम) के एक अध्याय का उद्घाटन किया। डीजी अरुण भंडारी भी उपस्थित थे।

रो ई मंडल 3291

रोटरी क्लब कैलकट्टा प्रेसिडेंसी

विवेसिटी अस्पताल के सहयोग से फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए एक किडनी स्वास्थ्य एवं वेलनेस शिविर आयोजित किया गया। जाँच परिणामों के साथ स्वास्थ्य कार्ड वितरित किए गए।

रो ई मंडल 3261

रोटरी क्लब संबलपुर

क्लब के हरित मिशन के तहत क्लब के सदस्यों द्वारा आईआईएम, संबलपुर के परिसर में विविध प्रजातियों के 1000 पौधे लगाए गए।

वी मुत्तुकुमारन द्वारा संकलित

LBW



जापान और भारतः दो देशों की अलग दुनिया

टीसीए श्रीनिवासा राघवन

पिछले महीने कई लोग यह जानने को उत्सुक थे कि जापान में ऐसी कौन-सी बात थी जिसने मेरी पत्नी और मुझे सबसे ज़्यादा प्रभावित किया। मेरी पत्नी इतनी कूटनीतिक है कि ऐसे सीधे सवालों का जवाब नहीं देती। लेकिन मेरे भीतर ऐसी कोई झिझक नहीं है इसलिए मैंने तुरंत कहा, स्पीड ब्रेकर। जापान में एक भी नहीं है जबकि हमारे यहाँ यह हर जगह है और यहाँ तक कि मैं जिस छोटे से समुदाय में रहता हूँ उस 800 मीटर के चक्कर वाले रास्ते पर भी 8 स्पीड ब्रेकर हैं। मेरा यह जवाब इसलिए आया क्योंकि अभी-अभी एक रास्ते पर स्पीड ब्रेकर का निशान न होने की वजह से मेरा सिर जोर से टकरा गया। इसलिए मैंने वही कहा जो उस समय मेरे दिमाग में चल रहा था।

बात यह है कि जहाँ हम रहते हैं वह जगह कोई जंगली लोगों से नहीं भरी है। किसी भी तरह से नहीं। शायद पहले ऐसा होता था, जब वहाँ ज्यादातर पत्रकार रहते थे क्योंकि यह परिसर मीडिया वालों ने ही बनाया था। लेकिन अब ऐसा नहीं है। अब हमारे हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में कई शिक्षित, गैर-मीडिया परिवार भी रहते हैं। फिर भी हमें हर 100 मीटर पर एक स्पीड ब्रेकर चाहिए। कुत्तों का उत्सर्जन के मामले में भी कुछ ऐसा ही है। मानता हूँ इस मामले में जापान कोई अपवाद नहीं है - यूरोप और अन्य देशों में भी यही हाल है। लेकिन भारत में तो मानो यह सोच है: मेरा कुत्ता प्यारा है और उसकी गंदगी भी उतनी ही प्यारी! इसलिए, अगर आप हमारी कॉलोनी में गाड़ी चला रहे हैं तो स्पीड ब्रेकरों से जूझना पड़ेगा। और अगर पैदल चल रहे हैं तो कुत्तों की गंदगी से। इसलिए सबसे अच्छा है कि घर पर ही रहें।

एक और बड़ा अंतर है-चलना। जापानी लोग रोज़ तीन-चार किलोमीटर चलते हैं इसलिए नहीं कि किसी ने उन्हें 10,000 कदम चलने की सलाह दी है। बल्कि इसलिए क्योंकि वहाँ पार्किंग की जगह बहुत कम है और उनका मेट्रो (सबवे) सिस्टम कमाल का है। लेकिन भारत में हम दो-चार सौ गज़ की दूरी पर भी कार या मोटरबाइक से ही जाते हैं। मैंने एक दिन अपने पड़ोसी के बेटे से इस बारे में पूछा। वह बोला कि चलना बहुत बोरिंग होता है। मैंने कहा, बोरिंग? फिर वह इयरफ़ोन जो तुम हर समय पहने रहते हो, उसका क्या? वह बोला, अंकल, अब आप ही बोरिंग हो रहे हैं। कोई भी जापानी व्यक्ति किसी बुज़ुर्ग से ऐसा नहीं कहेगा मेरा यकीन मानिए, मैं बहुत बुज़ुर्ग हूँ लगभग 75 साल का।

हमने जापान में एक और ऐसी चीज़ देखी जो भारत में बहुत कम देखने को मिलती है - दूसरों को आगे रखने की आदत। पुराने लखनऊ में जिसे पहले आप की *तहज़ीब* कहा जाता था यानी दूसरों को तवज्जो देना, भले ही आपको खुद ही असुविधा क्यों न हो। जापानी लोग शिष्टाचार को उस हद तक ले जाते हैं जो दुनिया में कहीं और शायद ही देखने को मिले। यह भारत से बिलकुल उलट है। मुझे एक बार अपने ही देश की एक रेलयात्रा का किस्सा याद आता है - जब दो नौजवान गुंडे जैसे लड़कों ने अपनी-अपनी सीटों के ऊपर लगभग छह-छह फीट तक सामान फैला रखा था। इससे कम से कम 15 यात्रियों को ऊपर वाले रैक में जगह नहीं मिली। मैं भी उन्हीं में से एक था। जब मैंने आपत्ति की, तो उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या यह रेल मेरे बाप की है - बेशक, यह सब उन्होंने हिंदी में कहा जिससे यह और भी प्रभावशाली लगा। अगर मेरी पत्नी बीच में न आती, तो हाथापाई तय थी। लेकिन मेरी पत्नी कहती है कि जापान भी अब पहले जितना विनम्र नहीं रहा। वह कई बार वहाँ जा चुकी है और उसमें आ रहे छोटे-छोटे बदलाव देखती है, ख़ासकर विदेशियों के प्रति रवैये में। बहुत ज्यादा पर्यटकों की वजह से जापानी लोग अब कुछ सतर्क हो गए हैं। वे विदेशियों का स्वागत तो करते हैं, लेकिन हम भारतीयों की तरह उन्हें बुलाकर फिर धोखा देने जैसा काम नहीं करते। वे इसे गरिमा के ख़िलाफ़ मानते हैं और जापानी लोग अपनी गरिमा को बहुत महत्व देते हैं।

मेरे सामने बैठे व्यक्ति ने पूछा, और कुछ? मैंने कहा, हाँ - डस्टबिन। जापान में डस्टबिन बहुत कम मिलते हैं। इस मामले में भारत और जापान एक जैसे हैं। लेकिन कारण बिल्कुल अलग हैं। वहाँ लोग कभी कूड़ा फैलाते ही नहीं-कभी नहीं। अगर उन्हें कुछ फेंकना होता है तो वो उसे अपनी जेब में रखकर घर ले जाकर अपने डस्टबिन में डालते हैं। यहाँ हम क्या करते हैं? हम तो डस्टबिन ही चुरा लेते हैं इसलिए यहाँ डस्टबिन हैं ही नहीं। इसलिए भारत-जापान भाई-भाई! ■

A Record Year of Generosity:
Rotary Members Make History

The Rotary Foundation

In 2024-25, Rotary members around the world came together to make history — raising more than US$569 million to support life-changing service projects. This remarkable achievement reflects the power of collective action and the deep commitment of our global community.

2025 by 2025 Endowment Goal Achieved

Through the successful completion of our 2025 by 2025 Endowment campaign, we set out to raise US$2.025 billion and surpassed that goal with an incredible **US$2.050 billion**. This achievement secures Rotary's ability to keep Doing Good in the World for generations to come.



GOAL US$2.025 BILLION
TOTAL US$2.050 BILLION

Your Gifts Making an Impact

Thanks to the generosity of supporters around the world, The Rotary Foundation awarded over

1,424	468	74
GLOBAL GRANTS	DISTRICT GRANTS	DISASTER RESPONSE GRANTS

> "Your gifts, commitments, and dedication matter not just today, not just this year, but for future generations of Rotary members to come. This is why the goal of reaching 2025 by 2025 was set, not just as a number, but to deliver on the promise of Rotary for our communities."
>
> — Mark Daniel Maloney
> 2024-25 Rotary Foundation Trustee Chair, at the Rotary International Convention

Better Together

- Renewed our agreement with the **Gates Foundation**, recommitting to the fight to end polio
- Awarded the **Programs of Scale grant** to an initiative that works to build peace in Colombia
- Partnered with Symbiosis International University to create a **Rotary Peace Center in India**

Posted at Egmore RMS Patrika Channel. Date of posting: 6–12 every month. Regd with RNI TNHIN/2001/05271. Rotary Samachar Published 1st week of every month.
Registered No. TN/CCN/359/2024-2026 | Total number of pages in this monthly issue, including cover, 84. Price: ₹40
Licensed to post WPP No.TN/PMG(CCR)/WPP 421/24-26